
YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-237 ❐ सोमवार, 28 सितम्बर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



आतंकवाद का लगातार सहारा लेने वाले देश की ओर से आतंकवाद को सामान्य बताने और उसके परिणामों से बचने का दावा करने वाले तर्क स्वीकार नहीं किए जाएंगे। एस. जयशंकर

देश को मिली पहली एलएनजी ट्रेन की सौगात 11

विकसित भारत-2047 के निर्माण में आर्किटेक्ट्स की अहम भूमिका : संधू 12

## संक्षेप

### यूपीआई-एमडीआर पर आज सुनवाई करेगी शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** शीर्ष अदालत सोमवार को यूपीआई-एमडीआर मामले पर सुनवाई करेगी। याचिका में केंद्र सरकार के 2000 रुपये से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगाने को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट की 28 सितंबर की कार्यसूची के अनुसार, सीजेआई सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची व वी. मोहना की पीठ सुनवाई करेगी। अधिवक्ता अंजन दत्ता की ओर से यह याचिका दायर की गई है। इसमें 15 अक्तूबर से लागू होने जा रहे एमडीआर को चुनौती दी गई है। याचिका के अनुसार, यह शुल्क बिना किसी उचित कानूनी सुरक्षा, पारदर्शिता या सार्वजनिक परामर्श के लागू किया गया है। इसमें 'पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम्स एक्ट, 2007' की संशोधित धारा 10-ए की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। आरोप है कि यह धारा कार्यपालिका को बिना किसी स्पष्ट गाइडलाइन के यह तय करने की शक्ति देती है कि किन इलेक्ट्रॉनिक भुगतान तरीकों को बिना शुल्क वाली सुरक्षा मिलेगी।याचिका में यूपीआई लेनदेन और रुपे डेबिट कार्ड भुगतान के बीच अंतर पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने बताया है कि केंद्र सरकार की अधिसूचना में रुपे डेबिट कार्ड के लिए बिना किसी मौद्रिक सीमा के 'नो-चार्ज प्रोटेक्शन' जारी रखा गया है। इस मामले में केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सहित को भी पक्षकार बनाया गया है।

### युद्ध के बदलते स्वरूप के अनुसार हमें भी बदलना होगा : सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने रविवार को कहा कि वैश्विक युद्धों के लगातार बदलते स्वरूप के अनुसार ही हमें भी परिवर्तन करने होंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का अर्थ सिर्फ देश में हथियार और सैन्य उपकरण बनाना नहीं है। भारत के पास ऐसी क्षमता होनी चाहिए, जिससे वह लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में अपनी ताकत बनाए रखे। सेना प्रमुख राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक रक्षा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। 'बदलते युद्ध के दौर में आत्मनिर्भरता' विषय पर बोलते हुए थल सेनाध्यक्ष ने कहा कि पिछली सदी के युद्धों की एक स्पष्ट समाप्ति होती थी। 1971 में पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण की तस्वीर ऐसा ही एक क्षण थी, जब साफ था कि युद्ध समाप्त हो गया है। लेकिन आज संघर्ष लंबे समय तक चलते हैं और बीच-बीच में भीषण लड़ाई होती रहती है। उन्होंने कहा कि तकनीक लड़ाइयों की अवधि कम कर सकती है, लेकिन जरूरी नहीं कि वह युद्धों की अवधि भी कम करे। ये रुक-रुक कर होने वाले युद्ध हैं।उन्होंने कहा कि सैन्य क्षमता को तैयार करने, विकसित करने, परखने और सेना में शामिल करने में कई वर्ष लगते हैं, जबकि तकनीक बहुत कम समय में बदल जाती है। इसलिए चुनौती केवल स्वदेशी हथियार बनाना नहीं, यह सुनिश्चित करना है कि सेना में शामिल होने तक वह तकनीक उपयोगी और आधुनिक बनी रहे।

# लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की साजिश कर रही कांग्रेस : योगी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❐ कांग्रेस व सहयोगी दल संवैधानिक संस्थाओं और जनता जनार्दन से माफी मांगें: योगी
- ❐ एसआईआर को लेकर भ्रम फैला रहे कांग्रेस व उसके साथी विपक्षी दल: सीएम
- ❐ भ्रष्टाचार, आर्थिक कदाचार, कुनीति, अराजकतापूर्ण कार्यों के कारण सपा, कांग्रेस, राजद को खारिज करती है जनता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस समेत सभी विपक्षी दलों द्वारा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को लेकर उठाए गए सवाल पर करारा पलटवार किया है। अपने सरकारी आवास पर रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह लोग भारत की संवैधानिक संस्थाओं को नुकसान पहुंचाने, राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने की हर साजिश का हिस्सा रहे हैं। कांग्रेस व सपा और उनके सहयोगी दलों को संवैधानिक संस्थाओं के साथ ही देश की जनता जनार्दन से माफी मांगनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश का मुख्य विपक्षी दल व यूपीए गठबंधन से जुड़े अन्य दलों की हरकतें-बयानबाजी गैरजिम्मेदाराना हैं व लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाने जैसी हैं। इन्होंने एसआईआर को लेकर भ्रम फैलाया है। एसआईआर पहली बार नहीं हुआ है। देश में इससे पहले वर्ष 1952, 1957, 1961, 1965-66, 2003 समेत अनेक बार एसआईआर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार की एसआईआर की कार्रवाई को लेकर कांग्रेस, सपा, राजद समेत अन्य दलों ने जो हायतौबा मचाई है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। देश में सर्वाधिक समय तक शासन करने वाली कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर रही है। उन्होंने तंज किया कि सपा, कांग्रेस, राजद आदि विपक्षी दल यदि चुनाव जीतें तो इनका पुरुषार्थ है परंतु भ्रष्टाचार, आर्थिक कदाचार, कुनीति, अराजकतापूर्ण कार्यों के कारण यदि जनता इन्हें खारिज करे तो इसके लिए चुनाव आयोग और ईवीएम दोषी है। इन दलों को अपने बचकाने बयानों को लेकर चिंतन व आत्मावलोकन करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन लोगों द्वारा हर संवैधानिक संस्था को लगातार कटघरे में खड़ा किया जाता है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कैंब्रिज में भारत की न्यायपालिका की निष्पक्षता पर प्रश्न खड़ा किया था। 2019 में कैग ने राफ़ेल के मुद्दे पर रिपोर्ट दी थी, इस पर भी कांग्रेस ने सवाल खड़े किए थे। ईवीएम से हुए चुनाव में केंद्र व कई राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी, उस ईवीएम को ब्लैक बॉक्स कहकर भारत की चुनाव प्रणाली व दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करना दुर्भाग्यपूर्ण है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि इनका संवैधानिक व लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास नहीं है। 25 जून 1975 को कांग्रेस ने जब देश के संविधान का गला घोंटने का पाप किया था, तब उनके नेतृत्व की सरकारों ने विपक्षी दलों की चुनी गई तमाम सरकारों को अनैतिक तरीके से गिराने का पाप किया था। अपनी भ्रष्ट कार्यप्रणाली, आर्थिक कदाचार के कारण देश की आंतरिक-वाह्य सुरक्षा के साथ लगातार खिलवाड़ किया। बालाकोट की एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के बहादुर जवानों के शौर्य-पराक्रम पर इनके द्वारा सवाल खड़ा करना देशभक्ति नहीं है। वर्तमान में ऐसी ही गैरजिम्मेदाराना हरकतें कांग्रेस व उनके सहयोगी दल कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि एसआईआर के बारे में पहले से ही निर्देश दिए गए थे कि छूटे हुए मतदाताओं को फॉर्म भरने की पूरी छूट है। फॉर्म-6 को लेकर उच्चतम न्यायालय ने चुनाव आयोग की कार्रवाई को उचित ठहराया, फिर भी चुनाव आयोग, मुख्य निर्वाचन आयुक्त व हर संवैधानिक संस्थाओं को कटघरे में खड़ा करके भारत की बदनामी कराना और सबसे बड़े लोकतंत्र को कमजोर करने की चेष्टा करने वाली कांग्रेस व उनके सहयोगी दलों का यह कृत्य अत्यंत हैरान करने वाला है। कांग्रेस अपनी गैरजिम्मेदाराना हरकतों को नियंत्रित करे। लोकतंत्र में हिंसा, तोड़फोड़ व दुष्प्रचार के लिए कोई जगह नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीनों चुनाव आयुक्त ने मीडिया के सामने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली, छूटे मतदाताओं व फॉर्म-6 को लेकर स्थिति स्पष्ट की है। अब कोई प्रश्न खड़े नहीं होते, लेकिन कांग्रेस, सपा व सहयोगी दलों द्वारा बाल की खाल उधेड़ने जैसी स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। लोकतांत्रिक मूल्यों व संस्थाओं को कमजोर करने की साजिश हो रही है। भारत ने हर वयस्क मतदाता को पहले दिन से जाति, क्षेत्र, भाषा, लिंग समेत बिना भेदभाव मतदान करने की स्वतंत्रता और चुनाव के एक दिन पहले तक मतदाता सूची में नाम बढ़ाने का अधिकार दिया है। पूरी पारदर्शी प्रक्रिया पर प्रश्नचिह्न उठाना लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने जैसा है। कांग्रेस व सहयोगी दलों को अपने कृत्य के लिए आमजन व देश की संवैधानिक संस्थाओं से माफी मांगनी चाहिए.

# बारिश के संकट में सरकार का संवेदनशील रुख

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❐ योगी सरकार की तत्परता से अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों में राहत-बचाव तेज, जिलों में फील्ड पर उतरा प्रशासन
- ❐ प्रभावित परिवारों को समय पर सहायता देने के निर्देश
- ❐ राहत सामग्री और सहायता राशि का वितरण प्राथमिकता के आधार करें: राहत आयुक्त
- ❐ प्रदेश में सामान्य से 775 प्रतिशत अधिक हुई बारिश, लोगों से आपात स्थिति में राहत आयुक्त कार्यालय की हेल्पलाइन 1070 पर संपर्क करने की अपील

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में जारी भारी बारिश और प्रतिकूल मौसम के बीच योगी सरकार ने राहत एवं बचाव कार्यों को तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में लगातार निगरानी कर रहा है। राहत आयुक्त डॉ. हृषिकेश भास्कर यशोद ने रविवार को प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों और अपर जिलाधिकारियों से संवाद कर राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराने और राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। आपातकालीन सहायता के लिए राहत आयुक्त कार्यालय की हेल्पलाइन 1070 पर संपर्क करने की भी अपील की गई है।

राहत आयुक्त के अनुसार 25 सितंबर से 27 सितंबर की सुबह तक प्रदेश में 66.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जबकि इस अवधि में सामान्य वर्षा 7.6 मिलीमीटर है। इस तरह प्रदेश में सामान्य से 775 प्रतिशत अधिक बारिश हुई। प्रदेश के 75 जिलों में से 56 जिलों में अत्यधिक वर्षा दर्ज की गई। फर्रुखाबाद में सामान्य से 7,385 प्रतिशत, कन्नौज में 5,664 प्रतिशत, शाहजहांपुर में 4,408 प्रतिशत, हमीरपुर में 4,240 प्रतिशत और महोबा में 4,100 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई। अतिवृष्टि और आंधी-तूफान से प्रदेश में 1021 मकानों के क्षतिग्रस्त होने की सूचना प्राप्त हुई है। मकान क्षति के मामलों में हरदोई में 272, सीतापुर में 108, चंदौली में 75, औरैया में 60, गोंडा में 54, हमीरपुर में 51, शाहजहांपुर में 47 और बहराइच में 44 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। इस संबंध में प्रशासन मदद उपलब्ध कराने में जुट गया है। अधिकारियों को फसल क्षति का तत्काल सर्वेक्षण और आकलन कर नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। क्षतिग्रस्त मकानों के मामलों में आवश्यकता के अनुसार वैकल्पिक आवास की व्यवस्था व पात्र परिवारों को आवास योजनाओं का लाभ दिलाने को भी कहा गया है। राहत आयुक्त ने जिलाधिकारियों, अपर जिलाधिकारियों और आपदा विशेषज्ञों को फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। राहत सामग्री और ● शेष पेज 11 पर

# प्रदेश के चार लिंक एक्सप्रेसवे का शिलान्यास अगले महीने

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❐ पूर्वांचल, फर्रुखाबाद, झांसी और जेवर लिंक एक्सप्रेस के लिए भूमि अधिग्रहण पूरा
- ❐ 30 सितंबर तक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो जाएगी, एक से 15 अक्तूबर के बीच शिलान्यास
- ❐ लिंक एक्सप्रेस वे बन जाने से लगभग सभी एक्सप्रेसवे आपस में कनेक्ट हो जाएंगे

लखनऊ। प्रदेश में प्रस्तावित चार लिंक एक्सप्रेसवे का शिलान्यास अगले महीने कराने की तैयारी की जा रही है। भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। यूपीडा ने तो इसी महीने भूमि पूजन की तैयारी की थी लेकिन खराब मौसम और अन्य तकनीकी दिक्कतों के कारण यह कार्यक्रम नहीं हो सका। माना जा रहा है कि नवरात्र में यह कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं।

यूपीडा ने फर्रुखाबाद लिंक एक्सप्रेसवे, पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे, झांसी लिंक एक्सप्रेसवे, जेवर लिंक एक्सप्रेसवे भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया पूरी कर ली है। गंगा लिंक एक्सप्रेसवे से फर्रुखाबाद होते हुए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे को कनेक्ट किया जा रहा है। करीब 90 किमी कॉरिडोर इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, फर्रुखाबाद, हरदोई होते हुए शाहजहांपुर में गंगा एक्सप्रेसवे को कनेक्ट करेगा। इस एक्सप्रेसवे के निर्माण में छह जिलों की 1339.04 हेक्टेयर भूमि का इस्तेमाल होगा। सभी जिलों ने अलग-अलग करीब 95 प्रतिशत भूमि अधिग्रहण पूरा कर लिया है। इसका शिलान्यास इसी महीने प्रस्तावित किया गया था। पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेसवे आगरा-लखनऊ और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ेगा। करीब 50 किमी. लंबे कॉरिडोर में 643.60 हेक्टेयर भूमि इस्तेमाल होनी है। केवल लखनऊ जिला प्रशासन को ● शेष पेज 11 पर

## पीडब्ल्यूडी मंत्री पर युवक को थप्पड़ मारने का आरोप, कथित वीडियो वायरल

नई दिल्ली। तिलक नगर में रविवार को सड़क के निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह का एक युवक को थप्पड़ मारने का आरोप है। कथित तौर पर इससे संबंधित वीडियो वायरल होने पर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने दिल्ली सरकार को घेरा है।

आआपा के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरिवंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर संबंधित वीडियो जारी करते हुए इस घटना को गुंडागर्दी बताते हुए कहा कि सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार दिखाने पर मंत्री ने युवक को सरेआम थप्पड़ मारा। उन्होंने कहा कि वह कल तिलक नगर जाकर इस सड़क का मुआयना करेंगे। पीड़ित युवक ने कहा कि वह विधायक जरनैल सिंह के लिए सोशल मीडिया गतिविधियां संभालता है। पीडब्ल्यूडी विभाग की तरफ से उसे एक सड़क की हालत दिखाने के लिए बुलाया गया था इसलिए वह यहां आया। युवक का दावा है कि उसने दिखाया कि सड़क की सतह कैसे टूट रही थी। युवक का आरोप है कि ● शेष पेज 11 पर

# 15 अक्तूबर से मिठाई के उपयोग की अंतिम तिथि दिखाना अनिवार्य

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- ❐ खुली मिठाई की गुणवत्ता और ताजगी को लेकर यूपी में खाद्य सुरक्षा विभाग का बड़ा उपभोक्ता हितैषी कदम
- ❐ मिठाई विक्रेताओं को बिक्री स्थल पर प्रदर्शित करनी होगी उपयोग की अंतिम तिथि
- ❐ मिठाई कारोबार में बढ़ेगी पारदर्शिता, ग्राहक को मिलेगी जरूरी जानकारी



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मिठाई खरीदने वाले उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और हितों को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने महत्वपूर्ण व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया है। अब राज्य में 15 अक्तूबर 2026 से विक्रय के लिए प्रदर्शित एवं भंडारित मिठाइयों पर 'यूज बाई डेट' यानी उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा। यह व्यवस्था विशेष रूप से खुली मिठाइयों को लेकर महत्वपूर्ण है, जिनके संबंध में अब तक उपयोग की अंतिम तिथि प्रदर्शित करने का कोई अनिवार्य प्रावधान नहीं था।

विभाग के अनुसार, विगत कुछ समय में मिठाई निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों में की गई प्रवर्तन और निरीक्षण कार्यवाहियों के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि अनेक स्थानों पर उपभोक्ताओं को मिठाई के निर्माण की तारीख और उसके अवसान की तारीख के संबंध में स्पष्ट जानकारी उपलब्ध नहीं कराई जाती है। ऐसे में उपभोक्ता मिठाई खरीदते समय उसकी ताजगी और उपयोग की अवधि के बारे में सही निर्णय नहीं ले पाता। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की आयुक्त डॉ रोशन जैकब द्वारा जारी ● शेष पेज 11 पर

### दूध प्रसंस्करण में एथिलीन ग्लाइकोल के इस्तेमाल पर रोक

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दुग्ध एवं दुग्ध उत्पादों की प्रसंस्करण इकाइयों में एथिलीन ग्लाइकोल और डाई एथिलीन ग्लाइकोल के प्रयोग पर रोक लगा दी गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने उपभोक्ता हित एवं व्यापक जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किया है। विभाग की प्रवर्तन एवं निरीक्षण कार्यवाहियों के दौरान सामने आया कि कुछ दुग्ध प्रसंस्करण प्रतिष्ठानों में पाश्च्युरीकरण, प्रशीतन आदि प्रक्रियाओं में एथिलीन ग्लाइकोल अथवा डाई एथिलीन ग्लाइकोल का इस्तेमाल कूलेंट के रूप में किया जा रहा है। विभाग के अनुसार, ये रसायन खाद्य पदार्थ में मिल जाने की स्थिति में स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकते हैं। प्रसंस्करण उपकरणों में लीकेज होने पर इनके दूध में मिल जाने की आशंका को देखते हुए इनके इस्तेमाल पर रोक लगाई गई है।

# अमेरिका के किसी भी हमले से निपटने को तैयार : ईरान

एजेंसी

- ❐ होर्मुज पर शर्तों से पीछे नहीं हटेगा ईरान



दुबई/तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और क्षेत्र में लड़ाई समाप्त करने के प्रस्ताव को खारिज किए जाने के बाद तेहरान ने अपने रुख में बदलाव से इनकार कर दिया है। ईरान ने कहा है कि वह किसी भी संभावित अमेरिकी हमले का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है और होर्मुज को फिर से खोलने का फैसला उसकी निर्धारित शर्तें पूरी होने के बाद ही होगा।

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, सेना के प्रवक्ता मोहम्मद अकरमिनिया ने कहा कि ईरानी सशस्त्र बल किसी भी नए टकराव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका ने दोबारा हमला किया तो उसे पहले से अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। ईरानी सेना के कमांडर-इन-चीफ अमीर हातमी ने भी कहा कि युद्ध एक महत्वपूर्ण और निर्णायक चरण में पहुंच चुका है। उनके मुताबिक ईरान ऐसी स्थिति स्वीकार नहीं करेगा, जिसमें वह स्वयं व्यापार करने में असमर्थ हो और विदेशी शक्तियां क्षेत्र के रणनीतिक जलमार्गों का इस्तेमाल करती रहें।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि होर्मुज को फिर से खोलने को लेकर तेहरान की शर्तें स्पष्ट हैं और इनमें कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जलडमरूमध्य को खोलने की दिशा में कोई भी कदम तभी उठाया जाएगा, जब ईरान की शर्तें पूरी हों। साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान ने कूटनीति और संवाद के दरवाजे बंद नहीं ● शेष पेज 11 पर

# सर्जिकल स्ट्राइक आतंकवाद के खिलाफ नई नीति का उदाहरण था


एजेंसी

## मन की बात: आम लोगों से जनगणना में भागीदारी की अपील

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में जनगणना में लोगों की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह प्रत्येक नागरिक की राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराते हुए कहा कि साल 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक आतंकवाद के खिलाफ भारत के निर्णायक रुख का प्रतीक थी और आज का भारत आतंकवाद का करारा जवाब देने की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम के 138वें संस्करण में कहा कि देश में जनगणना का पहला चरण लगभग पूरा हो चुका है और 32 करोड़ से अधिक परिवारों का डेटा दर्ज किया जा चुका है। लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड के दूरदराज तथा बर्फीले इलाकों में भी जनगणना का काम जारी है। उन्होंने उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा गांव का जिक्र करते हुए कहा कि वहां 83 वर्षीय पूर्णिमा रावत से जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हुई, जबकि उत्तरकाशी के बगोरी गांव में होम-स्टे संचालक हरदेव सिंह राणा ने डिजिटल माध्यम से स्वयं अपना विवरण दर्ज किया।

प्रधानमंत्री ने लोगों को जनगणना के लिए उपलब्ध स्व-पंजीकरण सुविधा का उपयोग करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने मोबाइल फोन से जनगणना पोर्टल पर जाकर अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकते हैं। यह सुविधा हिंदी सहित 16 भाषाओं में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि अब तक 2 करोड़ 60 लाख से अधिक लोग स्वयं अपना विवरण दर्ज कर चुके हैं। यह प्रक्रिया केवल 15 से 20 मिनट में पूरी की जा सकती है और इसके लिए किसी दस्तावेज को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है। विवरण जमा करने के बाद एक विशेष पहचान संख्या जारी की जाती है, जिसे गणनाकर्मी के साथ साझा किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सटीक जनगणना किसी भी देश के भविष्य की सही तस्वीर तैयार करने का आधार होती



है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे राष्ट्रहित में इसमें सक्रिय भागीदारी करें। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने 28-29 सितंबर 2016 को हुई सर्जिकल स्ट्राइक की दसवीं वर्षगांठ का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने नियंत्रण रेखा पार कर पाकिस्तान में स्थित आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई की थी और पूरी दुनिया भारतीय जवानों की इस कार्रवाई को देखकर हैरान रह गई थी। सर्जिकल स्ट्राइक ने दुनिया के सामने भारत की आतंकवाद विरोधी नीति का नया उदाहरण प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवादी हमलों के कारण भारत ने लंबे समय तक पीड़ा झेली है। एक समय ऐसा था जब देश में श्रृंखलाबद्ध बम विस्फोट आम बात बन गए थे। उन्होंने 13 सितंबर 2008 के दिल्ली सिलसिलेवार बम धमाकों और उसके कुछ सप्ताह बाद हुए 26 नवंबर, 2008 के मुंबई आतंकी हमले को याद करते हुए कहा कि उस दौर में आतंकवादी घटनाओं के बाद कार्रवाई की मांग तो उठती थी लेकिन अक्सर केवल समय बीतने का इंतजार किया जाता था। पिछले एक दशक में सर्जिकल स्ट्राइक से लेकर बालाकोट हवाई कार्रवाई और ऑपरेशन सिंदूर तक भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि यदि आतंकवादी भारत की ओर बुरी नजर डालेंगे तो उन्हें करारा जवाब मिलेगा। आज का भारत आतंकवाद के खिलाफ पूरी तरह जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रहा है और इसके परिणाम भी दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अमेरिका में 11 सितंबर 2001 को हुए आतंकवादी हमले की 25वीं वर्षगांठ का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हुए हमले में अमेरिकियों के बाद सबसे अधिक भारतीय नागरिकों की जान गई थी।

प्रधानमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सिंघल की 100वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल ने समाज में रहते हुए तपस्वी की तरह जीवन जीया। राम जन्मभूमि आंदोलन को जो दिशा और ऊर्जा उन्होंने दी, उसका परिणाम आज अयोध्या में भव्य राममंदिर के रूप में दिखाई देता है। संपन्न परिवार से होने और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने के बावजूद अशोक सिंघल ने अपना पूरा जीवन समाज और संस्कृति के लिए समर्पित कर दिया। प्रधानमंत्री ने 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 1026 में महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को ध्वस्त किया था लेकिन भारत की पहचान और आस्था को मिटाया नहीं ● शेष पेज 11 पर

# एसआईआर पर राहुल गांधी, अखिलेश दुष्प्रचार बंद कर देश से माफी मांगें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- पीडीए का कोई भविष्य नहीं, भाजपा ही वास्तविक अर्थों में समाज के हर वर्ग की सेवा कर रही है
- अशोक सिंघल जी के योगदान से रामभक्ति और राष्ट्रवाद की चेतना हुई प्रबल, भव्य राम मंदिर स्वप्न हुआ साकार : केशव

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को पत्रकारों से बात करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को लेकर विपक्षी दलों द्वारा की जा रही बयानबाजी पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट कर दिया है कि एसआईआर से संबंधित निर्णय मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दोनों निर्वाचन आयुक्तों की सर्वसम्मति से लिए गए हैं। ऐसे में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी सहित विपक्ष के नेताओं द्वारा इस विषय पर की गई बयानबाजी के लिए उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए और दुष्प्रचार की राजनीति बंद करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने भी हाल में स्पष्ट किया है कि एआईआर से संबंधित निर्णयों को आयोग के सभी सदस्यों की सर्वसम्मत स्वीकृति प्राप्त थी। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की जनता को भ्रमित करने की राजनीति अधिक समय तक नहीं चल सकती। एक गांव में एक व्यक्ति रहता था, जो बिना भेड़िया आए बार-बार चिल्लाता था–'भेड़िया आया, भेड़िया आया।' जब वास्तव में भेड़िया आया तो उसकी मदद के लिए कोई नहीं पहुंचा। विपक्ष के नेताओं की स्थिति भी कुछ ऐसी ही हो गई है। झूठ इतना ही बोलना चाहिए जितना जनता के बीच चल सके, लेकिन विपक्ष के लोग सत्ता वियोग में झूठ बोलने की ऑटोमैटिक मशीन बन चुके हैं। कहा कि जनता अब दुष्प्रचार और झूठ की राजनीति को समझ चुकी है। पीडीए का कोई भविष्य नहीं है। भाजपा ही वास्तविक अर्थों में समाज के हर वर्ग, गरीब, किसान, नौजवान, महिला और वंचित समाज की सेवा कर रही है और आगे भी करती रहेगी। श्री मौर्य ने कहा कि आज परम पूज्य अशोक सिंघल की जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ हो रहा है।

उन्होंने अशोक सिंघल को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए कहा कि वे श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के प्रमुख नेताओं में रहे और उन्होंने रामभक्तों तथा हिंदू समाज को जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि अशोक सिंघल के योगदान और रामभक्तों के लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप आज श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण हुआ है। उन्होंने हिंदू समाज में जागरण, राष्ट्रभाव और श्रीराम भक्ति की चेतना को व्यापक रूप से आगे बढ़ाने का कार्य किया। श्री मौर्य ने कहा कि आज उनकी जन्म शताब्दी के अवसर पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके योगदान का स्मरण करना हम सभी के लिए गौरव का विषय है।

# बारिश के बीच जलभराव वाले इलाकों में पहुंचे ए.के. शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- लखनऊ में जल निकासी व्यवस्था का लिया जायजा, अंडरपास और निचले इलाकों के स्थायी समाधान के दिए निर्देश



लखनऊ। राजधानी में लगातार हो रही बारिश के बीच नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को विभिन्न क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण कर जलभराव और जल निकासी की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने जनेश्वर मिश्र पार्क, अंबेडकर मेमोरियल पार्क के पास अंडर ब्रिज, इंदिरा नगर के सी ब्लॉक, रहीम नगर और महानगर सहित कई क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मंत्री ने अधिकारियों को बारिश के दौरान अलर्ट मोड पर रहने और जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

मंत्री ने जनेश्वर मिश्र पार्क तथा अंबेडकर मेमोरियल पार्क के पास स्थित अंडर ब्रिज का निरीक्षण किया। उन्होंने बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति देखी। अंडर ब्रिज में पानी जमा नहीं होने पर उन्होंने संतोष जताया। उन्होंने नगर आयुक्त गौरव कुमार को निर्देश दिए कि राजधानी के सभी अंडरपास और अंडर ब्रिज को चिन्हित कर उनकी जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा की जाए। साथ ही भविष्य में जलभराव की समस्या से बचने के लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

इसके बाद ए.के. शर्मा इंदिरा नगर के सी ब्लॉक पहुंचे और नाले तथा जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने स्थानीय लोगों से बातचीत कर बारिश के दौरान जलभराव की स्थिति की जानकारी ली। क्षेत्रवासियों ने बताया कि नाला बनने के बाद इस वर्ष बारिश के दौरान जलभराव की समस्या नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने बेहतर जल निकासी व्यवस्था के लिए मंत्री का आभार जताया। मंत्री ने रहीम नगर और महानगर क्षेत्र में भी नालों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को जल निकासी व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान अधिकारी लगातार संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी करें। जहां जलभराव हो, वहां तत्काल पंपिंग, सफाई और जल निकासी के आवश्यक उपाय किए जाएं। ए.के. शर्मा ने नगर आयुक्त को राजधानी के सभी निचले इलाकों को चिन्हित करने और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल बारिश के दौरान पानी निकालने की व्यवस्था करना पर्याप्त नहीं है। जलभराव वाले क्षेत्रों में नालों की क्षमता, जल निकासी मार्ग, पंपिंग व्यवस्था और अन्य तकनीकी उपायों की भी समीक्षा की जाए। मंत्री ने कहा कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम और संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल टीम और संसाधन उपलब्ध कराए जाएं। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने कहा कि पिछले 20 वर्षों के रिकॉर्ड में दर्ज बारिश के बावजूद लगातार दो-तीन दिन हुई बारिश के बाद इस वर्ष राजधानी में गंभीर जलभराव की स्थिति नहीं बनी है। उन्होंने कहा कि जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पिछले वर्षों में किए गए कार्यों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में फैजुल्लागंज, विधानसभा और सिविल हॉस्पिटल के आसपास बारिश के दौरान जलभराव की समस्या सामने आती थी।

## राजकीय आईटीआई लखनऊ में 30 सितंबर को टाटा मोटर्स और हेला इंडिया का अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट ड्राइव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलीगंज स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में 30 सितंबर को युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से टाटा मोटर्स लिमिटेड तथा हेला इंडिया ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड की ओर से अप्रेंटिसशिप ड्राइव एवं मेगा कैंपस प्लेसमेंट अभियान आयोजित किया जाएगा। दोनों कंपनियों के लिए चयन प्रक्रिया 30 सितंबर को प्रातः 10 बजे से राजकीय आईटीआई अलीगंज परिसर में होगी। टाटा मोटर्स लिमिटेड की ओर से आईटीआई उत्तीर्ण युवाओं के लिए अप्रेंटिसशिप का अवसर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके लिए अभ्यर्थी की आयु जॉइनिंग की तिथि तक 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी का 10वीं की परीक्षा नियमित रूप से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना तथा एससीवीटी/एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त आईटीआई/एनटीसी में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। अप्रेंटिसशिप के लिए इलेक्ट्रिशियन, फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, टर्नर, वेल्डर, डीजल मैकेनिक, सीओपीए/पासा, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, वायरमैन, मशीनिस्ट, ड्राफ्ट्समैन, ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरिंग आदि ट्रेड के अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 13,870 रुपये प्रतिमाह स्टाइपेंड के साथ निःशुल्क कैंटीन, 10 किलोमीटर तक परिवहन सुविधा, दो सेट यूनिफॉर्म, सेफ्टी शूज एवं पीपीई उपलब्ध कराए जाएंगे। चयन प्रक्रिया में प्रोफाइल स्क्रीनिंग, इंटरव्यू, मेडिकल टेस्ट एवं दस्तावेज सत्यापन के बाद जॉइनिंग की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी पात्र नहीं होंगे जो पूर्व में टाटा मोटर्स लखनऊ में कार्यरत रहे हों, पिछले 90 दिनों में चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग कर चुके हों अथवा संगठन से अप्रेंटिसशिप कर चुके हों। हेला इंडिया ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड द्वारा गुड़गांव, हरियाणा स्थित प्लांट के लिए डीएटी पद (मैन्युफैक्चरिंग) पर मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित किया जाएगा। इसमें मैकेनिक, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग में डिप्लोमा अथवा बीएससी उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इसके लिए वर्ष 2020 से 2025 तक के पासआउट अभ्यर्थी पात्र होंगे। अभ्यर्थी के न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 28 वर्ष निर्धारित है तथा पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी इसमें प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को 17,000 से 19,000 रुपये प्रतिमाह इन-हैंड वेतन मिलेगा।

# खुलेआम बिक रही प्रतिबंधित मछलियां, मंदिर के बगल में गंदगी से लोग परेशान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। लेडियारी बाजार में सड़कों पर खुलेआम छोटी-बड़ी मछलियों के साथ प्रतिबंधित मछलियां भी काटी और बेची जा रही हैं। सड़क पर ही मछली काटने से खून, कांटा और कचरा फैला रहता है, जिससे तेज दुर्गंध उठ रही है और आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल हो गया है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि मत्स्य इंस्पेक्टर की मिलीभगत से यह पूरा कारोबार सड़क पर चल रहा है। जिस स्थान पर मछली लगाई जाती है, उसके बगल में ही मंदिर है, जिससे श्रद्धालुओं को भी भारी परेशानी होती है। लेडियारी गांव निवासी व पूर्व बार एसोसिएशन कोरांव के कोषाध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र अधिवक्ता ने बताया कि वह पिछले 1 वर्ष से लगातार शिकायत कर रहे हैं। तहसील समाधान दिवस में अब तक 4 बार शिकायती पत्र दे चुके हैं, पूर्व में स्थानीय पुलिस से भी शिकायत की थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं मत्स्य इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र और वीडियो मिला है, जल्द ही मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# पितृपक्ष और रामलीला को लेकर नगर निगम अलर्ट

- पिशाच मोचन और रामनगर में सफाई, पेयजल, मोबाइल टॉयलेट व प्रकाश व्यवस्था के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




वाराणसी। पितृपक्ष में पिशाच मोचन कुंड पर होने वाले श्राद्ध-पिंडदान और रामनगर की विश्व प्रसिद्ध रामलीला में जुटने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। धार्मिक आयोजनों के दौरान काशी आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद किया जा रहा है।

इसी क्रम में रविवार को नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने पिशाच मोचन और रामनगर रामलीला मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को भीड़ के मद्देनजर सफाई, सीवर, पेयजल, प्रकाश और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। पितृपक्ष के दौरान पिशाच मोचन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने को देखते हुए नगर आयुक्त ने क्षेत्र में उत्कृष्ट सफाई व्यवस्था बनाए रखने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि क्षेत्र में सीवर ओवरफ्लो की समस्या नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिलने पर तत्काल टीम भेजकर उसका निस्तारण कराया जाए।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पिशाच मोचन और रामनगर मेला परिसर में आवश्यकता के अनुसार विभिन्न स्थानों पर मोबाइल टॉयलेट लगाए जाएंगे। इनकी नियमित सफाई सुनिश्चित करने के साथ पर्याप्त संख्या में पेयजल टैंकर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। नगर आयुक्त ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के सुगम आवागमन के लिए पूरे क्षेत्र में बेहतर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन के दौरान नगर निगम की सभी सेवाएं लगातार सक्रिय रहें। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भीड़ को देखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

# गोमती का जलस्तर बढ़ने से फैजुल्लागंज–दाऊदनगर में जलभराव

## विधायक डॉ. नीरज बोरा ने लिया जायजा, राहत–बचाव कार्य तेज, प्रभावित परिवारों के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से फैजुल्लागंज के दाऊदनगर, नई बस्ती, मामा कॉलोनी सहित नदी से सटे क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने से रविवार को लखनऊ उत्तर के विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं एसडीआरएफ की टीम के साथ प्रभावित क्षेत्रों का मौके पर पहुंचकर जायजा लिया और राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की।

इस दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार, एसडीएम सदर साहिल कुमार, अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता नजमी मुजफ्फर सहित एसडीआरएफ की टीम मौजूद रही। अधिकारियों ने क्षेत्र में जलभराव की स्थिति तथा जलनिकासी एवं राहत-बचाव के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी विधायक को दी। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने प्रभावित परिवारों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने, भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था करने तथा स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा। जलभराव की समस्या के त्वरित समाधान के लिए आवश्यक पंप एवं अन्य संसाधन तत्काल लगाने पर भी जोर दिया गया ज़ोनल अधिकारी अजीत राय ने बताया कि जलभराव से प्रभावित लोगों के लिए बचाव हेतु तीन स्थानों पर रैन बसेरों में व्यवस्था की जा रही है। इनमें इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, पलटन छावनी और उमराव हाता एवं दाउदनगर के ट्रांजिट हॉस्टल शामिल हैं।

इसके अलावा हाल ही में बनाए गए पक्के नाले पर भी अस्थायी रैन बसेरा बनाए जाने की कवायद की जा रही है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने बताया कि जलभराव प्रभावित क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इसके साथ ही कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग भी कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि ओवरब्रिज के निकट पंप लगाकर जलभराव के पानी की निकासी की जा रही है, जिससे प्रभावित क्षेत्रों में जलस्तर को कम किया जा सके। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। जलभराव प्रभावित नागरिकों को राहत पहुंचाने के लिए प्रशासन, नगर निगम और एसडीआरएफ की टीम के साथ समन्वय बनाकर आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

# सैदपुर भीतरी इलेक्ट्रिक लोको शेड का डीआरएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी । मंडल रेल प्रबंधक, वाराणसी ाशीष जैन ने वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) श्री अंकित श्रीवास्तव के साथ रविवार को इलेक्ट्रिक लोको शेड, सैदपुर भीतरी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शेड में इलेक्ट्रिक इंजनों के अनुरक्षण, तकनीकी जांच और रखरखाव से संबंधित कार्यों का विस्तृत जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के विद्युत एवं यांत्रिक उपकरणों, ब्रेक सिस्टम, बैटरी, ट्रैक्शन मोटर सहित अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों की जांच और अनुरक्षण कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने शेड में अपनाई जा रही सुरक्षा व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। डीआरएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि इलेक्ट्रिक इंजनों के अनुरक्षण कार्य में निर्धारित सुरक्षा मानकों और तकनीकी प्रक्रियाओं का पूरी तरह पालन किया जाए। उन्होंने अनुरक्षण कार्य में इस्तेमाल होने वाले उपकरणों और मशीनरी की नियमित जांच तथा उनकी कार्यशीलता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोकोमोटिव में किसी भी तकनीकी कमी की पहचान होने पर उसे निर्धारित समय-सीमा में दूर किया जाए, ताकि इंजनों की विश्वसनीयता और परिचालन सुरक्षा बनी रहे। निरीक्षण के दौरान श्री आशीष जैन ने लोको शेड स्थित विभिन्न कार्यालयों और अन्य व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने कर्मचारियों से संबंधित कार्यों और अभिलेखों की जानकारी ली। कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने, अभिलेखों को व्यवस्थित ढंग से रखने और कार्यप्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यस्थल पर सुरक्षा, स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया। साथ ही कर्मचारियों को निर्धारित सुरक्षा उपकरणों का अनिवार्य रूप से इस्तेमाल करने के निर्देश दिए। डीआरएम ने कहा कि सुरक्षित रेल संचालन के लिए लोकोमोटिव के अनुरक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अधिकारियों और कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए।

## मानकों की अनदेखी कर सीसी रोड निर्माण का आरोप

# समय से पहले उखड़ी रोड तो कौन होगा जिम्मेदार?

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम में सड़कों के निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल कोई नया मामला नहीं है। कई स्थानों पर निर्माण के कुछ समय बाद ही सड़कें क्षतिग्रस्त होने के मामले सामने आते रहे हैं। अब नगर निगम जोन-6 के गढ़ी पीर खां वार्ड के करीमगंज मोहल्ले में आरके पैलेस मैरिज लॉन के पास हाल में बनी सीसी रोड के निर्माण को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि सीसी रोड के नीचे तैयार किए जाने वाले बेस में निर्धारित मानकों का पालन करने के बजाय मिट्टी और मलबे का इस्तेमाल कर भराव किया गया। इसके बाद जेएसबी से निर्धारित प्रक्रिया और मानकों के अनुरूप बेस तैयार किए जाने के बजाय महज औपचारिकता पूरी करते हुए जेएसबी सामग्री डालकर उसके ऊपर सीसी रोड की ढलाई कर दी गई। ऐसे में निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि सड़क निर्माण में नीचे की बेस लेयर ही पूरी सड़क की मजबूती का आधार होती है। यदि बेस सही तरीके से तैयार नहीं किया गया तो ऊपर से की गई सीसी की ढलाई भी लंबे समय तक टिकने की गारंटी नहीं देती। ऐसे में सवाल उठता है कि यदि निर्माण कार्य में वास्तव में निर्धारित मानकों का पालन नहीं हुआ तो इसकी निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारी और अभियंता की भूमिका क्या रही? नगर निगम में पहले भी ऐसी सड़कें सामने आती रही हैं, जो निर्माण के कुछ समय बाद ही जगह-जगह टूटने लगती हैं या उनमें गड्ढे बन जाते हैं। ऐसे मामलों में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब ठेकेदार सड़क का निर्माण कर रहा होता है तो निर्माण सामग्री, बेस और ढलाई की गुणवत्ता की मौके पर जांच कौन करता है? और यदि जांच होती है तो मानकों पर खरा नहीं उतरने वाले निर्माण को स्वीकृति कैसे मिल जाती है? वहीं, यदि निर्माण के दौरान सभी मानकों का पालन किया गया था तो सड़क के समय से पहले क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में इसकी जिम्मेदारी किसकी तय होगी? क्योंकि खराब गुणवत्ता वाले निर्माण का सीधा असर सरकारी धन पर पड़ता है और सड़क खराब होने के बाद उसकी मरम्मत के लिए दोबारा सरकारी धन खर्च होता है। आखिरकार इसका बोझ जनता पर ही पड़ता है। करीमगंज की इस सड़क के निर्माण में इस्तेमाल सामग्री, बेस की मोटाई, जेएसबी की गुणवत्ता, सीसी की मोटाई तथा निर्माण के दौरान हुई तकनीकी जांच की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से तस्वीर साफ हो सकती है। साथ ही यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि संबंधित अवर अभियंता ने निर्माण कार्य का निरीक्षण किस स्तर पर किया और गुणवत्ता जांच में क्या पाया। अब देखने वाली बात यह है कि नगर निगम इस सड़क की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराकर आरोपों की सच्चाई सामने लाता है या फिर सड़क के समय से पहले खराब होने का इंतजार किया जाएगा।


## कार्यालय ग्राम पंचायत–रत्योरा करपिया विकास खण्ड–कोरांव, प्रयागराज

पत्रांक–मेमो/ ग्राम पंचायत–निविदा / 2026–27 दिनांक–27/09/2026

### अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त / पन्द्रहवां वित्त व मनरेगा योजना के अर्न्तगत ग्राम पंचायत–स्त्योरा करपिया के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारो से अधोलिखित विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु दिनांक 28/09/2026 से दिनांक 05/10/2026 सीलबन्द लिफाफे में 12 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 05/10/2026 को दोपहर 3 बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र 10 रू के स्टाम्प पेपर के साथ ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा कराना अनिवार्य होगा। किसी एक अथवा समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम एवं शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है। नोट– सामग्री की मात्रा स्वीकृत प्राकलन के अनुसार बढ़ घट सकती है।

| क्र. सं. | योजना का नाम | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा | ग्रा0पं0 रत्योरा करपिया में प्रधान, सचिव व पंचायत सहायक कक्ष में पी0वी0सी0 पैनलिंग, इलेक्ट्रिक व अन्य कार्य | 2.62 लाख |
| 2 | पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा | ग्रा0पं0 रत्योरा करपिया में काली रोड़ से मो0 गौस के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.20 लाख |
| 3 | पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा | ग्रा0पं0 रत्योरा करपिया में काली रोड़ से रामप्रसाद तिवारी के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य | 1.20 लाख |
| 4 | पंचम वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा | ग्रा0पं0 रत्योरा करपिया में विभिन्न स्थानों पर सीमेंट बेंच स्थापना कार्य | 1.20 लाख |

शशिकान्त कुशवाहा
ग्राम प्रधान /प्रशासक
ग्रा0प0–स्त्योरा करपिया
कोरांव प्रयागराज


मनोज कुमार कनौजिया
ग्रा0वि0अधि0
ग्रा0प0–स्त्योरा करपिया
कोरांव प्रयागराज

# अगेती धान और सब्जियां बर्बाद

## खेतों में जलभराव से ज्वार, बाजरा, तिल और सब्जियों को भारी नुकसान, रबी की बुवाई भी पिछड़ने के आसार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। लगातार हो रही बारिश ने किसानों की तैयार फसलों पर पानी फ़ेर दिया है। खेतों में कई दिनों से पानी भरा होने के कारण अगेती धान, ज्वार, बाजरा और सफ़ेद तिल के साथ सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। कई स्थानों पर खेत जलमग्न होकर तालाब में तब्दील हो गए हैं। अगेती धान की कटाई जहां शुरू हो चुकी थी, वहीं अब मौसम साफ होने का इंतजार करना पड़ रहा है।



किसानों के मुताबिक, कद्दू, तरोई और लौकी के खेतों में पानी भरने से पौधे सड़ने लगे हैं। मेथी, सोया, गाजर, मूली और हरी धनिया की फसल भी जलभराव की चपेट में आ गई है। लंबे समय तक खेतों में पानी भरे रहने से मिट्टी की स्थिति भी प्रभावित होगी, जिसका असर आगामी रबी फसल की तैयारी पर पड़ सकता है।अक्टूबर के पहले सप्ताह से रबी फसलों की बुवाई शुरू होनी थी, लेकिन खेतों में पानी भरा होने से इस बार बुवाई पिछड़ने की आशंका है। भौली के प्रगतिशील किसान रामदास यादव ने बताया कि बैंगन और टमाटर की तैयार की गई नर्सरी पूरी तरह पानी में खराब हो गई। इससे सब्जियों की समय से रोपाई करना मुश्किल होगा। अगेती मटर की बुवाई के लिए तैयार खेत भी पानी भरने से प्रभावित हो गया है।कोटवा के किसान सौरभ मौर्य ने बताया कि भारी बारिश से गोभी और ब्रोकली की नर्सरी भी नष्ट हो गई है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश ने खरीफ के साथ आगामी रबी सीजन की तैयारियों को भी प्रभावित कर दिया है।

लगातार बारिश और तेज हवाओं ने केले की खेती करने वाले किसानों की चिंता बढ़ा दी है। राजापुर, चांदपुर खानीपुर, कुंडापुर, बीबीपुर, उसरना समेत क्षेत्र के दर्जनों गांवों में बड़े पैमाने पर किसान केले की खेती करते हैं। तेज हवा के झोंकों से केले के पेड़ खेतों में गिर गए, जबकि बारिश से फसल को और नुकसान पहुंचा है। हजारों हेक्टेयर में लगी केले की फसल प्रभावित होने से किसानों को भारी आर्थिक क्षति हुई है। किसानों ने प्रशासन से प्रभावित फसलों का सर्वे कराकर मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**जलभराव वाले खेतों से पानी निकालने की व्यवस्था करें। बारिश थमने और खेतों से अतिरिक्त पानी निकलने के बाद ही अगेती धान की कटाई करें। सब्जियों की नर्सरी ऊंचे स्थान पर तैयार करें। बारिश के दौरान कीटनाशक और खरपतवार नाशक का छिड़काव बिल्कुल न करें। पछेती धान की नियमित निगरानी करते रहें। रबी फसलों की बुवाई मेड़ों पर करने और मौसम अनुकूल होने पर ही आलू की बुवाई शुरू करें।**

**डॉ.सत्येंद्र सिंह कृषि विशेषज्ञ चन्द्रभानु कृषि महाविद्यालय**

# 30 फीट गहरी बेसमेंट खुदाई के पास सड़क में दरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सीजी सिटी में प्लासियो मॉल के पीछे बन रही मल्टीलेवल पार्किंग के पास 12 मीटर चौड़ी सड़क का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होने से निर्माण कार्य और सड़क की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। करीब 6,898 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बन रही पार्किंग के लिए ट्रिपल बेसमेंट की करीब 30 फीट गहरी खुदाई चल रही है। एलडीए के अनुसार, लगातार तीन दिनों तक हुई भारी बारिश के कारण खुदाई स्थल के समीप रेतीली मिट्टी में पानी का अत्यधिक रिसाव हुआ। इसके चलते निर्माण स्थल से सटी सड़क के बीच के हिस्से में दरार आ गई। एलडीए का कहना है कि खुदाई के दौरान रिटेनिंग वॉल समेत आवश्यक सुरक्षा उपाय किए गए थे। मामले की जानकारी मिलने पर प्राधिकरण के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी और अधिशासी अभियंता अजीत कुमार ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। अधिशासी अभियंता के मुताबिक सड़क के



क्षतिग्रस्त हिस्से को पन्नी से ढककर पानी के रिसाव को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सड़क को फिलहाल सुरक्षा की दृष्टि से बंद कर दिया गया है। हालांकि, सड़क के क्षतिग्रस्त होने के बाद यह सवाल भी उठ रहा है कि करीब 30 फीट गहरी बेसमेंट खुदाई के दौरान सड़क की सुरक्षा के लिए किए गए इंतजाम कितने प्रभावी थे। यदि रिटेनिंग वॉल समेत सुरक्षा उपाय पहले से मौजूद थे तो भारी बारिश के दौरान सड़क तक पानी का रिसाव पहुंचने की स्थिति क्यों बनी, इसकी तकनीकी जांच भी महत्वपूर्ण होगी। एलडीए का कहना है कि क्षति के वास्तविक कारण और उसकी सीमा की पुष्टि तकनीकी स्थल निरीक्षण के बाद ही हो सकेगी। प्राधिकरण ने निर्माण कार्यदायी संस्था को क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और पुनर्स्थापना अपने खर्च पर कराने के निर्देश दिए हैं। संस्था ने इस पर सहमति भी जताई है। एलडीए के मुताबिक क्षतिग्रस्त सड़क पर यातायात प्रभावी रूप से संचालित नहीं होता था। सुरक्षा के मद्देनजर इसे फिलहाल बंद किया गया है। आसपास के मुख्य और वैकल्पिक मार्गों से यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है। अब देखना यह होगा कि तकनीकी जांच में सड़क टूटने का वास्तविक कारण क्या सामने आता है और क्या बेसमेंट खुदाई के दौरान सड़क की सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंध निर्धारित मानकों के अनुरूप थे।

# बहू-बेटियों को किया सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

**❐ छतौनी में मिशन शक्ति की चौपाल, घरेलू हिंसा व दहेज उत्पीड़न के खिलाफ दी जानकारी**

नगराम, लखनऊ। मिशन शक्ति अभियान के तहत रविवार को मिशन शक्ति केंद्र नगराम की पुलिस टीम ने ग्राम छतौनी में बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं, बहुओं, बेटियों और अविवाहित युवतियों को सुरक्षा व अधिकारों के प्रति जागरूक किया। पुलिस टीम ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न तथा शारीरिक-मानसिक प्रताड़ना की स्थिति में आत्महत्या जैसा कदम न उठाने और कानून की मदद लेने की अपील की। छात्राओं व अविवाहित युवतियों को जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचने तथा किसी परेशानी में पुलिस से संपर्क करने की सलाह दी गई। महिला अपराध एवं साइबर अपराध से बचाव के लिए 1090, 181, 1076, 112, 1930, 101, 102 और 108 हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पंपलेट वितरित किए गए। युवतियों से उनकी समस्याओं के बारे में संवाद कर मिशन शक्ति केंद्र के सीयूजी नंबर की जानकारी भी दी गई। इस दौरान उपनिरीक्षक अल्पा कटियार, उमा शंकर, राम हरिश, चंद्रशेखर, महिला आरक्षी स्वाति सिंह और मनीषा चाहर मौजूद रहीं।

# छात्राओं की हुई नि:शुल्क नेत्र जांच

**❐ ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित हुआ शिविर, विशेषज्ञों ने स्क्रीन टाइम संतुलित रखने और आंखों की नियमित देखभाल की दी सलाह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। मोबाइल फोन और डिजिटल स्क्रीन के बढ़ते इस्तेमाल के बीच आंखों की सुरक्षा को लेकर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में रविवार को नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। सेवा संकल्प अभियान-2026 एवं नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत रानी लक्ष्मीबाई महिला छात्रावास में आयोजित शिविर का आयोजन ट्यूलिप आई वेयर, कैसरबाग के सहयोग से किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं की आंखों की नि:शुल्क जांच की गई। ट्यूलिप आई वेयर की विशेषज्ञ टीम ने छात्राओं को आंखों की सुरक्षा, स्वच्छता और नियमित देखभाल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। विशेषज्ञों ने मोबाइल फोन, कंप्यूटर और अन्य डिजिटल स्क्रीन के अत्यधिक इस्तेमाल से होने वाली परेशानियों के प्रति भी छात्राओं को जागरूक किया और स्क्रीन टाइम को संतुलित रखने की सलाह दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा ने कहा कि डिजिटल युग में मोबाइल और विभिन्न स्क्रीन विद्यार्थियों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। ऐसे में आंखों के स्वास्थ्य को लेकर जागरूक रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ स्वस्थ और सुरक्षित जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। कुलपति ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन का इस्तेमाल आवश्यकता के अनुसार और संतुलित रूप से करें। आंखों में किसी भी प्रकार की परेशानी महसूस होने पर समय रहते विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। नेत्र विशेषज्ञों ने छात्राओं को सलाह दी कि मोबाइल या कंप्यूटर स्क्रीन का लगातार लंबे समय तक इस्तेमाल करने से बचें और बीच-बीच में आंखों को आराम दें। स्क्रीन का इस्तेमाल पर्याप्त रोशनी में करने के साथ उसे आंखों से उचित दूरी पर रखने की सलाह दी गई। विशेषज्ञों ने आंखों को बार-बार रगड़ने से बचने और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने को कहा।

## बॉम्बे जायका रेस्टोरेंट पर उठे सवाल, वायरल वीडियो में गंदगी और कच्चे पराठे का दावा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बालागंज चौराहे पर स्थित मशहूर बॉम्बे जायका रेस्टोरेंट को लेकर एक वायरल वीडियो सामने आया है, जिसके बाद रेस्टोरेंट में साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। वायरल वीडियो में रेस्टोरेंट परिसर में कथित तौर पर गंदगी और एक कुत्ते के अंदर आराम करते हुए दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। वहीं, खाने में कच्चा पराठा परोसे जाने की बात भी सामने आई है। इन तस्वीरों और दावों के बाद ग्राहकों की सेहत को लेकर चिंता जताई जा रही है। खास तौर पर बारिश के मौसम में साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त सावधानी की जरूरत होती है। ऐसे में रेस्टोरेंट में स्वच्छता मानकों के पालन को लेकर उठे सवालों की जांच जरूरी मानी जा रही है। स्थानीय स्तर पर खाद्य विभाग से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है। अब देखना होगा कि संबंधित विभाग वायरल वीडियो में सामने आए दावों की जांच करता है या नहीं और जांच में खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर क्या कार्रवाई की जाती है। फिलहाल वायरल वीडियो में किए गए दावों की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है। संबंधित विभाग की जांच और रेस्टोरेंट प्रबंधन का पक्ष इस मामले में तस्वीर को और स्पष्ट कर सकता है।

## खेल, साहित्य, कला और समाजसेवा की 13 विभूतियों को मिला दुर्गा स्वरूपा सम्मान



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दुर्गा स्वरूपा फाउंडेशन की ओर से रविवार को गोमती नगर में 'दुर्गा स्वरूपा सम्मान समारोह-2026' का आयोजन किया गया। समारोह में खेल, साहित्य, कला-संस्कृति और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 13 विभूतियों को 'दुर्गा स्वरूपा सम्मान' से सम्मानित किया गया। वहीं समारोह में उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा के 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को 'दुर्गा स्वरूपा अग्नि योद्धा सम्मान' प्रदान किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका नम्रता पाठक, बिंदु बोरा तथा भाजपा नेता संतोष श्रीवास्तव, सेलिब्रिटी गेस्ट रॉनी शाह, रश्मि पाठक मौजूद रही।

## शटडाउन के बावजूद दौड़ा करंट, लाइनमैन की मौत



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीबीडी इलाके के ओमेगा पावर हाउस में तैनात लाइनमैन रंजीत कुमार की रविवार को विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वह अपट्रॉन इंडस्ट्रियल एरिया स्थित देवस्थान पर विद्युत संबंधी शिकायत का निस्तारण करने पहुंचे थे। हादसे के बाद बिजली विभाग में हड़कंप मच गया। ओमेगा पावर हाउस कर्मी अखिलेश के मुताबिक, ग्राम पलटूपुर सिरसावां, बाराबंकी निवासी रंजीत कुमार रविवार सुबह करीब साढ़े दस बजे देवस्थान पहुंचे थे। बताया गया कि अपट्रॉन इंडस्ट्रियल एरिया स्थित यूपीएसआईडीसी फीडर की विद्युत लाइन को बीती रात हटाकर ओमेगा पावर हाउस से जोड़ दिया गया था। जानकारी के अनुसार रंजीत को कार्य के दौरान विद्युत लाइन की स्थिति के बारे में जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद करीब 11 बजे वह विद्युत करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। गंभीर हालत में रंजीत को तत्काल लोहिया अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रंजीत ने कार्य शुरू करने से पहले यूपीएसआईडीए पावर हाउस से शटडाउन लिया था। इसके बावजूद जिस विद्युत लाइन पर वह काम कर रहे थे, उसमें करंट कैसे पहुंचा, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। खासकर तब, जब उक्त लाइन को बीती रात ओमेगा पावर हाउस से जोड़ने की बात सामने आ रही है। हादसे के बाद बिजली विभाग की शटडाउन और सप्लाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए शटडाउन लेने के बावजूद लाइन में करंट आने की घटना की जांच की मांग की जा रही है। आखिर किस स्तर पर चूक हुई और शटडाउन के बाद लाइन में विद्युत आपूर्ति कैसे पहुंची, यह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

# बूथों पर गूंजा 'मन की बात' का संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



काकोरी लखनऊ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें एपिसोड को रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, विभिन्न मंडल कार्यालयों और जिले के अलग-अलग बूथों पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। 'मन की बात' का 138वां संस्करण 27 सितंबर 2026 को प्रसारित हुआ। गोसाईगंज मंडल के ब्लॉक सभागार में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश मंत्री राहुल वाल्मीकि विशिष्ट अतिथि रहे, जबकि जिलाध्यक्ष विजय मौर्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इसी क्रम में बीकेटी मंडल में प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल ने जिला महामंत्री गौरव सिंह चौहान सहित कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' सुनी। इटौंजा मंडल में पूर्व प्रदेश मंत्री वीरेंद्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। वहीं चिनहट मंडल में क्षेत्रीय मंत्री मनीष शुक्ला ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। गोसाईगंज में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता रहे मौजूद जिला मीडिया प्रभारी चिंतामणि पांडेय ने बताया कि गोसाईगंज ब्लॉक सभागार में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, जिला उपाध्यक्ष राज कुमार पटेल, अरविंद यादव, हंस राज रावत, जिला महामंत्री अंकित गुप्ता, जिला सह मंत्री अमरेंद्र भारद्वाज, ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिम्पल, चेयरमैन निखिल मिश्रा, मंडल अध्यक्ष शिव कुमार रावत, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा वीरेंद्र रावत, पूर्व जिला महामंत्री शंभू पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, नागेश वर्मा, विजय पाल सिंह, राम साहू, संजय चौरसिया तथा युवा मोर्चा के महामंत्री सुमित सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं मातृशक्ति उपस्थित रही।

जिला भाजपा कार्यालय पर मॉनिटरिंग टीम के सदस्यों ने भी प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को सामूहिक रूप से सुना। इस दौरान कोषाध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, जिला कार्यालय मंत्री रवि राज लोधी, सोशल मीडिया संयोजक रवि द्विवेदी, संकट मोचन शर्मा, विपिन सक्सेना, धर्मेंद्र सिंह चौहान, अभिषेक मिश्रा, अंकुर अवस्थी, अश्विनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके अलावा जिले के सभी मंडल कार्यालयों पर मंडल अध्यक्ष, प्रभारी, प्रवासी एवं पार्टी कार्यकर्ताओं ने 'मन की बात' सुनी। जिले के विभिन्न बूथों पर भी बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रवासी प्रभारी, बूथ पालक तथा बूथ समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से कार्यक्रम में सहभागिता की।

# महिलाओं से जुड़े कानून पर्याप्त या नाकाफी, छात्रों ने रखे तर्क



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। शिया पीजी कॉलेज के विधिक सहायता केंद्र और लॉ लिशियस लीगल कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को अंतर महाविद्यालयीय एवं विश्वविद्यालयीय भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई।


भारत में महिलाओं से संबंधित कानून काफी हैं या नाकाफी? विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में 50 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। तीन चरणों में हुई प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने महिलाओं से जुड़े कानूनों और उनकी व्यावहारिक चुनौतियों पर तर्क प्रस्तुत किए। आकांक्षा मिश्रा ने प्रथम, निर्भय सिंह ने द्वितीय और निदा खान ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेताओं को मोमेंटो और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधिक सहायता केंद्र के निदेशक डॉ. वहीद आलम ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में तार्किक एवं प्रभावी अभिव्यक्ति का विकास करती हैं। निर्णायक मंडल में अधिवक्ता अगाथा शुक्ला, सिद्धार्थ शंकर दुबे, अमन त्रिपाठी, हरिगोविंद दुबे, सृष्टि पाठक और शताक्षी द्विवेदी शामिल रहे। कार्यक्रम में हाईकोर्ट लखनऊ बेंच के अधिवक्ता नीतीश तिवारी और सौम्या तिवारी सहित शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

# गणेश विसर्जन हादसे के पीड़ित परिवारों को 4-4 लाख की मदद

**❐ विधायक अमरेश रावत ने सिसेंडी पहुंचकर परिजनों को सौंपे सहायता राशि के चेक**

**अपनों को खोने का दर्द नहीं भर सकती मदद, मगर सरकार परिवारों के साथ खड़ी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज। सई नदी के जबरेला पुल के पास गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए दर्दनाक हादसे ने सिसेंडी गांव को गहरे सदमे में डाल दिया है। हादसे में जान गंवाने वाले धीरज, हरिप्रसाद और प्रमोद के परिवारों के बीच रविवार को क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए तीनों मृतकों के आश्रितों को ?4-4 लाख की आर्थिक सहायता के चेक सौंपे।

इस दौरान उपजिलाधिकारी आकाश सिंह समेत प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने पीड़ित परिवारों के दुख में सहभागी होते हुए कहा कि किसी अपने को खोने का दर्द किसी भी आर्थिक सहायता से कम नहीं किया जा सकता, लेकिन इस कठिन समय में सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री राहत कोष समेत शासन की सभी अनुमन्य योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक जल्द से जल्द पहुंचाया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संकट का सामना न करना पड़े। सिसेंडी में सहायता वितरण के दौरान सबसे भावुक दृश्य उस समय सामने आया जब विधायक अमरेश रावत ने दिवंगत हरिप्रसाद की नवजात पुत्री के हाथों में सहायता राशि का चेक सौंपा। हरिप्रसाद की हादसे में मौत के अगले ही दिन उनकी बेटी ने जन्म लिया था। परिवार के लिए खुशी का पल मातम में बदल गया। वहीं हादसे में जान गंवाने वाले धीरज की पत्नी गर्भवती हैं। दोनों परिवारों की स्थिति देखकर वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। ग्रामीणों ने कहा कि एक तरफ घर में नई जिंदगी की दस्तक थी, तो दूसरी तरफ अपनों के चले जाने का असहनीय दुख। धीरज, हरिप्रसाद और प्रमोद के असमय निधन से पूरा सिसेंडी गांव अब भी शोक में डूबा है। हादसे के बाद से ग्रामीण लगातार पीड़ित परिवारों के घर पहुंचकर सांत्वना दे रहे हैं। तीनों परिवार आर्थिक रूप से कमजोर हैं और उनके सामने आजीविका व भविष्य की बड़ी चुनौती खड़ी है। ग्रामीणों का कहना है कि हादसे की टीस आज भी गांव के हर घर में महसूस की जा रही है। दिवंगत युवकों की यादें परिजनों की आंखें बार-बार नम कर देती हैं। ऐसे मुश्किल समय में प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर पीड़ित परिवारों का सहारा बनने की कोशिश कर रहे हैं।

**सरकारी सहायता में नहीं आने दी जाएगी कोई बाधा: एसडीएम**

उपजिलाधिकारी आकाश सिंह ने कहा कि पीड़ित परिवारों को राहत और पुनर्वास से जुड़ी सभी औपचारिकताएं जल्द पूरी कराई जा रही हैं। किसी भी पात्र परिवार को सरकारी सहायता मिलने में कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अभय सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात

**❐ भाजपा प्रदेश महामंत्री दिलीप पटेल समेत पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता रहे मौजूद**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ।बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के बीकेटी मंडल स्थित बूथ संख्या 71 रामपुर में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 138वां एपिसोड कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने सामूहिक रूप से सुना। कार्यक्रम पूर्व जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी के आवास पर आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं अवध क्षेत्र प्रभारी दिलीप पटेल और अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय महामंत्री अवधेश कटियार रहे।दिलीप पटेल ने कहा कि मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देशवासियों से सीधे संवाद करते हैं। कार्यक्रम में समाज के छोटे-छोटे प्रयासों, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले लोगों को प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संदेश सेवा, सहभागिता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मीडिया सह प्रभारी भाजपा अवध क्षेत्र आकाश मिश्रा मोंटी ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस दौरान पोषण, नशामुक्ति, युवा अभियान, स्थानीय उत्पादों और जनभागीदारी से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री के विचार सुने गए।कार्यक्रम में बीकेटी मंडल अध्यक्ष संदीप यादव, जिला उपाध्यक्ष अनिल सिंह, जिला महामंत्री गौरव सिंह, जिला मंत्री विवेक सिंह व कामता रावत, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अतुल मिश्रा, सभासद किरण, विश्वजीत, प्रेम वर्मा, राहुल वर्मा, आदर्श मिश्रा समेत बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, भाजपा पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# डीएम ने बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति का किया निरीक्षण, अलर्ट रहने के निर्देश

❐ बाढ़ व अतिवृष्टि की स्थिति में जनहानि को रोकना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपद में लगातार हो रही वर्षा और नदियों के बढ़ते जलस्तर के चलते जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जनपद के विभिन्न बाढ़ एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने शहर में हनुमतधाम पहुंचकर खन्नौत नदी, ककरा पुल, अजीजगंज, डैम रोड, तहसील पुवायां क्षेत्र में भैंसी नदी, तहसील पुवायां कार्यालय सहित तमाम जलभराव वाले क्षत्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नदी के जलस्तर, संभावित प्रभाव एवं बचाव व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग अलर्ट मोड पर रहें और किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए आवश्यक संसाधनों एवं व्यवस्थाओं को पूर्ण रूप से तैयार रखें। संवेदनशील क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य करें। उन्होंने पशु प्रजनन नियंत्रण केंद्र एवं स्वान गृह केंद्र के पशुओं की सुरक्षा, चारा-पानी एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में निरंतर भ्रमण कर वास्तविक स्थिति का आकलन करने तथा फसल क्षति का नियमानुसार सर्वेक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करने, जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कहा कि वर्तमान मौसम एवं नदियों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बाढ़ एवं अतिवृष्टि की स्थिति में जनहानि को रोकना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए तथा आवश्यकता के अनुसार राहत एवं बचाव दलों को तत्पर रखा जाए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि नदियों, नालों एवं जलभराव वाले निचले क्षेत्रों में जाने से बचें तथा अनावश्यक रूप से जलभराव वाले स्थानों पर आवागमन न करें। किसी भी आपात स्थिति में जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और सुरक्षित स्थान पर रहें। इस दौरान नगर आयुक्त, एडीएम वित्त एवं राजस्व, एसडीएम पुवायां, तहसीलदार पुवायां, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग अधिशासी अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# रेडिको आवासीय कॉलोनी में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गणपति विसर्जन सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। रैडिको खेतान लिमिटेड, यूनिट सीतापुर की आवासीय कॉलोनी में गणपति उत्सव श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। 14 सितम्बर 2026 को विधि-विधान एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ गणपति प्रतिमा की स्थापना की गई, जिसके उपरांत 25 सितम्बर 2026 को श्रद्धापूर्वक गणपति विसर्जन सम्पन्न हुआ।

गणपति उत्सव के दौरान आवासीय कॉलोनी में प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके साथ ही श्रद्धालुओं द्वारा भजन संध्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया गया। कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने सामूहिक रूप से भगवान गणेश की आराधना करते हुए सुख, शांति, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। 25 सितम्बर 2026 को गणपति विसर्जन के अवसर पर आवासीय कॉलोनी से श्रद्धा एवं उत्साह के साथ गणपति प्रतिमा की शोभायात्रा निकाली गई। इसमें आवासीय कॉलोनी में निवास करने वाले कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पारंपरिक रीति-रिवाजों एवं श्रद्धा के साथ भटपुर स्थित गोमती नदी में गणपति प्रतिमा का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड श्री अंशु श्रीवास्तव, एचआर हेड श्री अजय गोस्वामी, फाइनेंस हेड श्री अनिल जैन, इंजीनियरिंग हेड श्री यू. एन. पाण्डेय, बॉटलिंग प्रोडक्शन हेड श्री भूपेन्द्र तोमर एवं प्रोसेस हेड श्री धर्मेन्द्र यादव सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं रेडिको परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। विसर्जन के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना की। भावपूर्ण वातावरण में सभी ने ल्लगणपति बप्पा मोरया, अगले वर्ष जल्दी आइएड्ड के जयघोष के साथ गणपति बप्पा को विदाई दी। गणपति उत्सव के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की सक्रिय सहभागिता ने आवासीय कॉलोनी में भक्ति, एकता, सामुदायिक भावना एवं आपसी भाईचारे का वातावरण और मजबूत किया। पूरे आयोजन ने रैडिको परिवार के सदस्यों को एक साथ जोड़ने एवं सामूहिक उत्सव की भावना को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रबंधन की ओर से सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों को सुख, शांति, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# शहीद भगत सिंह की जयंती पर रक्तदान शिविर आयोजित

❐ आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। देश के अमर शहीद भगत सिंह की जयंती पर आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर राजकीय मडिकल कालेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजीव यादव के नेतृत्व में पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं आदि ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और अमर शहीदों के चरणों में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव यादव ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने इस देश की आजादी और स्वाभिमान के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। आज हमारा कर्तव्य है कि हम देशवासियों की जान बचाने के लिए अपना खून दें। कहा कि आम आदमी पार्टी सिर्फ चुनावी राजनीति नहीं करती, बल्कि शहीदों के विचारों को जमीन पर उतारकर समाज और राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करती है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में अक्सर गरीब और असहाय परिवारों को समय पर रक्त न मिलने के कारण मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। कई बार में रक्त के अभाव से मासूम जिंदगियां खत्म हो जाती हैं। ऐसे में आपका दिया हुआ एक कतरा रक्त किसी की जिंदगी बचा सकता है और एक पूरे परिवार को उजड़ने से रोक सकता है। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से जिलाध्याक्ष राजीव यादव, अनुराग रस्तोगी, अखिलेश वर्मा, विमलेश वर्मा, जोगेंद्र प्रजापति, विजय मिश्रा आदि लोग रहे। इस दौरान गजेन्द्र शर्मा, मोहम्मद हारून, सदाकत अली, विनोद प्रजापति, अमन पाल आदि मौजूद रहे।

## धर्म केवल सनातन हिन्दू है अन्य सभी पंथ : डॉ रवींद्र शुक्ल

झांसी। हिंदी साहित्य भारती अंतरराष्ट्रीय का भारत माता पूजन श्रद्धा समर्पण महोत्सव होटल द मार्वलस में केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार सिंह के मुख्य अभ्यागत और केंद्रीय अध्यक्ष डॉक्टर रवींद्र शुक्ल की अध्यक्षता एवं महामण्डलेश्वर बाल साध्वी दीदी पुष्पांजलि गिरी श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा हरिद्वार, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय डीन सुशील कुमार चतुर्वेदी, प्रो बलबहादुर त्रिपाठी निदेशक संस्कृत शोध पीठ संस्थान, नरेश चंद्र अग्रवाल संस्कार भारती प्रदेश महामंत्री, वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम सुंदर सिंह , चेयरमैन सहकारी बैंक जयदेव पुरोहित के विशिष्ट अभ्यागत में संपन्न हुआ। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत सोनू बाथम द्वारा ध्येय गीत प्रस्तुत किया गया। केंद्रीय अध्यक्ष डॉ रवींद्र शुक्ल ने उद्बोधन में कहा कि धर्म केवल हिन्दू है बाकी सब पंथ, और विभिन्न पूजा पद्धतियां हैं । श्रद्धा समर्पण महोत्सव में उपस्थित समस्त भारती पुत्रों ने श्रद्धा समर्पित कर मां भारती को पुष्पांजलि दी तत्पश्चात मां भारती की सामूहिक आरती की गई ।

# भगत सिंह का इंकलाब आज भी भारत के जर्रे-जर्रे में गूंजता है : राजेश केसरवानी

❐ अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप ने 116वीं जयंती पर महान क्रांतिकारी को किया नमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । भगत सिंह सिर्फ एक नाम नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में क्रांति के विचार का प्रतीक थे। उनके दिए इंकलाब के नारे की गूंज आज भी भारत के जर्रे-जर्रे में सुनाई देती है। उनके विचार युवाओं को अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और देशहित में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं।

यह बात अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी, भाजपा नेता कुमार नारायण और पूर्व पार्षद विजय वैश्य ने मुट्ठीगंज स्थित मुंशी राम प्रसाद की बगिया में भगत सिंह की 116वीं जयंती पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में कही। वक्ताओं ने कहा कि भगत सिंह ने अंग्रेजी शासन के खिलाफ संघर्ष करते हुए जेल में 116 दिन तक भूख हड़ताल की। उनके संघर्ष ने तत्कालीन अंग्रेजी सरकार का ध्यान भारतीय क्रांतिकारियों की मांगों और जेलों की परिस्थितियों की ओर खींचा। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भगत सिंह का मानना था कि क्रांति केवल हथियारों से नहीं, बल्कि मजबूत विचारों से आगे बढ़ती है। उनके विचारों में स्वतंत्र सोच, तर्क और अन्याय का विरोध प्रमुख था। 23 मार्च 1931 को देश की आजादी के लिए भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में अमिट अध्याय बन गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के संयोजक शत्रुघ्न जायसवाल रहे, जबकि संचालन अजय अग्रहरि ने किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में किशन जायसवाल, कमलेश केसरवानी, नीरज केसरवानी, सुमित केसरवानी, बलराम जायसवाल, मनोज मिश्रा, सुशील जैन, अल्का श्रीवास्तव, धुन्नू भैया, पवन गुप्ता, आशीष जायसवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# पर्यटन का समावेशी विकास स्थानीय अर्थव्यवस्था को देगा मजबूती : अपराजिता सिंह


कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । पर्यटन को रोजगार से जोड़ते हुए उसका समावेशी विकास करना जरूरी है। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी और प्रयागराज के पर्यटन को भी नई गति मिलेगी। पर्यटन नीति-2022 के तहत स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के साथ युवाओं और स्थानीय कलाकारों को भी अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यह बातें क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी अपराजिता सिंह ने विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं।

प्रयागराज में रविवार को क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय, प्रयागराज और पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से सिविल लाइंस स्थित होटल राही इलावर्त में विश्व पर्यटन दिवस-2026 के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में हेरिटेज वॉक, विरासतीय स्थलों पर आधारित चित्रकला प्रतियोगिता, छायाचित्र प्रदर्शनी, ग्रामीण पर्यटन प्रस्तुतीकरण और सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट की न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान ने किया। उन्होंने विरासतीय स्थलों पर आधारित चित्रों और चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान विरासतीय स्थलों से संबंधित अभिलेखों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। इसके बाद विश्व पर्यटन दिवस-2026 की थीम डिजिटल एजेंडा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' पर गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें पर्यटन के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते महत्व पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि आधुनिक तकनीक के माध्यम से पर्यटन स्थलों की जानकारी देश-विदेश तक आसानी से पहुंचाई जा सकती है। कार्यक्रम में पर्यटन नीति-2022 के तहत जनपद में स्टार श्रेणी में पंजीकृत पर्यटन इकाइयों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा युवा पर्यटन क्लब के विद्यार्थियों द्वारा विरासतीय स्थलों पर बनाई गई लाइव पेंटिंग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

# मथुरा में तीरथ सिंह रावत ने किया पवित्र रजत शिला का विधि-विधान से पूजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मथुरा । श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति के लिए तैयार की गई पवित्र संकल्प रजत शिला का उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता तीरथ सिंह रावत ने विधि-विधान से पूजन किया। यह विशेष कार्यक्रम मोती कुंज स्थित उद्योगपति एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक रूप सिंह नागर के आवास पर आयोजित किया गया। इस दौरान शहर के संत-महात्माओं, धर्माचार्यों और आंदोलन से जुड़े गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत रविवार मोती कुंज स्थित रूप सिंह नागर का आवास पहुंचे जहां संतों के साथ विधि विधान से पूजन किया। पूजन के उपरांत तीरथ सिंह रावत ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ईश्वर की इच्छा और भक्तों के दृढ़ संकल्प से भगवान योगेश्वर श्रीकृष्ण के भव्य मंदिर निर्माण के मार्ग की सभी बाधाएं एक दिन अवश्य दूर होंगी। उन्होंने दिनेश फलाहारी महाराज के समर्पण और वर्षों के लंबे संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास निश्चित रूप से सार्थक सिद्ध होगा।

इस अवसर पर रूप सिंह नागर और दिनेश फलाहारी महाराज ने पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि न्यायपालिका के माध्यम से श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। प्रो. शिवराज भारद्वाज ने कहा कि फलाहारी महाराज पूरी मजबूती और निष्ठा के साथ अदालत में हिंदू पक्ष की पैरवी कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक पंडित राजेश पाठक ने जानकारी दी कि इस पवित्र संकल्प रजत शिला का प्रथम पूजन अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास महाराज द्वारा किया गया था। अब इस रजत शिला को देशभर के श्रद्धालुओं के संकल्प और भावनाओं से जोड़ा जा रहा है, ताकि इस पवित्र अभियान को और व्यापक रूप दिया जा सके। इस दौरान उनके साथ हिंदू पक्षकार दिनेश फलाहारी महाराज, प्रो. शिवराज भारद्वाज और कार्यक्रम संयोजक पंडित राजेश पाठक मौजूद रहे।

## आंधी-बारिश से फसलें बर्बाद, सांसद ने सीएम को लिखा पत्र, मुआवजा देने की मांग



शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में पिछले दो दिन से आंधी और लगातार हो रही बारिश के चलते किसानों की फसलें बर्बाद हो गई हैं। भाजपा सांसद अरुण कुमार सागर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर पीड़ितों को जल्द मुआवजा दिलाने की मांग की है। सांसद अरुण कुमार सागर ने बताया कि आंधी और भारी बारिश से धान, गन्ना समेत अन्य फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। खेतों में पानी भरने से किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट आ गया है। शहर और ग्रामीण इलाकों में पानी भर जाने से बाढ़ जैसी स्थिति है। घरों में पानी घुस गया है, कच्ची दीवारें गिर गईं। बिजली के खंभे व पेड़ गिरने से आवागमन और बिजली सप्लाई भी ठप है। बताया कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि राजस्व और कृषि विभाग की टीमों से फसलों के नुकसान का निष्पक्ष सर्वे कराएं तथा पीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता दी जाए। साथ ही जलभराव वाले क्षेत्रों में जल निकासी, बाढ़ प्रभावितों को राहत सामग्री और धान खरीद नियमों में छूट देकर फसल की खरीद की जाए। सांसद ने कहा कि किसानों को परेशान नही होने दिया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने पहले ही 24 घंटे के अंदर सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। कहा कि सरकार पूरी तरह से किसानों के साथ खड़ी है।

## बांके बिहारी मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ : घंटों कतारों में लगे रहने के बाद भी दर्शन न मिलने से कुछ श्रद्धालु निराश

मथुरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता । वृंदावन के प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में रविवार को भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। श्राद्ध पक्ष के विशेष दर्शनों की आस लेकर दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। सुबह से ही मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था। वृंदावन की संकरी गलियों और तेज धूप के बीच बुजुर्ग, महिलाएं और छोटे बच्चे घंटों तक लंबी कतारों में अपनी बारी का इंतजार करते रहे। अत्यधिक भीड़ के सामने मंदिर की प्रबंधन व्यवस्थाएं पूरी तरह नाकाफी साबित हुईं। स्थिति यह रही कि मीलों का सफर तय कर पहुंचे कई भक्तों को ठाकुर जी की एक झलक भी ठीक से नसीब नहीं हुई और वे बिना दर्शन किए ही मायूस होकर लौटने को मजबूर हुए।

# सड़कों पर उतरे डीएम, अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का किया स्थलीय निरीक्षण, दिए निर्देश

❐ ईदगाह में झुके पेड़ से मकानों को खतरा देख तत्काल शिफ्टिंग के निर्देश, शिव कॉलोनी में पंप से जलनिकासी और छाउछ में बिजली बहाली की जमीनी हकीकत परखी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। अतिवृष्टि और तेज हवाओं के बाद शहर में उत्पन्न परिस्थितियों की दृष्टिगत डीएम अंजनी कुमार सिंह खुद सड़कों पर उतरे। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह व अन्य प्रशासनिक अफसरो संग विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर उन्होंने जलभराव, गिरे और झुके पेड़ों तथा विद्युत आपूर्ति की स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों को मौके पर ही राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के निर्देश दिए।

डीएम सबसे पहले ईदगाह मोहल्ले पहुंचे। यहां तेज हवा के कारण झुके पेड़ से आसपास के मकानों पर खतरा बना हुआ था। वन विभाग की टीम पेड़ को सुरक्षित तरीके से काटने में जुटी थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए डीएम ने आसपास के घरों को तत्काल खाली कराने और प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट कराने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम ने शिव कॉलोनी का निरीक्षण किया। जलभराव की स्थिति देखते हुए उन्होंने सैम्पवेल के माध्यम से पानी पंप आउट कराकर जल्द जलनिकासी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर मौजूद लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याएं भी जानीं।

## डीएम ने विधायक संग किया विद्युत वितरण केंद्र छाउछ का निरीक्षण

इसके बाद डीएम ने विधायक सदर योगेश वर्मा के साथ विद्युत वितरण केंद्र छाउछ का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने मौजूद अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड (प्रथम) से पावर रीस्टोरेशन कार्य की बारीकी से जानकारी ली। अभियंताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित है, वहां प्राथमिकता के आधार पर तत्काल विद्युत बहाल की जाए। पेयजल आपूर्ति प्रभावित क्षेत्रों में भी तेजी से व्यवस्था सामान्य कराने को कहा।

डीएम ने बताया कि तेज हवाओं और बारिश से बड़ी संख्या में पेड़ सड़कों व विद्युत लाइनों पर गिर गए हैं। इनके निस्तारण के लिए वन विभाग और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीमें लगाई गई हैं। सभी संबंधित विभाग मौके पर डटे हैं और प्रभावित क्षेत्रों में बिजली व पेयजल आपूर्ति शीघ्र बहाल कराने के प्रयास जारी हैं। डीएम ने कहा कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। निरीक्षण के दौरान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह, एसडीएम सदर/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलवा राजू आर, ईओ संजय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हड़ताल से पहले रविवार को खुले बैंक, कर्मचारियों ने काली टीशर्ट पहनकर किया विरोध प्रदर्शन

मथुरा । जिले में सोमवार से बुधवार तक प्रस्तावित तीन दिवसीय बैंक हड़ताल को देखते हुए रविवार को जिले की बैंक शाखाएं सामान्य रूप से खुली और कामकाज हुआ। बैंक कर्मचारियों के संगठनों ने सप्ताह में पांच दिन कामकाज समेत विभिन्न मांगों को लेकर तीन दिनों की हड़ताल का ऐलान किया है। इसे देखते हुए रिजर्व बैंक ने रविवार को भी बैंक शाखाएं खोलने के निर्देश दिए ताकि ग्राहक हड़ताल से पहले अपने जरूरी बैंकिंग कार्य निपटा सकें। रविवार होने के बावजूद बैंक शाखाओं में सामान्य दिनों की तुलना में कम भीड़ दिखाई दी। बैंक कर्मचारियों के अनुसार बैंकिंग व्यवस्था का अधिकांश काम अब इंटरनेट आधारित हो चुका है। इसके चलते ग्राहकों को बैंक शाखाओं पर पहले की तरह निर्भर नहीं रहना पड़ता। लोग मोबाइल बैंकिंग और इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भी कई जरूरी काम आसानी से कर लेते हैं। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि रविवार को बैंक खुले होने की जानकारी होने के बावजूद अधिकांश लोग छुट्टी के कारण घरों से बाहर नहीं निकले। यही वजह रही कि शाखाओं में ग्राहकों की भीड़ अपेक्षाकृत कम रही।

## कार की टक्कर से ऑटो बना आग का गोला, चार झुलसे

झांसी, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित सदर बाजार थाना क्षेत्र में हंसारी रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार हुंडई वरना कार ने सीएनजी ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ऑटो आग का गोला बन गया और करीब 20 फीट ऊंची लपटें उठने लगीं। हादसे में ऑटो चालक समेत चार लोग घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद कार चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। बबीना के रसोई गांव निवासी ऑटो चालक कुमेर यादव (50) ने बताया कि वह ऑटो में पांच सवारियां लेकर बबीना से झांसी आ रहा था। हंसारी रेलवे क्रॉसिंग के पास सामने से आ रही वरना कार रॉन्ग साइड में आ गई और ऑटो में टक्कर मार दी। कार ऑटो को करीब 10 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। इसके बाद ऑटो में तत्काल आग लग गई। दो युवक टक्कर के बाद बाहर गिर गए, जबकि अन्य लोग किसी तरह ऑटो से बाहर निकले। हादसे में कुमेर यादव, खैलार निवासी राजीव (31), बबीना के राजा का तालाब निवासी फूला देवी (70) और सीपरी बाजार क्षेत्र की आईटीआई कॉलोनी निवासी सविता नागर (44) घायल हुईं। सविता बबीना एमएच हॉस्पिटल में वार्ड सहायिका हैं और नाइट ड्यूटी के बाद घर लौट रही थीं। सविता ने बताया कि टक्कर के बाद वह ऑटो से बाहर गिर गईं। ऑटो में भीषण आग लगी थी और लोग चिल्लाकर भागने के लिए कह रहे थे, लेकिन पैर झुलसने के कारण वह दौड़ नहीं सकीं। वह घिसटते हुए करीब 20 मीटर दूर पहुंचीं। इसके बाद दो युवकों ने उन्हें उठाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। सूचना पर पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक ऑटो पूरी तरह जल चुका था। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मथुरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता । बलदेव थाना क्षेत्र के अंतर्गत उतरी बाईपास पर कंजौली घाट के पास रविवार दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। 40 वर्षीय नेत्रपाल, पुत्र साहब सिंह निवासी गांव मड़ौरा रविवार सुबह किसी काम से अपनी बाइक द्वारा आगरा की ओर जा रहे थे।

# दो दिन में 138 मिमी बारिश, तीसरे दिन भी नहीं थमी, सड़कों पर जलभराव, फसलों को नुकसान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- लगातार तीसरे दिन भी बारिश का सिलसिला जारी है। बीते दो दिन में 138 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है
- बारिश के चलते खरीफ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है

बदायूं। लगातार तीसरे दिन भी बारिश जारी रही। बीते दो दिन में 138 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। खरीफ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। शहर में जलभराव और बिजली आपूर्ति बाधित होने से लोगों को परेशानी हुई।

लगातार तीसरे दिन भी बारिश का सिलसिला जारी है। बीते दो दिन में 138 मिलीमीटर बारिश दर्ज की जा चुकी है। लगातार बारिश से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। खेतों में पानी भरने से खरीफ की फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर फसलें गिर गई हैं और खेतों में जलभराव होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। रविवार को सुबह से रुक-रुककर बारिश होती रही। बारिश के चलते शहर की सड़कों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी रही। नेकपुर अंडरपास में भी काफी पानी भर गया। इससे अंडरपास से होकर निकलने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पानी अधिक होने के कारण कई दोपहिया वाहन बीच रास्ते में ही बंद हो गए।वाहन सवारों को उतरकर पानी में वाहन खींचते हुए अंडरपास पार करना पड़ा। लगातार बारिश के कारण शहर के कई मोहल्लों में भी जलभराव की स्थिति है। नालियों का पानी सड़कों पर आने से लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई।

शनिवार को डीएम कार्यालय मार्ग पर चार यूकेलिप्टस के पेड़ गिर गए। वहीं बिजली के तार भी टूट गए। रोडवेज परिसर भी जलमग्न रहा। शनिवार को पेड़ों की चपेट में आने से बिजली के तार टूट गए। इससे कई मोहल्लों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं रोडवेज परिसर में पानी भरने से यात्रियों को बसों तक पहुंचने के लिए पानी से होकर गुजरना पड़ा। लगातार बारिश से शहर के निचले इलाकों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब रही। जोगीपुरा, गांधी ग्राउंड रोड, नेकपुर, पनवाड़ी, शिवपुरम, जवाहरपुरी समेत कई स्थानों पर सड़क पर पानी जमा रहा। इससे वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई। गलियों में जलभराव के कारण लोगों को घरों से निकलने में भी परेशानी हुई। गांधी ग्राउंड भी जलभराव से अछूता नहीं रहा। लगातार बारिश से रोडवेज परिसर में भी पानी भर गया। यात्रियों को बस में चढ़ने और उतरने के लिए जलभराव से होकर गुजरना पड़ा।

बारिश के पानी के साथ सड़कों की गंदगी भी परिसर में पहुंच गई। इससे यात्रियों को परेशानी के साथ गंदगी का सामना करना पड़ा। बिसौली इलाके में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवा और बारिश का सिलसिला जारी रहने से किसान फसल को लेकर चिंतित नजर आए। पशुपालकों की मुश्किलें भी बढ़ गईं। पशुओं को खुले में रखने और चारे की व्यवस्था करने में दिक्कत हुई।

बिल्सी में नगर पालिका बाजार, बिजलीघर रोड, खैरी बस स्टैंड, मोहल्ला संख्या पांच होली चौक समेत कई निचले इलाकों में जलभराव हो गया, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। कई स्थानों पर कीचड़ सड़कों पर फैल गया, जिससे फिसलन बढ़ने के साथ यातायात भी प्रभावित रहा।

# 'मन की बात' के संदेशों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं कार्यकर्ता: राजीव कुमार गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में देश और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर दिए गए संदेश व्यापक जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण हैं

बदायूँ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का रविवार को जनपद बदायूँ में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक श्रवण किया गया। उझानी नगर में केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ 'मन की बात' सुनी, जबकि भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम का श्रवण किया। इसके साथ ही जनपद के विभिन्न बूथों पर पार्टी के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना।

केंद्रीय राज्यमंत्री बी.एल. वर्मा ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' में देश और समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर दिए गए संदेश व्यापक जनभागीदारी और सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा प्रधानमंत्री के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के साथ ही उन्हें सामाजिक सहभागिता का माध्यम बनाएं। उन्होंने कहा जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता और सही जानकारी का संकलन देश की भावी योजनाओं एवं नीतियों के लिए महत्वपूर्ण आधार तैयार करता है। युवाओं को नशे से दूर रखने, खेल प्रतिभाओं को उचित अवसर उपलब्ध कराने तथा स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर भी समाज में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में संवाद एवं संपर्क के माध्यम से इन विषयों को समाज के बीच ले जाएं तथा अधिक से अधिक लोगों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने आगे कहा आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देते हुए जरूरतमंदों की सहायता, स्वच्छता एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों में भी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कार्यकर्ता समाज के बीच रहकर सेवा और जागरूकता के कार्यों को निरंतर गति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा 'मन की बात' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशवासियों से संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जनगणना, युवाओं, नशामुक्ति, खेल एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर दिए गए संदेशों को कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों तक पहुंचाएं और जनभागीदारी को सशक्त करने का कार्य करें। उन्होंने कहा जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए समाज में जागरूकता का वातावरण तैयार करना आवश्यक है। वहीं आगामी पर्व-त्योहारों के दौरान युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें रचनात्मक एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने का प्रयास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई युवा नशे की गलत आदत की ओर बढ़ रहा है तो उसके साथ संवाद करना तथा नशामुक्ति की दिशा में प्रयास कर रहे लोगों को सहयोग प्रदान करना समाज और कार्यकर्ताओं की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# हमीरपुर में 51 घंटे के कबीरी भजनों का कार्यक्रम का हुआ समापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी मोहन बाबू ने किया।

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के कंसवध मेले के अवसर पर हर वर्ष होने वाले 51 घंटो के अनवरत कबीरी भजनों का कार्यक्रम रविवार शाम सम्पन्न हो गया जिसमें क्षेत्रीय और दूरदराज से आए संतों ने भजन गायकी कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का आयोजन समाजसेवी मोहन बाबू ने किया। हर साल मौदहा कस्बे के मीरा तालाब में कंसवध मेले के अवसर पर 51 घंटे के कबीरी भजनों के कार्यक्रम के साथ ही संत समागम और भण्डारे का आयोजन किया जाता है जो इस वर्ष सकुशल सम्पन्न हो गया। मीरा तालाब गुदडी बाबा परिसर में शुक्रवार दोपहर में शुरू हुआ भजनों का कार्यक्रम रविवार शाम को सम्पन्न हो गया इस दौरान संस्थापक बहादुर शाह रूमी और आयोजक समाजसेवी मोहन बाबू का पूरा सहयोग रहा। जबकि दिनेश शाह, ब्रजलाल, ओमप्रकाश करगांव, कुंदन शाह अछरौड, कमल पढोरी, दुर्गा फत्तेपुर, त्यागीनंद महाराज नंदेहरा, गिरधर दास चंदपुरवा के अतिरिक्त क्षेत्रीय और बाहर से आए भजनियों ने भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया इस दौरान सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने भजनों का रसपान किया।

# चिकित्सालयों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में भूमि उपलब्ध कराने की कवायद तेज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- बल्दीराय में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय को मिली 1000 वर्गमीटर जमीन
- 13 आयुष आरोग्य केंद्रों की पत्रावली डीएम को भेजी

सुलतानपुर। जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में शासन के निर्देश पर चिकित्सालयों के लिए सरकारी भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इसी क्रम में बल्दीराय तहसील क्षेत्र में संचालित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय, पारा बाजार के भवन निर्माण के लिए 1000 वर्गमीटर सरकारी भूमि आरक्षित की गई है। वहीं तहसील क्षेत्र में पहले से संचालित 13 आयुष आरोग्य केंद्रों की भूमि को भी राजस्व अभिलेखों में संबंधित विभाग के नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरूकर दी गई है।

प्रमुख सचिव, आयुष अनुभाग-2, उत्तर प्रदेश शासन के 16 जुलाई 2026 के पत्र के क्रम में जिलाधिकारी सुलतानपुर ने आदेश संख्या 595 दिनांक 27 जुलाई 2026 जारी कर स्वी.त आयुष चिकित्सालयों के भवन निर्माण के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 1000 वर्गमीटर तथा नगरीय क्षेत्रों में न्यूनतम 500 वर्गमीटर निःशुल्क सरकारी भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## पारा बाजार में मिली सरकारी जमीन

बल्दीराय का राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय लंबे समय से निजी भवन में संचालित हो रहा था। शासन के निर्देश के बाद तहसील प्रशासन ने अस्पताल भवन निर्माण के लिए सरकारी भूमि की तलाश शुरूकी। राजस्व टीम की जांच तथा भूमि प्रबंधन समिति और ग्राम पंचायत तरसौली के प्रस्ताव के आधार पर मजरा आलियाबाद स्थित नवीन परती भूमि के गाटा संख्या 480 में से 0.1000 हेक्टेयर यानी 1000 वर्गमीटर भूमि राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय पारा बाजार के नाम आरक्षित कर दी गई। भूमि का डिजिटल सत्यापन राजस्व निरीक्षक द्वारा किए जाने के बाद खतौनी में भी चिकित्सालय के नाम दर्ज कर दिया गया है। इससे अब अस्पताल के स्थायी भवन निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

## 13 आयुष आरोग्य केंद्रों की पत्रावली डीएम को भेजी

जिलाधिकारी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत तहसील क्षेत्र में पहले से संचालित आयुष आरोग्य केंद्रों की भूमि भी चिन्हित की गई है। जांच में सामने आया कि कई केंद्रों की भूमि अभी तक राजस्व अभिलेखों में संबंधित विभाग के नाम दर्ज नहीं थी। तहसील प्रशासन ने जांच के बाद जरईकला, सोरांव, तौधिकपुर, केवटली, खारा, समर्थपुर, ऐंजर, हरना, हरौरा, वलीपुर, कुट्टा, चंदौर और देहली बाजार स्थित 13 आयुष आरोग्य केंद्रों से संबंधित गाटों की पत्रावलियां तैयार कर ली हैं।

## सरकारी जमीन होगी सुरक्षित

तहसीलदार बल्दीराय सुनील कुमार ने बताया कि सभी चिन्हित गाटों की पत्रावलियां तैयार कर नामांतरण के लिए जिलाधिकारी कार्यालय भेज दी गई हैं। प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित चिकित्सालयों की भूमि विभाग के नाम खतौनी में दर्ज हो जाएगी। इससे सरकारी भूमि सुरक्षित होगी और भविष्य में अस्पताल भवनों के निर्माण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार का रास्ता भी सुगम होगा।

## नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से ठगे 91 हजार रूपये

हमीरपुर । उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले के राठ कस्बे के सिकंदरपुरा में योगा टीचर की नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने महिला से 91 हजार रुपये ठग लिए। महिला का कहना था कि युवक ने नौकरी के नाम पर रकम लेने के बाद 10 महीने तक बिना वेतन के काम कराया। वेतन और नौकरी के बारे में पूछने पर आरोपी टालमटोल करता रहा और अब रकम लौटाने से भी मना कर रहा है। रविवार को पीड़िता के पिता ने कोतवाली में तहरीर दी है। कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी परशुराम ने बताया कि अतरौलिया निवासी एक युवक ने उसकी बेटी अंजली को योगा टीचर की नौकरी दिलाने का लालच दिया था।

# बारिश से हीरापुर में आवागमन ठप, स्कूल जाने में भी हो रही दिक्कत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भेटुआ, अमेठी। लगातार हो रही बारिश के चलते विकासखंड भेटुआ की हीरापुर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों का आवागमन प्रभावित हो गया है। गांव की कई गलियों और संपर्क मार्गों पर जलभराव तथा कीचड़ की स्थिति बनने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ हिस्सों में अभी तक खड़ंजा या इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। बारिश के बाद रास्ते पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गए हैं, जिससे पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को उठानी पड़ रही है।

ग्रामीण रत्नाकर त्रिपाठी, संजय मिश्रा और शुभम श्रीवास्तव ने बताया कि खराब रास्तों के कारण बच्चे नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं, आवश्यक कार्यों के लिए घर से निकलने वाले लोगों को भी फिसलन और जलभराव के बीच जोखिम उठाकर आवागमन करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से समस्या का संज्ञान लेकर जल्द सड़क निर्माण कराने तथा जलनिकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## प्राथमिक विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना, सामान पार

भेटुआ, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार 36 घंटे तक हुई बारिश का फायदा उठाकर चोरों ने एक प्राथमिक विद्यालय को निशाना बना लिया। अमेठी कोतवाली क्षेत्र के विकासखंड भेटुआ अंतर्गत टिकरी ग्राम पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय पूरे पद्मिन में चोरी की घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार, अज्ञात चोर विद्यालय परिसर में घुसकर वहां लगे पंखे और गैस सिलेंडर उठा ले गए। घटना की जानकारी उस समय हुई जब विद्यालय कर्मियों ने स्कूल पहुंचकर सामान गायब देखा। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। लगातार बारिश के दौरान हुई इस चोरी ने विद्यालयों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश और सुनसान माहौल का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पितृपक्ष शुरू, पितरों के तर्पण-श्राद्ध में जुटे श्रद्धालु



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। पितृपक्ष के आरंभ के साथ ही जिले भर में श्रद्धालु अपने पूर्वजों के तर्पण, श्राद्ध और पिंडदान में जुट गए हैं। रविवार को विभिन्न धार्मिक स्थलों, सरोवरों तथा घरों में लोगों ने विधि-विधान से पितरों का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। तर्पण के दौरान श्रद्धालुओं ने जल, तिल और कुश अर्पित कर पितरों की आत्मा की शांति तथा परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

सनातन परंपरा में पितृपक्ष का विशेष महत्व माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस अवधि में श्राद्ध और तर्पण करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है तथा परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। इसी विश्वास के साथ लोगों ने अपने पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की।

अमेठी, गौरीगंज, भादर, भेंटुआ और संग्रामपुर सहित सभी विकासखंडों और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने ब्राह्मणों एवं जरूरतमंदों को भोजन कराकर पुण्य अर्जित किया। कई स्थानों पर समाजसेवियों ने वृद्धाश्रमों और आश्रय स्थलों में पहुंचकर बुजुर्गों को भोजन कराया तथा उनका आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं का कहना है कि पितरों का स्मरण भारतीय संस्कृति और पारिवारिक मूल्यों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

## ब्राह्मण समाज के आशीर्वाद से अभिभूत हुए युवराज अनंत विक्रम सिंह



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। राजीर्ष रणंजय भाजपा जनसंपर्क कार्यालय में युवराज अनंत विक्रम सिंह का जन्मदिन सादगी और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज एवं प्रबुद्धजनों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए दीर्घायु और यशस्वी जीवन का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की शुरुआत वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हुई। युवराज अनंत विक्रम सिंह ने उपस्थित गुरुजनों और ब्राह्मण समाज के लोगों का सम्मान करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं समाज के लोगों ने भी उन्हें अंगवस्त्र भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शाम्भवी अनंत विक्रम सिंह भी मौजूद रहीं। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुजनों और समाज का स्नेह उनके लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और युवराज अनंत विक्रम सिंह को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## लगातार बारिश से वार्ड-4 बना तालाब, सैकड़ों परिवार प्रभावित



मुसाफिरखाना, अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने आदर्श नगर पंचायत मुसाफिरखाना की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। नगर पंचायत के वार्ड संख्या-4 में जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने से गलियों में बारिश का पानी भर गया है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड संख्या-4 की कई गलियों में पिछले तीन दिनों से गंदा पानी जमा है। जलभराव के कारण लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया है। स्थिति यह है कि कई स्थानों पर पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया है, जिससे संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जलनिकासी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया। लगातार हो रही बारिश के बाद समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द जलनिकासी की व्यवस्था कराने और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य शुरू करने की मांग की है, ताकि आमजन को जलभराव की समस्या से राहत मिल सके।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना 'मन की बात' का 138वां एपिसोड



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें एपिसोड का रविवार को जिले के विभिन्न शक्ति केंद्रों और बूथों पर सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने कार्यक्रम सुनकर प्रधानमंत्री के संदेशों पर चर्चा की।

भेटुआ मंडल के ग्रामसभा कमासिन स्थित बूथ संख्या 227 पर वरिष्ठ भाजपा नेता काशी तिवारी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने रेडियो के माध्यम से प्रधानमंत्री की मन की बात सुनी।वहीं संग्रामपुर मंडल के बेलखरी बूथ संख्या 199 पर मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला की अगुवाई में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जनभागीदारी, नवाचार और सकारात्मक कार्यों से जुड़े उदाहरण साझा किए गए। काशी तिवारी ने कहा कि 'मन की बात' देश के लोगों को प्रेरित करने वाला कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से समाज में हो रहे अच्छे कार्यों और जनसहभागिता की जानकारी मिलती है। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने संगठन की गतिविधियों और जनसंपर्क को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की।

# विद्यालयों में सजेंगी पोषण वाटिकाएं, बच्चों को मिलेगा खेती का ज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। जिले के परिषदीय और राजकीय विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाई के साथ पोषण और जैविक खेती का व्यावहारिक ज्ञान देने की पहल शुरू की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग ने वर्ष 2026-27 में 1586 विद्यालयों में पोषण वाटिका (न्यूट्रिशन गार्डन) विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए 23.79 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है।

जिले के कुल 1651 विद्यालयों में से 1586 विद्यालयों में पोषण वाटिकाएं तैयार की जाएंगी। जिन 65 विद्यालयों में पर्याप्त भूमि उपलब्ध नहीं है, वहां गमलों, ग्रो बैग, मटकों, बोरों और जूट के थैलों में सब्जियों की खेती कराई जाएगी। योजना के तहत लौकी, तोरई, टमाटर, भिंडी, बैंगन, पालक, मेथी, धनिया, हरी मिर्च, मटर और चौलाई जैसी पौष्टिक सब्जियां उगाई जाएंगी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने बताया कि प्रत्येक विद्यालय को बीज, खाद, पौधे और बागवानी उपकरणों की खरीद के लिए 1500 रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे। पोषण वाटिकाओं के रखरखाव में शिक्षक, रसोइया, अभिभावक, ग्राम प्रधान और छात्र सहभागिता करेंगे। इसके माध्यम से विद्यार्थियों में पोषण, श्रम और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, वहीं मध्यान्ह भोजन में ताजी हरी सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने में भी मदद मिलेगी।

## जावेद की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दे रही दबिश

बदायूं। जरीफनगर थाने का निलंबित कंप्यूटर ऑपरेटर जावेद 15 दिन बाद भी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए उसके घर मुरादाबाद के साथ ही संभावित ठिकानों पर भी लगातार दबिश दे रही है। कंप्यूटर ऑपरेटर निलंबित होने के बाद से मोबाइल बंद करके फरार है। विभाग में होने के कारण उसको गिरफ्तारी से बचने के सारे हथकंडे की जानकारी होने के कारण ही उस तक पुलिस टीम नहीं पहुंच पा रही है। जरीफनगर थाने में जुलाई 2024 से तैनात कंप्यूटर ऑपरेटर जावेद ने थाने के मोबाइल लोकेशन ट्रेस करने वाले सॉफ्टवेयर का आईडी पासवर्ड कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) संचालक प्रेमपाल उर्फ बंटी को दे दिया था। सॉफ्टवेयर का प्रयोग बंटी और उसका साथी रंजीत खोए मोबाइलों की लोकेशन पता करने में कर रहे थे। बदले में मोबाइल मालिकों से रकम ऐंठ रहे थे। वसूली की रकम में से 50 प्रतिशत कंप्यूटर ऑपरेटर जावेद को दे देता था। बाकी हिस्सा दोनों बांट लेते थे। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी अंकिता शर्मा ने कंप्यूटर ऑपरेटर जावेद को निलंबित कर दिया था, जिसके बाद से वह फरार है। सीओ सहसवान अशोक कुमार सिंह ने बताया कि उसकी गिरफ्तारी के लिए दो टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही वह पकड़ में आ जाएगा।

## एसबीआई का एटीएम तोड़ने की कोशिश, आरोपी सीसीटीवी में कैद

बदायूं, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सहसवान थाना क्षेत्र के कस्बा में शनिवार को एक व्यक्ति ने दिनदहाड़े एसबीआई के एटीएम को तोड़कर रुपये निकालने की कोशिश की। आरोपी ने काफी देर तक मशीन के साथ छेड़छाड़ की, लेकिन वह उसे तोड़ नहीं सका। इसके बाद आरोपी मौके से भाग निकला। पूरी घटना केबिन में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। कस्बा क्षेत्र में शनिवार को बारिश के कारण सुबह करीब 10 बजे एक व्यक्ति एसबीआई के एटीएम के केबिन में घुसा और मशीन को तोड़ने का प्रयास करने लगा। काफी देर प्रयास के बाद भी मशीन नहीं टूटने पर वह वहां से निकल गया। घटना की जानकारी बैंक प्रबंधन को हुई तो पुलिस को सूचना दी गई। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एटीएम की जांच की। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी गई। फुटेज में एक अज्ञात व्यक्ति एटीएम के केबिन में मशीन के साथ छेड़छाड़ करता दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान और तलाश में जुटी है। सीओ सहसवान अशोक कुमार सिंह ने बताया कि एटीएम के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए हैं। फुटेज में एक व्यक्ति दिखाई दे रहा है। उसके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस टीम लगाई गई है।

## इंटरनेशनल ट्रेड शो में जेन जी का अंदाज, नुक्कड़ नाटक से सामाजिक मुद्दों पर दे रहे संदेश

नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्पादों और सरकारी योजनाओं के प्रचार के बीच जेन जी का अंदाज भी लोगों का ध्यान खींच रहा है। किसी पवेलियन में अचानक ढोलक-ढपली की थाप और गीत की आवाज सुनाई देती है तो लोग रुककर उस ओर देखने लगते हैं। यहां मंच या बड़ी स्क्रीन के बजाय युवा छात्र-छात्राएं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सामाजिक मुद्दों पर लोगों से संवाद कर रहे हैं। 'आवाज' समूह के युवा अलग-अलग पवेलियन में पहुंचकर वहां प्रदर्शित विषयों से जुड़े सामाजिक संदेश अपनी प्रस्तुतियों के जरिए लोगों तक पहुंचा रहे हैं। 'आवाज' समूह की खासियत यह है कि युवा जिस पवेलियन में प्रस्तुति देने पहुंचते हैं, उसी से जुड़े विषय को नुक्कड़ नाटक का हिस्सा बनाते हैं। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन के पवेलियन में समूह ने विद्युत ऊर्जा की बचत और पर्यावरण संरक्षण को केंद्र में रखकर प्रस्तुति दी। गीत, संवाद और ढोलक-ढपली की थाप के साथ युवाओं ने बिजली के विवेकपूर्ण इस्तेमाल का संदेश दिया। प्रस्तुति के दौरान जुटी भीड़ को ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

# सरकार ने नहीं घटाई कीमत,.....फिर भी पांच सौ रूपये सस्ता मिल रहा कमर्शियल सिलेंडर

- होटलो पर जल रहे घरेलू गैस की आग में झुलसती जिले की गैस वितरण प्रणाली..!
- सरकारी रेट दरकिनार, पांचसौ रूपये सस्ते में बिक रहे कमर्शियल सिलेंडर
- भारत पैट्रोलियम के विक्रय अधिकारी की भूमिका पर उठ रहा गंभीर सवाल..?




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले में एलपीजी गैस वितरण प्रणाली इस समय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पूरी तरह से अराजकता की भेंट चढ़ चुकी है। एक तरफ जहां आम घरेलू उपभोक्ता महंगाई के बोझ तले दबा हुआ है, वहीं दूसरी ओर जिले में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की आंखों के सामने एलपीजी सिलेंडरों का अनैतिक 'अंडरकटिंग' और कालाबाजारी का नंगा खेल जारी है। हैरान करने वाली बात यह है कि सरकार या तेल कंपनियों की तरफ से कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई है,....फिर भी गोंडा के बाजार में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल सिलेंडर आधिकारिक सरकारी दरों से पांच सौ रूपये तक सस्ते में खुलेआम बेचा जा रहा, सूत्रों के मुताबिक

यह कोई राहत या पारदर्शी छूट नहीं,बल्कि कंपनि यों द्वारा दिए गए मासिक टारगेट,कोटा पूरा करने के दबाव,वितरकों की आपसी गलाकाट प्रतिस्पर्धा और अवैध रिफिलिंग सिंडिकेट का नतीजा है।इस पूरे फर्जीवाड़े में सबसे बड़ा और सीधा सवाल भा रत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के स्थानीय विक्रय अधिकारी की संदिग्ध निष्क्रियता व कार्य शैली पर खड़ा हो रहा है।

### बीपीसीएल विक्रय अधिकारी की निष्क्रियता पर उठे गंभीर सवाल..?

गोंडा के स्थानीय बाजार,नगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण इलाकों के ढाबों - होटलों में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल सिलेंडर की जगह 14.2 किलोग्राम वा ले सब्सिडी वाले घरेलू सिलेंडरों का खुलेआम व्या वसायिक इस्तेमाल हो रहा है, सूत्र बता रहे है कि बिचौलिये और अवैध रिफिलिंग सिंडिकेट बेखौफ होकर काम कर रहे हैं।चर्चाओं और सूत्रों का बजा र गर्म है कि भारत पेट्रोलियम के विक्रय अधिकारी पूरी तरह मूकदर्शक बने हुए हैं।

### क्या लगाम कसने में विफलता..?

क्या एजेंसियों और वितरकों द्वारा नियमों की धज्जियां उड़ाने पर विक्रय अधिकारी की कोई जवाबदेही नहीं बनती ? एजेंसियों से भारी मात्रा में घरेलू सिलेंडर बिचौलियों के पास कैसे पहुंच रहे हैं और उन्हें होटलों-ढाबों में व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए कैसे खपाया जा रहा है..? विभागीय जांच और भौतिक सत्यापन के अभाव ने इस अवैध नेट वर्क को फलने-फूलने का पूरा अवसर दिया है।

### नियम-कायदों की उड़ीं धज्जियां,छोटे वितरकों की टूटी कमर

एलपीजी सिलेंडरों के दाम तय करना केवल ऑय ल मार्केटिंगकंपनियों का अधिकार है,आधिकारिक दरों से कम या ज्यादा में अनियमित तरीके से गैस बेचना सीधे तौर पर आवश्यक वस्तुअधिनियम का उल्लंघन है।

### प्रभावित वर्ग स्थिति व प्रभाव आम उपभोक्ता

सही प्रक्रिया से बुकिंग कराने पर उन्हें पूरी सरका री कीमत चुकानी पड़ रही है, जिससे उनके बीच भारी भ्रम और आक्रोश व्याप्त है।वही जो ईमान दार वितरक हैं नियम-कायदों से काम करने वाली एजेंसियों और छोटे वितरकों का बिजनेस मॉडल पूरी तरह ठप होने की कगार पर पहुंच गया है।वही खाद्य - आपूर्ति विभाग और नाप तोल विभाग की आपराधिक चुप्पी इस पूरे सिंडिकेट को मौन सह मति देती प्रतीत हो रही है। वही अगर एजेंसियां निर्धारित दर से पांच सौ रुपये कम पर सिलेंडर बेच पा रही हैं, तो यह सीधे तौर पर टैक्स राजस्व की चोरी का मामला है।इस पूरे प्रकरण में बीपीसी एल के क्षेत्रीय अधिकारी और जिला प्रशासन की खामोशी कई संदेहों को जन्म देती है।''अब देखना यह होगा कि इस खुलासे के बाद भारत पेट्रोलियम प्रबंधन,खाद्य एवं रसद विभाग और जिला प्रशा सन इस बेलगाम सिंडिकेट और जिम्मेदार अधिका रियों पर क्या कड़ा एक्शन लेता है,....या फिर यह अवैध खेल यूं ही बेखौफ चलता रहेगा।

# रामापुरघाट पर सफ़ेद कफन में लिपटा मिला एक अस्सी वर्षीय वृद्ध महिला का शव,मचा हड़कंप

- रात के अंधेरे में अंतिम,संस्कार की आशंका,आंधी बारिश के चलते शव छोड़कर चले गए परिजन ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के रामापुर घाट पर रविवार को उस समय सनसनी फैल गई,जब सफ़े द कफन में लिपटी मिली एक अस्सी वर्षीय वृद्ध महिला का लावारिस शव पड़ा मिला।घाट पर शव देखकर स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया।सूचना मिलते ही कटरा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची औ र शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास शुरू किया।

हालांकि,काफी कोशिशों के बावजूद फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो स की है।शव के पास पूजन सामग्री के साथ अक्षत के रूप में चावल के दाने मिलने से मामले ने नया मोड़ ले लिया है।पुलिस की शुरुआती आशंका है कि महिला की मृत्यु के बाद उसके परिजन या संबं धी रात में अंतिम संस्कार के लिए शव को घाट पर लेकर पहुंचे होंगे।इसी दौरान अचानक बदले मौस म,तेज बारिश और आंधी-तूफान के चलते अंतिम संस्कार नहीं हो सका होगा।आशंका जताई जा र ही है कि इसके बाद वे शव को घाट पर ही छोड़ कर चले गए।हालांकि,शव को घाट पर छोड़ने की असल वजह क्या है और महिला को वहां कौन ले कर आया था, यह अभी स्पष्ट नहीं है।पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है, आ स-पास के लोगों से पूछताछ के साथ महिला की पहचान स्थापित करने की कोशिश की जा रही है।सफ़ेद कफन में लिपटी वृद्धा का शव कई सवा ल छोड़ गया है।आखिर महिला कौन थी ? उसके अपने कौन हैं...? यदि परिजन अंतिम संस्कार के लिए घाट पहुंचे थे, तो वे शव को अकेला छोड़कर क्यों चले गए ? इन सवालों के जवाब....पुलिस की जांच के बाद ही सामने आ सकेंगे।




# गोंडा में आफ़त की बारिश से पावर सिस्टम ध्वस्त

- 72 घंटे से अंधेरे में डूबा ज़िला,...पीने के पानी को तरसे लोग
- शहर से लेकर देहात तक बिजली-पानी का हाहा कार,इन्वर्टर-मोबाइल पड़े ठप,जीवन अस्त-व्यस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। लगातार तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बा रिश ने उत्तर प्रदेश के गोंडा ज़िले में जनजीवन को पूरी तरह पटरी से उतार दिया है। बारिश के कारण जहाँ एक ओर सड़कें लबालब हैं और जलभराव से आवागमन ठप है, वहीं दूसरी ओर ज़िले का वि द्युत ढाँचा पूरी तरह चरमरा गया है।ज़िला मुख्या लय की पॉश कॉलोनियों से लेकर ग्रामीण अंचलों मे पिछले 72 घंटे से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है।बिजली गुल होने से ज़िले में पेयजल का गंभीर संकट पैदा हो गया है।.जिला मुख्यालय पर स्थित कॉलोनी से लेकर आसपास के गांवों में स्थिति बे काबू होती दिख रही है,जहाँ विद्युत मोटर से होने वाली जलापूर्ति पूरी तरह बंद है और लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।



### लाइनें क्षतिग्रस्त, इन्वर्टर पड़े ठप

लगातार हो रही बारिश के चलते जगह-जगह पेड़ और डालियाँ टूटने से विद्युत खंभे और हाईटेंशन लाइनें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं।72 घंटे से ल गातार जारी बिजली कटौती के कारण लोगों के घ रों में रखे इन्वर्टर और बैटरियाँ भी जवाब दे चुकी हैं।शाम ढलते ही पूरा इलाका गहरे अंधेरे में डूब जाता है। मोबाइल फोन डिस्चार्ज हो जाने के कार ण लोगों का बाहरी दुनिया और अपने परिजनों से संपर्क पूरी तरह कट गया है।

### बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे ज़्यादा बेहाल

बिजली और पानी के अभाव में सबसे बुरा असर छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों पर पड़ रहा है।ज़रूरी चिकित्सीय और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बंद पड़े हैं।कॉलोनियों में हाहाकार की स्थिति है,लेकिन विभागीय मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है लेकिन बिजली आपूर्ति बहाल न होने के कारण स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश पनप रहा है।

### बिजली विभाग के दावे हवा-हवाई

शहर वासियों का आरोप है कि भीषण जलभराव और लाइनों में आई तकनीकी खामियों को दुरुस्त करने के लिए विभागीय टीम पर्याप्त मुस्तैदी नहीं दिखा रही है।कई इलाकों में खंभे उखड़ जाने के कारण आपूर्ति बहाल होने में अभी और समय लग ने की आशंका जताई जा रही है।..आपदा के इस दौर में ज़िले की जनता बुनियादी सुविधाओं के लि ए तरस रही है और प्रशासन से त्वरित राहत की गु हार लगा रही है।

# नशे के खिलाफ लाल बहादुर शास्त्री कॉलेज में गरजे छात्र

- 'विकसित भारत' की बुनियाद के लिए नशामुक्त समाज की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। विकसित भारत 2047 के निर्माण की राह में रोड़ा बन रहे नशा जैसे दीमक को उखाड़ फेंकने के लिए गोंडा के युवाओं ने हुंकार भरी है,सेवा संक ल्प अभियान' के तहत श्री लाल बहादुर शास्त्री डि ग्री कॉलेज के रक्षा अध्ययन विभाग द्वारा आयो जित ल्नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत अ 20 47 विषयक निबंध प्रतियोगिता में छात्रों के तेवर साफ देखने को मिले। कॉलेज परिसर का कक्ष सं ख्या, इस बात का गवाह बना कि जब बात राष्ट्र नि र्माण की हो, तो कुदरत की बंदिशें भी बेअसर हो जाती हैं।मूसलाधार बारिश और खराब मौसम के बावजूद 72 छात्र-छात्राओं ने अपनी कलम से नशे के सामाजिक-आर्थिक तंत्र पर करारा प्रहार किया



### नशे की दलदल पर तीखे बोल

प्रतियोगिता के दौरान छात्रों ने सिर्फ कागजों पर शब्द नहीं उकेरे,बल्कि समाज में पैठ बना चुकी नशे की बढ़ती प्रवृत्ति,परिवारों की तबाही और युवाओं पर इसके घातक प्रभावों की धज्जियां उड़ाईं।प्रतिभागियों ने स्पष्ट शब्दों में रेखांकित किया कि जब तक युवा नशे की गिरफ्त से आजा द नहीं होगा,तब तक 2047 के विकसित भारत का सपना महज कागजी दावों तक सीमित रहेगा। युवाओं ने नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी निर्णायक भूमिका का संकल्प दोहराया।

### स्वस्थ और अनुशासित युवा ही राष्ट्र का आधार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा अध्ययन विभागाध्यक्ष डॉ.सुनील कुमार तिवारी ने बेबाक अंदाज में कहा,''नशामुक्त समाज के निर्माण में युवा शक्ति ही मुख्य धुरी है।केवल एक स्वस्थ, जागरूक,अनुशासित और जिम्मेदार युवा ही देश की सामाजिक-आर्थिक प्रगति को वास्तविक गति दे सकता है।''?वहीं, डॉ. अमित शुक्ला ने कहा कि नशे के भंवर से निकलकर ही युवा अपने व्यक्ति गत भविष्य के साथ-साथ परिवार, समाज और पूरे देश को मजबूत बना सकता है।

### अधिकारियों और शिक्षकों ने सराहा जुनून

प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेंद्र सिंह ने छात्रों के इस अटूट उत्साह और रक्षा अध्ययन विभाग के अध्या पकों की मुस्तैदी को सलाम किया।सेवा संकल्प अभियान के नोडल अधिकारी प्रोफ़ेसर अरविंद कुमार शर्मा ने 17 सितंबर से लगातार चल रहे अभियानों की सफलता पर संतोष जाहिर किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुजीत सिंह और डॉ.सतीश दुबे की भूमिका बेहद मुस्तैद रही।

# जेल में बिगड़ती रही बंदी की हालत, इलाज में देरी से मौत का आरोप

- पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने उच्चस्तरीय जांच और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की
- एक करोड़ मुआवजा और दोषी अधिकारियों पर एफआईआर
- क्षेत्राधिकारी की जांच के बाद मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाए जाने का परिजनों का दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिला कारागार में बंद राम गणेश पाल की मौत ने जेल प्रशासन की कार्यशैली और बंदियों को मिलने वाली चिकित्सा सुविधाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।परिजनों का आरोप है कि लगातार बिगड़ती तबीयत के बावजूद राम गणेश पाल को समय पर समुचित इलाज नहीं मिला है। हालत गंभीर होने के काफी दिनों बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया,जहां से चिकित्सकों ने मेडि कल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया।परिजनों के मुताबिक, समुचित उपचार के अभाव और कथित लापरवाही के चलते उनकी मौत हो गई।इस माम ले में अब जेल प्रशासन की भूमिका और बंदी को उपलब्ध कराए गए इलाज की निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है।मृतक राम गणेश पाल कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्रामसभा भगहरिया, पूरे मितई के निवासी थे।उनके खिलाफ कौड़िया बाजार थाने में दर्ज मुकदमे को परिजनों ने राजनी तिक रंजिश से प्रेरित और फर्जी बताया है।उनका दावा है कि क्षेत्राधिकारी करनैलगंज की जांच में घटना झूठी पाए जाने के बाद पुलिस ने मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी।इसके बावजूद विपक्षि यों की ओर से न्यायालय में रिवीजन दाखिल किए जाने के बाद राम गणेश पाल को जेल भेज दिया गया।परिवार का आरोप है कि राजनीतिक रसूख के चलते इसी मुकदमे में नामजद दूसरे व्यक्ति के खिलाफ वैसी कार्रवाई नहीं हुई।




### तबीयत बिगड़ती रही, इलाज में देरी का आरोप

परिजनों का कहना है कि जिला कारागार में निरु द्ध रहने के दौरान राम गणेश पाल की तबीयत ल गातार खराब होती रही, लेकिन जेल प्रशासन ने उनके उपचार को गंभीरता से नहीं लिया।हालत अधिक बिगड़ने के बाद उन्हें जिला अस्पताल भे जा गया।वहां से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया। परिवार का आरोप है कि समय पर समुचित इला ज उपलब्ध कराया गया होता तो उनकी जान बच सकती थी।

### बिना सूचना दिए ऑपरेशन कराने का आरोप

इस मामले में परिजनों ने एक और गंभीर आरोप लगाया है।उनका कहना है कि राम गणेश पाल को अस्पताल में भर्ती कराने और उनका ऑपरेशन किए जाने की जानकारी परिवार को समय पर न हीं दी गई।परिजनों ने आरोप लगाया कि उनकी अनुमति के बिना ऑपरेशन कराया गया,जिसके बाद राम गणेश पाल की मौत हो गई।परिवार ने अस्पताल में भर्ती किए जाने,ऑपरेशन और उप चार से संबंधित पूरे घटनाक्रम की जांच कराने की मांग की है।

### परिजनों से मिले पूर्व विधायक, मुआवजे की मांग

राम गणेश पाल की मौत की खबर मिलने पर पूर्व सपा विधायक बैजनाथ दूबे परिजनों से मिलने प हुंचे।उन्होंने परिवार से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।परिजनों ने पुलिसिया उत्पीड़न और सत्ता के दबाव में प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाते हुए मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने, पीड़ित परिवार को ए क करोड़ रुपये का मुआवजा देने और दोषी अधि कारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की।उन्होंने पूरे प्रकरण में जवाबदेही तय किए जा ने की मांग उठाई।राम गणेश पाल की मौत के बाद अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि जेल में उनकी तबीयत बिगड़ने पर समय रहते इलाज क्यों नहीं मिला? अस्पताल में भर्ती कराने और ऑपरेशन की परिस्थितियां क्या थीं..? क्या उपचार में किसी स्तर पर लापरवाही हुई..? इन सवालों का जवाब निष्पक्ष जांच से ही सामने आ सकेगा।

# दिव्यांगता प्रमाण पत्र पर सवाल, सरकारी नौकरी पर घिरीं शिक्षिका!

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए प्रस्तुत दिव्यांगता प्रमाण पत्र की वैधता पर सवाल खड़े होने के बाद राजकीय हाईस्कूल विशेश्वरगंज में तैनात सहायक अध्यापक श्वेता मिश्रा कानूनी शि कंजे में आ गई हैं। बहराइच के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के सत्यापन में उनके नाम से प्रमाण पत्र जारी होने का रिकॉर्ड नहीं मिला। इसके बाद कोतवाली नगर में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

मामला संयु क्त शिक्षा निदेशक, देवीपाटन मंडल के पत्र के बाद कार्रवाई तक पहुंचा।अब पुलिस जांच में यह स्पष्ट होना है कि नियुक्ति के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्र क हां से जारी हुआ और इसके आधार पर नौकरी हा सिल करने के आरोपों में कितनी सच्चाई है।रिकॉ र्ड में प्रमाण पत्र नहीं, नियुक्ति पर उठे सवाल,माम ले की जड़ शिक्षिका की नियुक्ति के समय प्रस्तुत दिव्यांगता प्रमाण पत्र के सत्यापन से जुड़ी है।उप लब्ध जानकारी के मुताबिक, नियुक्ति प्रक्रिया के दौरान जमा कराए गए प्रमाण पत्र की जांच के लि ए स्वास्थ्य विभाग के अभिलेख खंगाले गए।सत्या पन में सीएमओकार्यालय के रिकॉर्ड में श्वेता मिश्रा के नाम से दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी होने का वि वरण नहीं मिला।संयुक्त शिक्षा निदेशक, देवीपाटन मंडल के पत्र के बाद मामले में वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ी।सीएमओ बहराइच की ओर से




### नौकरी और दस्तावेजों की होगी पड़ताल..?

प्रकरण ने सरकारी नियुक्तियों में प्रमाण पत्रों के स त्यापन की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए हैं।हा लांकि, अभी एफआईआर दर्ज होना आरोपों का अंतिम प्रमाण नहीं है।पुलिस जांच और संबंधित विभागों के अभिलेखों के आधार पर ही यह तय हो सकेगा कि कथित अनियमितता के लिए कौन जिम्मेदार है।फिलहाल, शिक्षिका के खिलाफ दर्ज मुकदमे और प्रमाण पत्र के सत्यापन से जुड़े दस्ता वेज मामले के केंद्र में हैं।

कोतवाली नगर में तहरीर दिए जाने के बाद शि क्षिका के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।अब प्रकरण में पुलिस की जांच अहम होगी।प्रमाण पत्र की उत्पत्ति,उसके जारी होने की प्रक्रिया और नियु क्ति में उसकी भूमिका की पड़ताल.. से मामले की अगली तस्वीर साफ होगी।

# पूर्व सपा नेता अलीगढ़ से गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मथुरा । जिले की एक महिला बैंक कर्मी को लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और अभद्र संदेश भेजने के मामले में थाना कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने रविवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए समाजवादी पार्टी के निष्कासित पूर्व सपा नेता सैयद राजन अहमद रिजवी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को अलीगढ़ जनपद के थाना क्वारसी क्षेत्र अंतर्गत धौर्रा माफी इलाके में रिश्तेदार के यहां रह रहा था, जहां से उसे पकड़ा गया है।

पुलिस जांच और पीड़ित की शिकायत के अनुसार, आरोपित राजन रिजवी की महिला बैंककर्मी से मॉर्निंग वॉक के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद आरोपित का रवैया बदल गया और उसने महिला के दफ्तर के चक्कर लगाने शुरू



कर दिए। आरोपित ने व्हाट्सएप पर चैटिंग के जरिए महिला को परेशान करना और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया।

पीड़ित महिला और उनके पति (जो खुद एक सरकारी मुलाजिम हैं) ने पूरे मामले की शिकायत सीओ सिटी से की। महिला की लिखित शिकायत पर थाना कोतवाली में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत टीमें गठित कर जांच तेज कर दी थी। रविवार को सूचना पर कोतवाली पुलिस और स्वॉट टीम ने संयुक्त दबिश देकर आरोपित राजन रिजवी को अलीगढ़ से धर दबोचा। वह मूल रूप से अंबेडकर सौख रोड (थाना कोतवाली) का रहने वाला आरोपी वर्तमान में सदर बाजार क्षेत्र में रह रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को लेकर सख्त रुख अपनाया जा रहा है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपित को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# एआई आधारित 'पेनटेस्टरेडार' बदल रहा साइबर सुरक्षा जांच का तरीका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नोएडा । उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में पारंपरिक उद्योगों के साथ तकनीक, नवाचार, स्टार्टअप और डिजिटल उद्यमिता को भी नई पहचान मिल रही है। इसी बदलते उत्तर प्रदेश की तस्वीर ग्रेटर नोएडा में आयोजित उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो-2026 में भी दिखाई दे रही है। यहां वाराणसी से आया युवा साइबर सुरक्षा स्टार्टअप 'पेनटेस्टरेडार' तकनीकी नवाचार की दिशा में खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है।

साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और एथिकल हैकर मृत्युंजय सिंह द्वारा विकसित किए जा रहे इस कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित मंच का उद्देश्य वेबसाइट, एप्लीकेशन और डिजिटल प्रणालियों में मौजूद संभावित सुरक्षा कमजोरियों की स्वचालित तरीके से पहचान करना है। स्टार्टअप के अनुसार, मंच सुरक्षा खामियों की पहचान के साथ उनकी गंभीरता समझने और उन्हें दूर करने के लिए उपयोगी रिपोर्ट तैयार करने में भी मदद करता है।

यूपीआईटीएस के उद्घाटन समारोह के बाद पेटीएम के संस्थापक विजय शेखर शर्मा ने भी पेनटेस्टरेडार के स्टॉल का दौरा कर स्टार्टअप के बारे में जानकारी ली। उन्होंने न सिर्फ स्टार्टअप के बारे में जाना बल्कि बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। यह कहानी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल एक युवा के तकनीकी प्रयोग की कहानी नहीं है बल्कि उत्तर प्रदेश में तैयार हो रहे उस स्टार्टअप इकोसिस्टम की तस्वीर भी है, जहां प्रदेश के अलग-अलग शहरों की प्रतिभाएं अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में अपने उत्पाद विकसित कर रही हैं और उन्हें वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए मंच मिल रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने उत्तर प्रदेश को निवेश, उद्योग, स्टार्टअप, सूचना प्रौद्योगिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में विभिन्न नीतिगत और संस्थागत पहल की हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी क्षेत्र के विस्तार से लेकर प्रदेश के अन्य शहरों में स्टार्टअप और नवाचार को प्रोत्साहन देने तक, राज्य का तकनीकी इकोसिस्टम लगातार विस्तार पा रहा है। ऐसे में यूपीआईटीएस जैसे वैश्विक व्यापार मंच केवल तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि प्रदेश के युवा नवाचारों को उद्योग, निवेशकों और संभावित बाजारों से जोड़ने का माध्यम भी बन रहे हैं। 'पेनटेस्टरेडार' इसी बदलाव की एक झलक है- जहां वाराणसी का युवा अपने साइबर सुरक्षा समाधान को ग्रेटर नोएडा के वैश्विक व्यापार मंच पर प्रस्तुत कर रहा है।

मृत्युंजय सिंह का साइबर सुरक्षा से जुड़ा सफर एथिकल हैकिंग से शुरू हुआ। उन्होंने विभिन्न डिजिटल प्रणालियों में सुरक्षा कमजोरियों की पहचान करने पर काम किया और उपलब्ध प्रोफाइल जानकारी के अनुसार, नासा, एप्पल, गूगल और मेटा जैसी कंपनियों से जुड़े बग बाउंटी कार्यक्रमों में भी योगदान दिया। नासा की वेबसाइट में सुरक्षा खामी की पहचान को उनके प्रमुख साइबर सुरक्षा अनुभवों में गिना जाता है। इस अनुभव ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि किसी डिजिटल प्रणाली को सुरक्षित रखने के लिए संभावित कमजोरियों की पहचान समय रहते करना कितना महत्वपूर्ण है। साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में मृत्युंजय का काम तकनीकी जांच तक सीमित नहीं रहा। साइबर ठगी से प्रभावित लोगों की सहायता के उद्देश्य से उन्होंने 'शैतान सेना' नाम से एक पहल शुरू की। साइबर अपराध के पीड़ितों से सीधे जुड़ने के अनुभव ने उन्हें डिजिटल सुरक्षा की जमीनी चुनौतियों को समझने का अवसर दिया।

# जल जीवन मिशन की टंकी चार दिन से बंद, ग्रामीण बूंद-बूंद पानी को तरसे

- भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना
- बिजली-सौर ऊर्जा पर निर्भर जलापूर्ति, जनरेटर और डीजल व्यवस्था बनी सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय, सुलतानपुर। हर घर नल से जल पहुंचाने के दावे के बीच जल जीवन मिशन की जमीनी हकीकत ग्रामीणों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। ग्रामसभा पीरोसरैया, डीह के अंतर्गत विशुनपुर में स्थापित पानी की टंकी से पिछले चार दिनों से जलापूर्ति ठप होने का मामला सामने आया है। पीरोसरैया, डीह, विशुनपुर, ऐंजर, देहली समेत आसपास की कई ग्रामसभाओं में भी नियमित पानी की सप्लाई प्रभावित होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

बताया जा रहा है कि संबंधित जलापूर्ति व्यवस्था मुख्य रूप से बिजली और सौर ऊर्जा के भरोसे संचालित होती है। बिजली अथवा अन्य तकनीकी कारणों से व्यवस्था प्रभावित होने की स्थिति में जनरेटर वैकल्पिक साधन होना सुनिश्चित है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि जनरेटर बंद पड़ा रहता है और डीजल व्यवस्था के अभाव में सप्लाई बंद है। सवाल यह है कि यदि सरकारी योजना में जनरेटर और डीजल की व्यवस्था है तो जरूरत के समय उसका उपयोग क्यों नहीं हो रहा। जलापूर्ति बंद रहने के बीच डीजल की खरीद, खपत, बिल-वाउचर और जनरेटर संचालन का रिकर्ड जांच के दायरे में आना चाहिए। यदि डीजल के नाम पर सरकारी धन खर्च हुआ है तो यह भी स्पष्ट होना चाहिए कि उसका वास्तविक उपयोग कब और कितनी मात्रा में हुआ। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में व्यवस्था और जमीन पर बंद जनरेटर की स्थिति की जांच निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए। सबसे गंभीर सवाल विभागीय निगरानी पर है।

चार दिनों से पानी की सप्लाई बंद रहने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं हुई या जानकारी के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई, यह दोनों ही स्थितियां विभागीय लापरवाही की ओर इशारा करती हैं। ग्रामीणों ने तत्काल टंकी चालू कराने, नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा डीजल और जनरेटर व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। अब देखना यह है कि विभाग पानी की समस्या दूर करता है या कागजी खानापूर्ति से ही जल जीवन मिशन की प्यास बुझाने का दावा करता रहता है।

## स्टेराड में उतरा करंट, अधेड़ की मौत परिवार में मचा कोहराम

सुलतानपुर। जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के बिरसिंहपुर गांव में रविवार सुबह बिजली के खंभे को सहारा देने वाली स्टे रड में उतरे करंट की चपेट में आने से 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया बिरसिंहपुर निवासी मलहु धुरिया (50) पुत्र सगरदीन रविवार सुबह करीब 7.30 बजे पानी लेने के लिए घर से निकले थे। बताया जाता है कि बिजली के खंभे की स्टे रड में करंट उतर रहा था। मलहु ने जैसे ही रड को छुआ, वह करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गए। परिजन आनन-फानन में उन्हें बिरसिंहपुर स्थित 100 बेड अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मलहु धुरिया पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के बिरसिंहपुर अंडरपास के नीचे चाय की टपरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके तीन बेटे महेंद्र, शैलेंद्र और जितेंद्र हैं। महेंद्र और शैलेंद्र विवाहित हैं, जबकि जितेंद्र अभी अविवाहित है। पति की मौत के बाद पत्नी सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलने पर जयसिंहपुर पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरूकर दी। बिजली के खंभे की स्टे रड में करंट उतरने से हुई मौत के बाद ग्रामीणों में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

## लगातार बारिश से फसलों को नुकसान, सपा नेता ने की मुआवजे की मांग



पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार हो रही बारिश से विधानसभा क्षेत्र पूरनपुर के कई गांवों में किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। खेतों में जलभराव के कारण धान समेत अन्य खरीफ फसलें खराब हो रही हैं, जिससे किसानों में चिंता बढ़ गई है।समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने गांवों का भ्रमण कर फसलों के नुकसान का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि पूरनपुर क्षेत्र के कई गांवों में लगातार बारिश के कारण फसलें पानी में डूब गई हैं और किसानों की मेहनत बर्बाद हो रही है।सपा नेता ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द राजस्व विभाग की टीम भेजकर फसलों के नुकसान का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने कहा कि किसान पहले ही कर्ज और महंगाई से जूझ रहा है, ऐसे में बारिश से हुआ नुकसान उसकी आर्थिक स्थिति को और खराब कर देगा।राजकुमार राजू ने कहा कि सरकार को किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए तत्काल राहत राशि और मुआवजे की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि किसानों को कुछ राहत मिल सके।

## नियमों की अनदेखी कर सपा नेता ने की प्लाटिंग, सिटी मजिस्ट्रेट ने जारी किया नोटिस

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के नेता नफीस अंसारी एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। शहर के नक्शा दाना चौराहे के पास उनकी कॉलोनी में नियमों की अनदेखी कर अवैध प्लाटिंग करने का मामला सामने आया है। सपा नेता ने नदी की सीमा में बिना अनुमति के प्लाटिंग कर दी। शिकायत मिलने पर प्रशासन ने मामले की जांच कराई। जांच में अनियमितताएं मिलने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट ने सपा नेता नफीस अंसारी को नोटिस जारी किया है।नोटिस में उनसे अवैध प्लाटिंग को लेकर जवाब तलब किया गया है और वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि निर्धारित समय में संतोषजनक जवाब नहीं मिलता है तो आगे की कठोर कार्रवाई की जाएगी।नोटिस जारी होते ही जिले में हड़कंप मच गया है। इससे पहले भी सपा नेता नफीस अंसारी का नाम कई विवादों में आ चुका है। प्रशासन का कहना है कि शहर में किसी भी अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## स्वास्थ्य व्यवस्था सुधारने की आम आदमी पार्टी ने की मांग

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आम आदमी पार्टी के पंचायत प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष एवं पूरनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी विनोद कुमार भारती ने कलीनगर तहसील के जंगल से सटे इलाकों की स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की मांग को लेकर रविवार को धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र भेजकर सीएचसी और पीएचसी में 24 घंटे प्रभावी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की मांग की। पत्र में कहा गया कि टाइगर रिजर्व से सटे क्षेत्रों में बाघ, भालू, सांप, मगरमच्छ समेत वन्यजीवों के हमलों की घटनाएं होती रहती हैं। घायलों को तत्काल उपचार की जरूरत होती है, लेकिन चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ और जांच सुविधाओं के अभाव में मरीजों को जिला मुख्यालय रेफर करना पड़ता है।भारती ने सीएचसी माधोटांडा में एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, ईसीजी और पैथोलॉजी जैसी जांच सुविधाएं शुरू करने की मांग की। साथ ही दो एएलएस एंबुलेंस, आईसीयू, ब्लड स्टोरेज यूनिट, एंटी-वेनम व जरूरी दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई। उन्होंने विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती, मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और दुर्घटना पीड़ितों के लिए ट्रॉमा केयर व्यवस्था को मजबूत करने की भी मांग की है।

## पानी की मोटर में उतरा करंट, चपेट में आने से किसान की मौत, मचा कोहराम

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव कंजाखेड़ा निवासी किसान मन्नू सिंह (60) की पानी की मोटर से करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।बताया जा रहा है कि मन्नू सिंह रविवार सुबह करीब 9 बजे गांव से कुछ दूरी पर स्थित अपने खेत में पानी की मोटर के पास गए थे। इसी दौरान मोटर में करंट उतर आया और वह उसकी चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह मौके पर ही गिर पड़े।आनन-फानन में परिजन उन्हें उपचार के लिए पूरनपुर सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में भी हादसे के बाद शोक का माहौल है।

## लगातार हो रही बारिश को लेकर सपा नेता ने लोगों से की सावधानी बरतने की अपील




ढबीसलपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लगातार हो रही बारिश को देखते हुए समाजवादी पार्टी के नेता डॉ. रत्नेश गंगवार ने 129 विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर सहित पूरे जनपद के लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में सभी लोग सतर्क रहें और सुरक्षित रहने के उपाय अपनाएं। घर से बाहर निकलते समय छाता और रेनकोट का प्रयोग करें। सड़क पर वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतें।डॉ. गंगवार ने लोगों से बिजली के खंभों और खुले तारों से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि पीने के पानी को उबालकर पिएं और स्वच्छ व साफ भोजन करें। अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचें और जरूरी होने पर ही बाहर जाएं।उन्होंने कहा कि सभी लोग सुरक्षित रहें, स्वस्थ रहें और मुस्कुराते रहें। बारिश के मौसम में छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं से बचा सकती हैं।

## आज उपाधि महाविद्यालय में होगा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन

पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रभारी जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश चंद्र ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, राजकीय आईटीआई तथा कौशल विकास मिशन पीलीभीत के संयुक्त तत्वावधान में आज एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन उपाधि महाविद्यालय पीलीभीत में किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र में बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए इस मेले में लगभग 30 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं।इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार मेले में अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियां, दो पासपोर्ट साइज फोटो और दो प्रतियों में बायोडाटा के साथ प्रतिभाग कर सकते हैं। इस मेले में नॉन टेक्निकल और टेक्निकल पुरुष एवं महिला दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं।साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

## डीएम ने विद्युत उपकेंद्र गोमती नदी के रीछ घाट व आम घाट एवं जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में विगत तीन चार दिनों से लगातार हो रही वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर विद्युत व्यवस्था, जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत उपकेंद्र मुसाफिरखाना, गोमती नदी के रीछ घाट एवं आम घाट का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शशांक चौधरी ने सबसे पहले विद्युत उपकेंद्र मुसाफिरखाना पहुंचे जहां उन्होंने बारिश के दौरान विद्युत आपूर्ति की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगातार हो रही वर्षा के बावजूद उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय । साथ ही विद्युत पोल गिरने, तार टूटने अथवा अन्य तकनीकी समस्याओं की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करते हुये उनका त्वरित समाधान किया जाय। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग की टीमें पूरी सतर्कता के साथ कार्य करें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये तैयार रहें। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने आगामी मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुये गोमती नदी के रीछ घाट एवं आम घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर सुरक्षा, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वर्षा के कारण उत्पन्न जलभराव की समस्या पर भी गंभीरता से ध्यान दिया। उन्होंने उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना को निर्देशित किया कि जहां जहां जलभराव की स्थिति बनी हुई है वहां तत्काल प्रभाव से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर समस्या के शीघ्र समाधान के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए वर्षा से प्रभावित फसलों का सर्वे कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में फसलों को नुकसान हुआ है वहां तत्काल सर्वेक्षण कर रिपोर्ट तैयार की जाए, जिससे पात्र किसानों को नियमानुसार क्षतिपूर्ति एवं अन्य अनुमन्य लाभ उपलब्ध कराए जा सकें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता विद्युत, उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# तीन दिन से बिजली गुल ग्रामीण बेहाल, बारिश के बाद चरमराई विद्युत व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। बारिश के बाद बल्दीराय क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह पटरी से उतर गई है। समरथपुर, देहली डीह और वलीपुर समेत कई फीडरों से जुड़े गांवों में करीब तीन दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित होने से ग्रामीणों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। लगातार बिजली गुल रहने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद से विद्युत आपूर्ति लगातार प्रभावित है। कहीं तारों में फाल्ट तो कहीं अन्य तकनीकी खराबी के कारण बिजली व्यवस्था लड़खड़ा गई है। तीन दिन बीत जाने के बाद भी कई इलाकों में आपूर्ति सामान्य नहीं हो सकी है। बिजली के अभाव में घरों में पानी की व्यवस्था, मोबाइल चार्जिंग, बच्चों की पढ़ाई और रोजमर्रा के जरूरी काम तक प्रभावित हो रहे हैं। लगातार बिजली कटौती के बीच उमस भरी गर्मी ने ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। रात में बिजली न आने से लोग परेशान हैं। वहीं छोटे बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से प्रभावित फीडरों का तत्काल निरीक्षण कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि बारिश से क्षतिग्रस्त तार, पोल, ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों की जांच कराकर फाल्ट दूर किया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति सुचारु हो सके। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं हुई तो समस्या को लेकर विभागीय अधिकारियों से सामूहिक रूप से शिकायत की जाएगी। लोगों ने विभाग से तत्काल प्रभाव से कर्मचारियों की टीम लगाकर आपूर्ति बहाल कराने की मांग की है।

# नवागत एएसपी ने पूरनपुर कोतवाली का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। नवागत अपर पुलिस अधीक्षक हिमांशु गौरव ने पूरनपुर कोतवाली का औचक निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अचानक हुए निरीक्षण से कोतवाली में हलचल मच गई।एएसपी ने कोतवाली परिसर में साफ-सफाई, कार्यालयों और अभिलेखों की स्थिति का निरीक्षण किया और संबंधित पुलिसकर्मियों से जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने मिशन शक्ति केंद्र का भी जायजा लिया। महिला संबंधी शिकायतों की सुनवाई, महिलाओं को दी जा रही सहायता और जागरूकता गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की।इसके अलावा उन्होंने कोतवाली के डाक कार्यालय का निरीक्षण कर पत्रावलियों और डाक से संबंधित कार्यों की स्थिति देखी।एएसपी ने पुलिसकर्मियों को शिकायतों के त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने आने वाले फरियादियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाए और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। लंबित विवेचनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर भी जोर दिया।निरीक्षण के दौरान अभिलेखों के रखरखाव और परिसर की व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान कोतवाली प्रभारी पवन पांडे, कस्बा चौकी इंचार्ज जयप्रकाश सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# बारिश के बीच गोमती मित्रों ने किया श्रमदान विसर्जन के बाद चमकाया सीताकुंड तट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। लगातार हो रही बारिश के बीच गोमती मित्र मंडल के सदस्यों ने रविवार को श्री सीताकुंड धाम में साप्ताहिक श्रमदान अभियान चलाया। सुबह छह से नौ बजे तक चले अभियान में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के बाद घाट और तट पर फैली गंदगी को हटाकर सफाई की गई।

इस दौरान गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने सीताकुंड धाम के आसपास तेज आवाज में डीजे बजाए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि धाम की धार्मिक और शांतिपूर्ण गरिमा को देखते हुए यहां तेज आवाज में डीजे बजाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। श्रमदान अभियान में प्रबंधक राजेंद्र शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता रमेश माहेश्वरी, राकेश सिंह दद्दू, अजय प्रताप सिंह, दिनकर सिंह, मुन्ना पाठक, राम क्विंचल मौर्या, आलोक तिवारी, रामु सोनी, अभय सोनी, आभास शर्मा, अभय मिश्रा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बारिश के चलते पीलीभीत में आज स्कूलों में अवकाश घोषित, बीएसए रौशनी सिंह ने जारी की आदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। लगातार हो रही बारिश और खराब मौसम को देखते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रौशनी सिंह ने 28 सितंबर 2026 को जिले के सभी परिषदीय विद्यालयों में अवकाश घोषित किया है।बीएसए द्वारा जारी आदेश के अनुसार भारी बारिश के कारण बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। जिले में पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कच्चे रास्तों पर आवागमन भी मुश्किल हो गया है।आदेश में कहा गया है कि जनपद के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय और मान्यता प्राप्त विद्यालय 28 सितंबर को बंद रहेंगे।

बीएसए ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों और प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए हैं कि आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अभिभावकों से भी अपील की गई है कि बारिश के दौरान बच्चों को बाहर न भेजें।

## मूसलाधार बारिश में ढह गया गरीब का कच्चा मकान

तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र तिलोई के ग्राम रजनपुर में मूसलाधार बारिश के चलते एक गरीब का मकान भरभराकर ढह गया जिससे दैनिक उपयोग की वस्तुओं के साथ ही अन्य तमाम सामग्री नष्ट हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही एसडीएम तहसीलदार ने स्थलीय निरीक्षण कर पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया है और आम जनमानस से सतर्कता बरतने की अपील की है। क्षेत्र में अनवरत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण आम आदमी का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गांव के गली गलियारों से लेकर खेत खलिहानों तक चहुंओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। इस बरसात के कारण गांव रजनपुर निवासी सुनील कुमार तिवारी का मकान भरभराकर ढह गया जिससे उनके घर में रखी दैनिक उपयोग की वस्तुओं समेत अन्य तमाम सामग्री दबकर नष्ट हो गई है। पीड़ित परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

# अमेठी के पर्यटन मानचित्र पर छायेगा बाबा महावीर दास मंदिर

- मुसाफिरखाना क्षेत्र के ग्राम नारा में 96.41 लाख रूपये से संवर रहा मंदिर
- पर्यटन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनपद अमेठी के ग्राम नारा, मुसाफिरखाना स्थित बाबा महावीर दास मंदिर का पर्यटन विकास कार्य नौ अप्रैल को शुरू हुआ था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार में मुसाफिरखाना क्षेत्र के ग्राम नारा स्थित बाबा महावीर दास मंदिर को पर्यटन विभाग की महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत नया स्वरूप मिलने जा रहा है। छियानवे लाख इकतालीस हजार रुपये की लागत से चल रहे इस पर्यटन विकास कार्य से धार्मिक स्थल पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और मंदिर परिसर पर्यटन की दृष्टि से और आकर्षक बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की योजनाओं के अंतर्गत अमेठी के कई धार्मिक स्थलों पर विकास कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

पर्यटन विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जनपद अमेठी के ग्राम नारा, मुसाफिरखाना स्थित बाबा महावीर दास मंदिर का पर्यटन विकास कार्य नौ अप्रैल को शुरू हुआ था। अगले वर्ष अप्रैल माह तक निर्माण प्रस्तावित है। परियोजना प्रबंधक देवव्रत पवार ने बताया कि वर्तमान में चबूतरे का कार्य पूर्ण हो चुका है जबकि गजेबो (छतरीनुमा संरचना), पेयजल व्यवस्था और यात्री हाल के रेनोवेशन का कार्य प्रगति पर है। ये सुविधाएं श्रद्धालुओं के ठहरने, विश्राम करने और शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगी। इसका मतलब है कि श्रद्धालु अब बेहतर वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकेंगे। पर्यटन विभाग की इस पहल से अमेठी के धार्मिक स्थल प्रदेश के अन्य पर्यटन स्थलों की तर्ज पर विकसित हो रहे हैं।मंदिर परिसर में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। चबूतरे के पूरा होने से मंदिर के मुख्य क्षेत्र में साफ-सुथरा और व्यवस्थित वातावरण तैयार हो गया है। गजेबो का निर्माण श्रद्धालुओं को धूप और वर्षा से सुरक्षा प्रदान करेगा, जबकि यात्री हाल के नवीनीकरण से बड़े समूहों के ठहरने की व्यवस्था बेहतर होगी। पेयजल व्यवस्था से स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

## स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है। अमेठी जैसे क्षेत्रों में मंदिरों और धार्मिक स्थलों के विकास से न केवल श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी मिलेंगे। पर्यटन विभाग की इन परियोजनाओं से क्षेत्र का समग्र विकास हो रहा है। बाबा महावीर दास मंदिर लंबे समय से क्षेत्र के लोगों की आस्था का केंद्र रहा है। इसके विकास से मुसाफिरखाना क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों को गति मिलेगी। इस परियोजना से मंदिर परिसर में स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधाओं का स्तर ऊंचा उठेगा।

# बीमित किसान फसल क्षति की सूचना बहत्तर घण्टे के भीतर अवश्य दर्ज कराएं : देवेंद्र सिंह निरंजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। जिला कृषि अधिकारी देवेंद्र सिंह निरंजन ने जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमित फसलों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति की स्थिति में निर्धारित समयावधि के भीतर सूचना दर्ज कराना आवश्यक है, जिससे पात्र किसानों को योजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने बताया कि ओलावृष्टि, जलभराव (धान की फसल को छोड़कर), भूस्खलन, बादल फटना, आकाशीय बिजली से उत्पन्न आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल को नुकसान होने पर किसान क्षति की सूचना दर्ज करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त फसल कटाई के बाद खेत में सुखाने के लिए रखी गई फसल को आगामी चौदह दिनों के भीतर ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा अथवा बेमौसम बारिश से क्षति होने की स्थिति में भी योजना के तहत दावा किया जा सकता है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसान फसल नुकसान की सूचना कृषि रक्षक पोर्टल, टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 14447 तथा पीएम फसल बीमा योजना के व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 7065514447 पर दर्ज करा सकते हैं। इसके अलावा संबंधित बीमा कंपनी, बैंक शाखा अथवा कृषि विभाग के माध्यम से भी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति की सूचना घटना के बहत्तर घंटे के भीतर देना अनिवार्य है। सूचना दर्ज कराते समय किसान अपना नाम, मोबाइल नंबर, बीमित फसल का विवरण, प्रभावित क्षेत्र/सर्वे नंबर, पीएमएफबीवाई आवेदन संख्या तथा बैंक खाते से संबंधित आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएं। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के सभी बीमित किसानों से अपील की है कि फसल क्षति होने की स्थिति में बिना विलंब निर्धारित माध्यमों से सूचना दर्ज कराकर योजना का लाभ प्राप्त करें।

## सम्पादकीय

# ट्रम्प की दादागिरी के खिलाफ आवाज

अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब तक निश्चित रूप से जान चुके हैं कि व्हाइट हाऊस से मीडिया को अचानक प्रतिबंधित करना गैर-कानूनी है। उनके पास क्रेडैंशियल्स रद्द करने के वैकल्पिक और वैध तरीके भी हैं जो स्वतंत्र अभिव्यक्ति के लिए इतने हानिकारक नहीं होते। लेकिन बेखौफ होकर मनमानी करना शायद वही तरीका है जिससे ट्रम्प अपने प्रतिद्वंद्वियों को दबाकर झुकाते हैं। इस बार, प्रैस पलटवार कर रही है और बाकी देश को यह सिखा रही है कि किसी धौंस जमाने वाले से कैसे निपटा जाता है। सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको ने ट्रम्प द्वारा ट्रुथ सोशल पर उनके खिलाफ प्रतिबंध की घोषणा किए जाने के बाद सोमवार को ट्रम्प प्रशासन के खिलाफ मुकद्दमा दायर किया और न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद आखिर वीरवार को प्रैस को व्हाइट हाऊस में जाने की अनुमति मिल गई। ट्रम्प ने यह प्रतिबंध उनकी कथित 'फ़ेक न्यूज की लगातार 'रिपोष्टग' के परिणामस्वरूप' लगाया था। अपने मुकद्दमे में, मीडिया संस्थानों का आरोप है कि व्हाइट हाऊस से प्रतिबंधित किया जाना उनके फर्स्ट अमैंडमैंट के दृष्टिकोण भेदभाव से स्वतंत्रता के अधिकार (और अपने अधिकारों का प्रयोग करने पर बदले की कार्रवाई से सुरक्षा), साथ ही उनके फिफ्थ अमैंडमैंट की उचित प्रक्रिया के अधिकार का उल्लंघन करता है। एक राष्ट्रपति सैद्धांतिक रूप से वैध आधारों पर मीडिया क्रेडैंशियल्स रद्द कर सकता है, जैसे कि व्हाइट हाऊस के भीतर दुर्व्यवहार लेकिन ऐसा करने के लिए निष्पक्ष सूचना और किसी निष्पक्ष मध्यस्थ द्वारा सुनवाई का अवसर देना आवश्यक होगा। सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको का कहना है कि उनके क्रेडैंशियल्स छीने जाने से पहले उन्हें ऐसी कोई प्रक्रिया नहीं दी गई और उनकी समाचार कवरेज से राष्ट्रपति की हताशा के अलावा सार्वजनिक रूप से किसी दुर्व्यवहार का उल्लेख नहीं किया गया है। ट्रम्प ने किसी ऐसे विशिष्ट समाचार या दावे का उल्लेख तक नहीं किया, जिसे वह गलत बताते हों। ट्रम्प निश्चित रूप से जानते हैं कि मुकद्दमा कैसे दर्ज किया जाता है। राष्ट्रपति ने द वॉल स्ट्रीट जर्नल, ए.बी.सी. न्यूज और सी.बी.एस. न्यूज जैसे समाचार माध्यमों पर मुकद्दमे किए हैं, जिनके मिले-जुले परिणाम रहे हैं। हालांकि, सी.एन.एन., एम.एस. नाऊ और पोलिटिको पर थोपा गया पूर्ण प्रतिबंध प्रैस संस्थानों और उनके पत्रकारों के प्रथम संशोधन अधिकारों का सीधा उल्लंघन है। ट्रम्प ने इस जोखिम को तब और बढ़ा दिया, जब उन्होंने मुकद्दमे के अनुसार धमकी दी कि 'इसके बाद 'अन्य फ़ेक न्यूज मीडिया आऊटलैट्स' का नंबर आएगा।' लेकिन सोमवार दोपहर तक, टी.वी. प्रसारण प्रैस के अन्य सदस्यों ने, जिनमें फॉक्स न्यूज भी शामिल है, घोषणा कर दी कि वे ट्रम्प के उन कार्यक्रमों को कवर नहीं करेंगे जो कवरेज के लिए निर्धारित थे। इससे पता चलता है कि मीडिया के सदस्यों ने यह सीख लिया है कि किसी धौंस जमाने वाले को हराने का तरीका आत्मसमर्पण नहीं, बल्कि सामूहिक कार्रवाई है। राष्ट्रपति को उस टी.वी. कवरेज से वंचित करके, जिसके वह भूखे हैं, उन्होंने सबसे अचूक हथियार से वार किया है। ट्रम्प को ऐसे ही प्रतिबंधों पर पहले भी अदालतों में हार का सामना करना पड़ा है, जैसे कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान सी.एन.एन. के एक रिपोर्टर के प्रैस क्रेडैंशियल को रद्द करने का उनका असफल प्रयास। फिर 2025 में, ट्रम्प ने एसोसिएटेड प्रैस (ए.पी.) को व्हाइट हाऊस से इसलिए प्रतिबंधित कर दिया क्योंकि उसने मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमरीका की खाड़ी' करने के राष्ट्रपति के फैसले के अनुरूप अपनी स्टाइल-बुक को अपडेट करने से इंकार कर दिया था। वह मामला अभी भी अपील में है लेकिन एक अंतरिम आदेश में, डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया की कोर्ट ऑफ अपील्स ने लिखा कि यद्यपि एक राष्ट्रपति ओवल ऑफिस या एयर फोर्स वन जैसे निजी स्थानों तक प्रैस की पहुंच को सीमित कर सकता है, व्हाइट हाऊस के अन्य हिस्से 'गैर-सार्वजनिक मंच' हैं, जिन्हें एक बार संवाददाताओं के लिए खोल दिए जाने के बाद, उनके दृष्टिकोण की परवाह किए बिना उन सभी के लिए खुला होना चाहिए। सूचना युद्ध 'एक्टिव मेजर्स' शब्द का अर्थ ऐसी कार्रवाई करना है, जो आपके प्रतिद्वंद्वी को पहले से तय तरीके से प्रतिक्रिया देने के लिए उकसाए।

# नई औद्योगिक क्रांति के पथ पर भारत

**भारत में उपलब्ध प्रतिभा और श्रमशक्ति के भरोसे विश्व की कई बड़ी कंपनियों के बीच भारत में विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित करने की होड़ दिखाई दे रही है। ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने चेन्नई में एक विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किया है। बैंक ऑफ अमेरिका ने अपना सबसे बड़ा बैक-ऑफिस कार्यालय पुणे में स्थापित किया है। इस बैंक के दुनियाभर के बैक-ऑफिस संचालन में कार्यरत 11,000 कर्मचारी इस केंद्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अमेरिका के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन ने पुणे और चेन्नई में वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाली बोस्टन की एक कंपनी ने फरवरी 2026 में हैदराबाद में बड़े स्तर पर अपना अंतरराष्ट्रीय कार्यालय स्थापित किया है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे में आज 1,700 से अधिक वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन केंद्रों में 19 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। भारत अब आउटसोर्सिंग हब से आगे बढ़कर उच्चस्तरीय टैलेंट सेंटर के रूप में स्थापित हो रहा है। भारत में स्थापित कुल वैश्विक योग्यता केंद्रों में लगभग 65 प्रतिशत केंद्र अमेरिकी कंपनियों द्वारा स्थापित किए गए हैं। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे अनुसंधान का कार्य इन केंद्रों में सम्पन्न हो रहा है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए उत्पादों का विकास भी इन्हीं केंद्रों में किया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत अमेरिका की कंपनी ट्रूब्रिज ने भी फरवरी 2026 में मुंबई में वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र का आने वाले समय में और विस्तार किया जाना है।**

भारत में आज एक नई औद्योगिक क्रांति प्रारम्भ हो चुकी है। यह विचार अमेरिका की जानी-मानी निवेश बैंकिंग संस्था जेफरीज ने व्यक्त किया है। भारत में विशेष रूप से डाटा सेंटर स्थापित करने के उद्देश्य से करोड़ों अमेरिकी डॉलर का निवेश होता दिखाई दे रहा है। डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से टैक्स में भारी छूट भी प्रदान की जा रही है। ऐसे में भारत में डाटा सेंटर स्थापित करने की होड़ दिखाई दे रही है। पिछले पांच वर्षों के दौरान भारत में डाटा सेंटरों की क्षमता दोगुनी हो चुकी है और आने वाले पांच वर्षों में इसके बढ़कर 10 जीडब्ल्यू तक पहुंचने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वैश्विक स्तर पर डाटा सेंटर अब एक महत्वपूर्ण क्षेत्र के रूप में उभर रहा है। साथ ही, भारत में सेमीकंडक्टर उत्पादन इकाइयों को उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत लाभ प्रदान किया जा रहा है। इसके लिए 1,300 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि निर्धारित की गई है। इसका परिणाम यह है कि सेमीकंडक्टर क्षेत्र में विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए भारत में 2,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का निवेश किया जा चुका है और यह निवेश आगे भी जारी रहने की संभावना है। भारत आज उन चुनिंदा देशों में शामिल है, जिनके पास अंतरिक्ष क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीक उपलब्ध है। भारत में स्पेस क्षेत्र की अर्थव्यवस्था वर्ष 2030 तक पांच गुना तक बढ़ सकती है। वैश्विक स्तर पर एयरोस्पेस क्षेत्र में मांग और आपूर्ति के बीच असंतुलन के चलते भारत लाभ की स्थिति में पहुंच गया है। कम लागत और कुशल इंजीनियरिंग टैलेंट भारत की महत्वपूर्ण ताकत बनकर उभरा है। इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में भारत अब केवल पुर्जों को जोड़कर उत्पाद तैयार करने तक सीमित नहीं है बल्कि इस क्षेत्र में उच्चस्तरीय उत्पादों का निर्माण भी करने लगा है। अगले छह वर्षों में मोबाइल कंपोनेंट्स में घरेलू वैल्यू एडिशन लगभग 20 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत तक होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। सोलर क्षेत्र में भारत आज वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे बड़ा सोलर पीवी उत्पादक देश बन गया है। इसका परिणाम यह है कि वर्तमान में भारत में 35 ब्व्द्ध की सोलर क्षमता चालू है, जबकि 100 जीडब्ल्यू की क्षमता पर निर्माण कार्य चल रहा है। एशिया की सबसे बड़ी 100 कंपनियों की सूची में आज भारत की 34 कंपनियां शामिल हो चुकी हैं। कुल मिलाकर, पहले भारत फार्मा, टेक्सटाइल, चमड़ा उत्पाद, कृषि उत्पाद, मसाले, स्टील, ऑटोमोबाइल और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में वैश्विक स्तर पर उत्पादों का निर्यात करने में सफल हो रहा था। अब परिस्थितियां बदल रही हैं। डाटा सेंटर, सेमीकंडक्टर उत्पादन, स्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर और सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी भारत तेजी से वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रहा है। भारत में उपलब्ध प्रतिभा और श्रमशक्ति के भरोसे विश्व की कई बड़ी कंपनियों के बीच भारत में विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित करने की होड़ दिखाई दे रही है। ब्रिटेन की फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने चेन्नई में एक विशाल वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किया है। बैंक ऑफ अमेरिका ने अपना सबसे बड़ा बैक-ऑफिस कार्यालय पुणे में स्थापित किया है। इस बैंक के दुनियाभर के बैक-ऑफिस संचालन में कार्यरत 11,000 कर्मचारी इस केंद्र का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। अमेरिका के सबसे पुराने वित्तीय संस्थानों में से एक बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन ने पुणे और चेन्नई में वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में कार्य करने वाली बोस्टन की एक कंपनी ने फरवरी 2026 में हैदराबाद में बड़े स्तर पर अपना अंतरराष्ट्रीय कार्यालय स्थापित किया है। बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और पुणे में आज 1,700 से अधिक वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन केंद्रों में 19 लाख से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। भारत अब आउटसोर्सिंग हब से आगे बढ़कर उच्चस्तरीय टैलेंट सेंटर के रूप में स्थापित हो रहा है। भारत में स्थापित कुल वैश्विक योग्यता केंद्रों में लगभग 65 प्रतिशत केंद्र अमेरिकी कंपनियों द्वारा स्थापित किए गए हैं। इन कंपनियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे अनुसंधान का कार्य इन केंद्रों में सम्पन्न हो रहा है। टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए उत्पादों का विकास भी इन्हीं केंद्रों में किया जा रहा है। स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत अमेरिका की कंपनी ट्रूब्रिज ने भी फरवरी 2026 में मुंबई में वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र का आने वाले समय में और विस्तार किया जाना है। इसी प्रकार बीमा, बैंकिंग, स्वास्थ्य, साइबर सिक्योरिटी, फार्मा और सुरक्षा के क्षेत्रों में कार्यरत अनेक कंपनियां भारत में अपने वैश्विक योग्यता केंद्र स्थापित कर रही हैं। एक समय अमेरिका और अन्य विकसित देशों की ओर भारत से बड़े पैमाने पर ब्रेन ड्रेन हुआ करता था। अब परिस्थितियों में बदलाव दिखाई दे रहा है और भारत रिवर्स ब्रेन ड्रेन की दिशा में आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। विशेष रूप से अमेरिका की नीतियों के कारण अन्य देशों से अमेरिका जाने वाले टैलेंट के लिए वहां लंबे समय तक रहना चुनौतीपूर्ण होता जा रहा है। इसके साथ ही अमेरिका और अन्य यूरोपीय देशों में जनसंख्या संबंधी परिस्थितियां भी बदल रही हैं। इन देशों में जन्म दर लगातार कम हो रही है। वहां जीवनशैली तेजी से व्यक्तिगत केंद्रित होती जा रही है। विवाह जैसी सामाजिक संस्था के प्रति दृष्टिकोण में भी व्यापक परिवर्तन दिखाई दे रहा है। पश्चिमी देशों में लिव-इन रिलेशनशिप का चलन बढ़ा है और विवाह को लेकर पारंपरिक सोच में बदलाव आया है। तलाक की दरों में भी कई देशों में वृद्धि दर्ज की गई है। इन देशों में सामान्य जीवन-यापन की लागत लगातार बढ़ रही है। परिवार बढ़ाने और बच्चों के पालन-पोषण पर होने वाला खर्च भी लोगों के निर्णयों को प्रभावित कर रहा है। इसी संदर्भ में 'डबल इनकम नो किड्स' यानी क्काख का विचार भी जोर पकड़ रहा है। इसका अर्थ है कि परिवार में दोनों व्यक्ति आय अर्जित करें, पर बच्चे न हों। भारतीय दर्शन में विवाह को परिवार, समाज और अगली पीढ़ी के निर्माण से जुड़ी एक महत्वपूर्ण संस्था के रूप में देखा गया है। इसके विपरीत, पश्चिमी समाज में व्यक्तिगत स्वतंत्रता और व्यक्तिगत सुख को अधिक महत्व दिए जाने के कारण पारिवारिक संरचनाओं में बदलाव दिखाई दे रहा है। पुनर्जन्म और जीवन के आध्यात्मिक उद्देश्य को लेकर भारतीय तथा पश्चिमी दार्शनिक दृष्टिकोणों में भी महत्वपूर्ण अंतर है। पश्चिमी समाज में बढ़ती भौतिक आवश्यकताओं, जीवन-यापन की लागत और व्यक्तिगत जीवनशैली का प्रभाव परिवार एवं जनसंख्या संरचना पर दिखाई दे रहा है। नागरिकों के सामने यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है कि वे अपनी आय और संसाधनों का कितना हिस्सा परिवार तथा बच्चों के पालन-पोषण पर खर्च कर सकते हैं। परिणामस्वरूप कई देशों में परिवार का आकार छोटा होता जा रहा है और जन्म दर में गिरावट देखी जा रही है। आज पश्चिमी देशों के नागरिक, विशेष रूप से प्रौढ़ नागरिक, अपने जीवन के अंतिम चरण को अधिक सहज और शांतिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से भारत की ओर भी आकर्षित हो रहे हैं। भारत की आध्यात्मिक नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के अनेक क्षेत्रों में विदेशी नागरिकों की उपस्थिति बढ़ी है। कुछ देशों के नागरिक गोवा जैसे राज्यों में भी आकर बस रहे हैं। भारत के इन स्थलों पर उन्हें मानसिक शांति और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त होता है। प्रारम्भ में अनेक विदेशी नागरिक योग और आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त करने के उद्देश्य से भारत आते हैं। भारत में रहने के दौरान उन्हें यहां की जीवनशैली और आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव होता है। इसके बाद कुछ लोग भारत में ही लंबे समय तक रहने या बसने का निर्णय लेते हैं। भारत में तेजी से विकसित हो रही औद्योगिक और तकनीकी क्षमताओं के साथ-साथ यहां की विशाल प्रतिभा, कुशल इंजीनियरिंग क्षमता, अपेक्षाकृत कम लागत और आध्यात्मिक-सांस्कृतिक वातावरण भी वैश्विक स्तर पर भारत के आकर्षण को बढ़ा रहा है। डाटा सेंटर से लेकर सेमीकंडक्टर, स्पेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोलर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वैश्विक योग्यता केंद्रों तक अनेक क्षेत्रों में भारत का विस्तार इस बात का संकेत है कि देश एक नए औद्योगिक और तकनीकी चरण में प्रवेश कर रहा है। -प्रहलाद सबनानी

# बेमौसम बरसात, पर्यावरण असंतुलन का परिणाम

**संजीव ठाकुर**

जलवायु परिवर्तन का अर्थ केवल तापमान का बढ़ना नहीं है। तापमान बढ़ने के साथ वायुमंडल की नमी धारण करने की क्षमता भी बढ़ती है। अंतरराष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन पैनल के अनुसार, मानव गतिविधियों से बढ़ने वाली ग्रीनहाउस गैसों का वैश्विक स्तर पर भूमि क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा की तीव्रता बढ़ने में महत्वपूर्ण योगदान है। वैज्ञानिक आकलन यह भी बताते हैं कि तापमान में प्रत्येक एक डिग्री सेल्सियस वृद्धि के साथ वायुमंडल की अधिकतम नमी धारण क्षमता लगभग सात प्रतिशत बढ़ सकती है। परिणामस्वरूप जब वर्षा होती है तो कम समय में अधिक पानी गिरने की संभावना बढ़ती है। भारत जैसे विशाल और विविध जलवायु वाले देश में इसका प्रभाव और अधिक जटिल दिखाई देता है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार भारत की लगभग 80 प्रतिशत वार्षिक वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से जुड़ी होती है। मानसून के दौरान वर्षा का वितरण स्वाभाविक रूप से असमान रहता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में भारी वर्षा की घटनाओं की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ने की चिंता व्यक्त की गई है। अत्यधिक वर्षा कुछ ही घंटों में स्थानीय बाढ़, शहरी जलभराव, भूस्खलन और कृषि तथा आधारभूत संरचनाओं को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है। बेमौसम बरसात को केवल आसमान की अचानक बदलती हुई स्थिति समझना पर्याप्त नहीं होगा। इसके पीछे अनेक प्राकृतिक और मानवीय कारण एक साथ काम कर सकते हैं। वैश्विक तापमान में वृद्धि, समुद्र के तापमान में बदलाव, वायुमंडलीय परिसंचरण में परिवर्तन और स्थानीय स्तर पर भूमि उपयोग में बदलाव वर्षा के स्वरूप को प्रभावित कर सकते हैं। इसके साथ ही तेजी से बढ़ते शहर, कंक्रीट का विस्तार, जल निकासी क्षेत्रों पर अतिक्रमण, पेड़ों की कटाई और प्राकृतिक जलस्रोतों का विनाश वर्षा के पानी को जमीन में समाने से रोकते हैं। फलतः सामान्य वर्षा भी कई बार असामान्य संकट का रूप ले लेती है। प्रकृति का अपना एक अनुशासन है। ऋतुओं का बदलना, बादलों का आना, वर्षा का होना, नदियों का बहना, पेड़ों का बढ़ना और हवाओं का चलना—ये सब पृथ्वी के उस प्राकृतिक संतुलन का हिस्सा हैं, जिसने करोड़ों वर्षों से जीवन को सुरक्षित रखा है। लेकिन पिछले कुछ दशकों में मौसम के स्वभाव में जिस तरह के परिवर्तन दिखाई दे रहे हैं, वे केवल संयोग नहीं माने जा सकते। कहीं बेमौसम बारिश हो रही है, कहीं अल्प समय में अत्यधिक वर्षा से बाढ़ आ रही है, तो कहीं लंबे समय तक वर्षा का अभाव दिखाई देता है। गर्मी के दिनों में अचानक बारिश और मानसून के दौरान असामान्य वर्षा की घटनाएं अब सामान्य अनुभव का हिस्सा बनती जा रही हैं। यह स्थिति हमें चेतावनी देती है कि पर्यावरण के साथ मनुष्य के संबंधों पर गंभीरता से पुनर्विचार करने का समय आ गया है। विश्व मौसम विज्ञान संगठन की 2025 की वैश्विक जलवायु रिपोर्ट बताती है कि 2015 से 2025 तक के ग्यारह वर्ष रिकॉर्ड पर सबसे गर्म ग्यारह वर्ष रहे। वर्ष 2025 वैश्विक स्तर पर दूसरा या तीसरा सबसे गर्म वर्ष रहा और उसका औसत तापमान 18501900 के औसत से लगभग 1.43 डिग्री सेल्सियस अधिक था। रिपोर्ट यह भी बताती है कि महासागरों की ऊष्मा, समुद्र-स्तर और पृथ्वी के ऊर्जा असंतुलन जैसे संकेतक चिंताजनक स्थिति की ओर इशारा कर रहे हैं। शहरों में यह समस्या विशेष रूप से दिखाई देती है। जिन स्थानों पर कभी तालाब, झील, नाले और खुले मैदान वर्षा के पानी को अपने भीतर समाहित कर लेते थे, वहां आज बहुमंजिला इमारतें, सड़कें और कंक्रीट की सतहें हैं। बारिश का पानी जमीन में उतरने के बजाय तेजी से सड़कों पर बहता है। नालियां अपनी क्षमता से अधिक पानी संभाल नहीं पातीं और कुछ घंटों की बारिश शहर को जलभराव में बदल देती है। इसलिए पर्यावरणीय असंतुलन केवल जंगलों या पहाड़ों की समस्या नहीं है; यह हमारे घर, सड़क, शहर और रोजमर्रा के जीवन से सीधे जुड़ा हुआ प्रश्न है। पर्यावरण विशेषज्ञों की चिंता का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि जलवायु परिवर्तन के साथ अत्यधिक वर्षा और सूखे की स्थितियां एक-दूसरे के विपरीत होते हुए भी एक ही जलवायु तंत्र का हिस्सा बन सकती हैं। एक क्षेत्र में कम समय में अत्यधिक वर्षा हो सकती है और दूसरे क्षेत्र में लंबे समय तक सूखा पड़ सकता है। विश्व पर्यावरण ऑर्गेनाइजेशन की 2025 की रिपोर्ट में भी दुनिया के विभिन्न क्षेत्रों में असामान्य रूप से अधिक और कम वर्षा की स्थितियों तथा बाढ़, सूखे और अत्यधिक वर्षा जैसी घटनाओं के व्यापक प्रभावों का उल्लेख किया गया है। इस संकट का एक बड़ा कारण हमारी विकास-दृष्टि भी है।

## सेहत मंत्र

# स्वस्थ दिल से लेकर वजन कंट्रोल करने के लिए अंडा सबसे फायदेमंद

अक्सर आपने सुना होगा संडे हो या मंडे रोज खाओं अंडे। क्योंकि अंडा खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। वैसे अंडे में सबसे ज्यादा प्रोटीन मौजूद होता है। इसके साथ ही इसमें विटामिन और मिनरल्स भी पाए जाते हैं। रोजाना दो अंडे खाने से शरीर भी स्वस्थ रहता है। अंडा खाने से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। आंखों और दिल के लिए भी अच्छा माना जाता है। अंडे में ओमेगा 3 फैटी एसिड होता है, जो हार्ट को बेहतर बनाने में मदद करता है। इतना ही नहीं, अंडे में ल्यूटिन और जेक्सैंथिन होते हैं, जो मोतियाबंद के खतरे को कम करता है। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रोटीन की जरुरत काफी होती है। वयस्कों को अपने वजन के हर किलोग्राम के लिए रोजाना आपको 0.8 ग्राम प्रोटीन की जरुरत होती है। अंडे में पर्याप्त प्रोटीन होता है। फलियों और मीट को भी आप अपने डाइट में शमिल कर सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन ए काफी जरुरी है। यह हमारे आई हेल्थ, मेटाबॉलिज्म और सेल्स डेवलपमेंट के लिए जरुरी है। इसके अलावा यह हमारे इम्यून फंक्शन और स्किन के लिए भी आवश्यक होता है। प्रत्येक व्यक्ति को रोजाना लगभग 3000 आईयू विटामिन ए की जरुरत होती है। यदि आप रोजाना दो उबले अंडे का सेवन करते हैं तो आपको विटामिन ए पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। रोजाना आप 2 उबले अंडा खाते हैं तो आपको 82 आईयू विटामिन डी प्राप्त होगा। हड्डियों के लिए विटामिन डी सबसे जरुरी माना जाता है। इसके साथ ही यह इम्यून सिस्टम के लिए सबसे बेहतरीन होता है। अगर आपके शरीर को पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी नहीं मिले तो हड्डियों से जुड़े रोग होने की संभावना बढ़ जाती है। आंखों और स्किन के लिए विटामिन बी2 की जरुरी माना जाता है। प्रतिदिन अंडा खाने से विटामिन बी2 प्राप्त होता है। वहीं, विटामिन बी12 से शरीर में लाल रक्त कोशिकाओं का निर्माण होता है जो शरीर के सभी हिस्सों में ऑक्सीजन पहुंचाता है। इसलिए रोजाना 2 माइक्रोग्राम विटामिन बी12 की जरुरत होती है।

## धर्म मंत्र

# पाकिस्तान के शिव मंदिर में 3,000 साल से भी पुराना शिवलिंग

वैसे तो हमारे देश में भगवान शिव को समर्पित तमाम मंदिर हैं। यह मंदिर बेहद प्राचीन हैं और इनकी अपनी मान्यताएं हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि पाकिस्तान में भी शिव मंदिर हैं। जहां पर आज भी भगवान शिव की पूजा की जाती है। साल 1947 में जब देश का बटवारा हुआ तो अटारी और वाघा के बीच एक रेखा खींची गई। विभाजन की इस रेखा से न सिर्फ हजारों-लाखों लोगों के घर, जमीन और खेत उजड़े बल्कि इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान में सिखों और हिंदुओं को अपने पूजा स्थलों को छोड़ने के लिए मजबूर किया गया। हालांकि कुछ वर्षों बाद इन दो शिव मंदिरों का फिर से पुर्नजीवित किया गया। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको पाकिस्तान में स्थित दो फ़ेमस शिव मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। मनसेहरा से करीब 10 किमी की दूरी पर काराकोरम राजमार्ग पर स्थित चिट्टी गट्टी मंदिर है। यह पाकिस्तान का सबसे बड़ा शिवलिंग है। यह शिव मंदिर 3000 साल से भी ज्यादा पुराना है। साल 1948 में पाकिस्तान के स्थानीय़ लोगों ने इस मंदिर को सीलकर आसपास की जमीन पर कब्जा कर लिया था। साल 1998 तक यह क्षेत्र की छोटी हिंदू आबादी के लिए बेहद दुर्गम बना रहा। फिर हिंदुओं ने अपनी आस्था और विरासत के लिए फिर से इस मंदिर में पूजा-अर्चना करना शुरूकर दिया। पाकिस्तान का अब सबसे लोकप्रिय मंदिरों में शामिल चिट्टी-गट्टी शिवलिंग मंदिर है। यह पाकिस्तान से तीर्थ यात्रियों को अपनी ओर आकर्षित करता है।

## पर्यटन



# भारत के सबसे प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ सैन्चुरीज में से एक काजीरंगा नेशनल पार्क

वैसे प्रकृति के साथ समय बिताने से मानसिक रुप से काफी शांति मिलती है। ऐसे कई लोग है जो नेचर लवर हैं और उन्हें वन्यजीवों को करीब से देखना भी काफी पसंद होता है। अगर आप भी प्रकृति प्रेमी हैं और भारत की सुंदर वाइल्डलाइफ सैन्चुरी देखना चाहते हैं, तो आप किसी भी नेचर लवर के घूमने के लिए एकदम सही है। इन खूबसूरत वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में आप प्रसिद्ध एक सींग वाले गैंडे को देख सकते हैं या जीवंत पक्षी प्रजातियों को देखना चाहते हों, या फिर प्रकृति के खूबसूरत नजारों का आनंद लेना चाहते हों, तो असम में आपको सब मिल जाएगा। जब कहीं वाइल्डलाइफ सैन्चुरी घूमने की बात आती हैं तो असम का काजीरंगा नेशनल पार्क का नाम सबसे पहले आता है। दरअसल, गोलाघाट और नागांव जिले में स्थित यह नेशनल पार्क एक यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और भारत के सबसे प्रसिद्ध वाइल्डलाइफ सैन्चुरीज में से एक है। यह एक सींग वाला गैंडे के लिए जाना जाता है। बता दें कि, काजीरंगा नेशनल पार्क 430 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और गैंडों के अलावा, यहां हाथियों, बाघों, जंगली भैंसों और पक्षियों की विभिन्न प्रजातियां आपको देखने को मिल जाएगी। गौरतलब है कि ब्रह्मपुत्र नदी पार्क से होकर बहती है, जो इसकी प्राकृतिक सुंदरता को बढ़ाती है। अगर आप असम जा रहे हैं तो आपको मानस नेशनल पार्क जरुर जाना चाहिए। दरअसल, यह एक वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और बक्सा, चिरांग और कोकराझार जिले में स्थित है। इसको सबसे बेहतरीन वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में से एक माना जाता है। यहां पर घना जंगल और घास के मैदानों का मिश्रण है। यहां आपको बंगाल टाइगर, पिग्मी हॉग, भारतीय हाथी और असम रूफ्ड कछुए सहित अपनी लुप्तप्राय प्रजातियां देखने को मिल जाएगी। असम के कार्बी आंगलोंग जिला में स्थित है गरमपानी वाइल्डलाइफ सैन्चुरी। आपको बता दें कि, यह असम के सबसे पुराने वाइल्डलाइफ सैन्चुरी में से एक है, जो लगभग 6.05 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। यहां पर आपको प्राकृतिक गर्म झरनों और समृद्ध जैव विविधता के लिए जाना जाता है।

# सरयू की कटान से जंग हेतमापुर में डटा प्रशासन

## एडीएम, सीडीओ ने संभाला मोर्चा, प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत





कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर और तेज कटान से प्रभावित हेतमापुर गांव में प्रशासन ने पूरी ताकत के साथ मोर्चा संभाल लिया है। रविवार को अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह और मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा ने स्वयं मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया तथा राहत, बचाव और पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसुरक्षा से जुड़ी किसी भी व्यवस्था में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कटान रोधी कार्य युद्धस्तर पर चौबीसों घंटे जारी रहेंगे।

लगातार हो रही वर्षा और सरयू के उफान के कारण हेतमापुर क्षेत्र में कटान का खतरा बढ़ गया है, जिससे कई परिवारों के सामने आवास और आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए बाढ़ खंड के अधिकारियों को अतिरिक्त संसाधन, मशीनरी और श्रमिकों की तैनाती कर कटान रोकने के प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने नदी के जलस्तर और कटान की पल-पल निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने उपजिलाधिकारी आकांक्षा गुप्ता को प्रभावित परिवारों तक राहत सामग्री, खाद्यान्न, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं समयबद्ध तरीके से पहुंचाने को कहा। साथ ही किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक टीमों को पूरी तरह सतर्क रहने के निर्देश दिए गए।

मुख्य विकास अधिकारी पंकज वर्मा ने कटान से प्रभावित परिवारों के स्थायी पुनर्वास को प्राथमिकता देते हुए संबंधित विभागों को तत्काल भूमि चिह्नित करने, आवासीय पट्टों की प्रक्रिया तेज करने तथा पात्र परिवारों को सरकारी आवास योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित परिवारों को केवल अस्थायी राहत ही नहीं, बल्कि सुरक्षित और सम्मानजनक स्थायी पुनर्वास भी उपलब्ध कराया जाएगा।

सीडीओ ने स्थायी बाढ़ शरणालय का निरीक्षण कर वहां रह रहे परिवारों से संवाद किया और भोजन, पेयजल, शौचालय, स्वच्छता तथा स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। अधिकारियों ने शरणालय में रह रहे लोगों को भरोसा दिलाया कि प्रशासन हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है और किसी भी जरूरत पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

बढ़ते जलस्तर और कटान की चुनौती के बीच प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय मौजूदगी से प्रभावित परिवारों में भरोसा जगा है। प्रशासन का कहना है कि सरयू की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जनहानि रोकना सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी जगतराम कनौजिया, बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता शशिकांत सिंह, तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और राहत एवं बचाव कार्यों की प्रगति से अधिकारियों को अवगत कराया।

''कटान प्रभावित क्षेत्र की लगातार निगरानी की जा रही है। बाढ़ खंड एवं राजस्व विभाग की टीमें चौबीसों घंटे मौके पर मौजूद हैं। राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। प्रशासन का पूरा प्रयास है कि जनहानि शून्य रहे और प्रभावित परिवारों को तत्काल सहायता मिले।''

निरंकार सिंह
अपर जिलाधिकारी, बाराबंकी

सरयू की कटान से प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री, भोजन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रशासन की टीमें लगातार क्षेत्र में मौजूद हैं और प्रत्येक परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी सतर्कता के साथ कार्य कर रही हैं। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं सक्रिय रखी गई हैं।''

आकांक्षा गुप्ता
उपजिलाधिकारी रामनगर

# बकरी के बच्चों की तलाश में निकली महिला की संदिग्ध मौत

- तीन दिन से थी लापता, खेत के पास मिला शव,
- करंट की चपेट में आने का परिजनों ने लगाया आरोप
- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, रिपोर्ट से स्पष्ट होगा मौत का कारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोठी/बाराबंकी। कोठी थाना क्षेत्र के कुटी घाट गांव में बकरी के बच्चों की तलाश में निकली 42 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार सुबह उसका शव गांव निवासी राम बहादुर के खेत के पास पड़ा मिला। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने खेत में पड़े बिजली के तार में करंट प्रवाहित होने से महिला की मौत होने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कुटी घाट निवासी रामवती पत्नी श्याम बिहारी करीब तीन दिन पहले बकरियां चराने के लिए घर से निकली थीं। बताया गया कि बकरियां बाद में घर लौट आईं, लेकिन उनके दो बच्चे नहीं मिले। परिजनों के मुताबिक रामवती उन्हीं बकरी के बच्चों की तलाश में दोबारा घर से निकली थीं। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटीं। काफी तलाश के बावजूद सुराग न मिलने पर पति श्याम बिहारी ने कोठी थाने में गुमशुदगी की सूचना दी थी। रविवार सुबह ग्रामीणों ने राम बहादुर के खेत के पास महिला का शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। कुछ ही देर में मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि खेत में बिजली का तार पड़ा था, जिसमें करंट प्रवाहित हो रहा था और उसी की चपेट में आने से रामवती की मौत हुई है। परिजनों के अनुसार, सुबह मोटर चलाने के दौरान एक युवक के भी तार छूने से हाथ में करंट लगने की बात सामने आई है।

हालांकि महिला की मौत वास्तव में करंट लगने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है, यह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले से जुड़े तथ्यों की जांच शुरू कर दी है। खेत में बिजली का तार किस स्थिति में पड़ा था और उसमें करंट कैसे प्रवाहित हुआ, पुलिस इन बिंदुओं पर भी जानकारी जुटा रही है। थाना प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का पता चलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बाइक यात्रा के भव्य स्वागत की तैयारी में जुटी भाजपा

- गुजरात के बड़नगर से 2 ,3 एवं 4 अक्टूबर को पहुंचेगी यात्राएं
- जिले की सभी विधानसभाओं से होकर गुजरेगी यात्रा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी।सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात के बड़नगर से चलकर युवाओं की बाइक यात्रा आगामी 2 ,3 एवं 4 अक्टूबर को जिले में प्रवेश करेगी।तीन टोलियों में चल रही यात्राओं का प्रत्येक विधासभाओं में भव्य स्वागत की तैयारी को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर तैयारी बैठक आयोजित की गई।बैठक को भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा में संबोधित करते हुए कहा कि बाराबंकी के युवा साथियों पर अतिथि देवो भव परंपरा के निर्वहन की परीक्षा है।उन्होंने कहा कि जिले के युवाओ ने पूर्व में कई कार्यक्रमों में ऐतिहासिक स्वागत किया है।उन्होंने भरोसा जताया कि बड़नगर के युवा साथी जिले में दिए गए स्नेह और सम्मान को लंबे समय तक याद रखेंगे । बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए क्षेत्रीय महामंत्री राजीव मिश्रा ने बताया कि जिले में तीन मार्गो से बाइक यात्राएं प्रवेश करेंगी।जिसमें पहली यात्रा फतेहपुर के महमूदाबाद बॉर्डर पर,दूसरी सफ़ेदाबाद बॉर्डर पर तथा तीसरी हैदरगढ़ के त्रिवेदीगंज सीमा में प्रवेश करेंगी।उन्होंने बताया कि प्रत्येक बाइक यात्रा टोली में 40 से 50 युवा शामिल होंगे। क्षेत्रीय महामंत्री ने बाइक यात्रा के स्वागत के रूट एवं स्वागत की तैयारियों का जायजा लिया।जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी।क्षेत्रीय महामंत्री ने बताया कि प्रत्येक राउत पर स्वागत द्वार बनाए जाएंगे,चौराहों को सजाया जायेगा तथा बाइक यात्रियों पर पुष्प वर्षा की तैयारी है।इस अवसर पर आईटी क्षेत्रीय संयोजक मानस मित्रा, जिला अध्यक्ष राम सिंह वर्मा,पूर्व विधायक शरद अवस्थी ,पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह, डॉ विवेक वर्मा,राम कुमारी मौर्य,अमरीश रावत,हर्षवर्धन सिंह,विजय आनंद बाजपेई,ब्रजेश रावत,आरती रावत,चमन सिंह पटेल,रोहित सिंह,शिवम राठौर,सर्वेश अवस्थी,नवनीत मिश्रा,अंशु वर्मा,रचना श्रीवास्तव,सुशील जायसवाल,वैभव मिश्रा मौजूद रहे।

# शराब के पाउच से पानी का बहाव बाधित, घरों में घुसा पानी

निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर बड्डूपुर कस्बे में कल्याणी नदी की शाखा पर बने नए पुल के नीचे कचरा जमा होने से बारिश के पानी का बहाव बाधित हो गया। दो दिनों की भारी बारिश के दौरान आसपास के इलाकों और घरों में पानी घुसने लगा। सूचना पर पीडब्ल्यूडी ने पोकलैंड मशीन लगाकर पुल के नीचे सफाई कराई, जिसके बाद पानी की निकासी सुचारु हुई। सफाई के दौरान पुल के नीचे बड़ी संख्या में शराब के खाली पाउच और सैशे मिले। पुल से करीब 50 मीटर दूर देशी शराब का ठेका है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शराब पीने के बाद खाली पाउच नदी में फेंके जाते हैं, जिससे पुल के नीचे कचरा जमा होकर पानी का बहाव बाधित हो रहा है।

## घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव, मचा हड़कंप

- परिजनों में मचा कोहराम, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा

बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम गोकुलपुर में रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक महिला का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। गोकुलपुर निवासी साबरमती (34) पत्नी दिनेश कुमार का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने की सूचना पर परिवार में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सतरिख थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि महिला की मौत के वास्तविक कारणों की स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# सवाल उठाना लोकतांत्रिक, आरोप के लिए हो ठोस प्रमाण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने चुनावी व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं पर विपक्ष के आरोपों को लेकर कहा कि लोकतंत्र में सवाल उठाना सभी राजनीतिक दलों का अधिकार है, लेकिन गंभीर आरोप तथ्यों और ठोस प्रमाणों पर आधारित होने चाहिए। बिना प्रमाण के लगाए गए आरोप लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति जनता के विश्वास को प्रभावित कर सकते हैं।

राईन ने कहा कि भारत के पहले आम चुनाव 1951-52 में सीमित संसाधनों के बावजूद करीब 17.32 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं के साथ संपन्न हुए थे। निर्वाचन आयोग के आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, ये चुनाव अक्टूबर 1951 से मार्च 1952 के बीच हुए और पहली लोकसभा का गठन 2 अप्रैल 1952 को हुआ था। उन्होंने कहा कि बीते सात दशकों में मतदाता पहचान पत्र, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और वीवीपैट जैसी व्यवस्थाओं से चुनाव प्रक्रिया में व्यापक बदलाव हुए हैं।

उन्होंने राजनीतिक दलों से अपील की कि चुनाव संबंधी शिकायतें संवैधानिक और कानूनी मंचों पर प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। साथ ही चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित होना चाहिए। राईन ने कहा कि राजनीतिक मतभेदों के बीच संवैधानिक संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना और जनादेश का सम्मान करना सभी की साझा जिम्मेदारी है।

## जर्जर दीवार ने ली दूध विक्रेता की जान, दो घायल; जिम्मेदारों पर उठे सवाल

**निंदूरा, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी कोतवाली से महज 50 मीटर दूर इटौंजा मोड़ पर शनिवार को जर्जर जूनियर हाईस्कूल की बाउंड्रीवाल गिरने से घायल दूध विक्रेता यूसुफ (50) की रविवार भोर इलाज के दौरान मौत हो गई। दो अन्य घायलों का उपचार जारी है। हादसे के बाद निष्प्रयोज्य विद्यालय की दीवार न हटाए जाने को लेकर जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग किनारे शनिवार को अचानक दीवार गिरने से नया पुरवा निवासी यूसुफ पुत्र जानू समेत तीन दूध विक्रेता मलबे में दबकर घायल हो गए थे। मौके से गुजर रहीं महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य ने एंबुलेंस बुलाई। देरी होने पर उन्होंने कुर्सी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर रूप से घायल यूसुफ ने दम तोड़ दिया। रविवार को भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्रीश रावत ने मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।

## पत्रकार सूरज के पिता का निधन, क्षेत्र में शोक

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** हिंदी दैनिक आज के पत्रकार सूरज कुमार के पिता बुधराम (70) का रविवार को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वह पिछले दस दिनों से बीमार चल रहे थे। परिजनों के अनुसार हृदय गति रुकने से उनका निधन हुआ। अंतिम दर्शन के लिए समाजसेवियों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। क्षेत्र के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने शोक व्यक्त कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

## बारिश और बैराजों से छोड़े गए पानी से उफनाई घाघरा

**रामनगर, बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लगातार चार दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश और नेपाल के बैराजों से करीब तीन लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने से घाघरा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। शनिवार शाम पांच बजे एल्गिन ब्रिज पर नदी का जलस्तर 106.360 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के लाल निशान से 29 सेंटीमीटर ऊपर है। नदी में बढ़ते पानी से तटवर्ती और तराई क्षेत्र के ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। प्रशासन नदी के जलस्तर पर नजर रखे हुए है।

### आँधी-पानी में भी 109 मजदूरों की हाजिरी

# बाराबंकी में बारिश बनी जानलेवा, पोर्टल पर जिंदा है भ्रष्टाचार ! विकास....

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। शनिवार को दिनभर जिले में मूसलाधार बरसात और तेज हवाओं ने कहर बरपाया। कई जगह पेड़ धराशायी हुए, विद्युत आपूर्ति ठप रही, आवागमन बाधित हुआ, कई लोग असमय मृत्यु के शिकार हुए। जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त रहा। लेकिन इस जानलेवा आफत में भी *प्रधान और ग्राम पंचायत कर्मियों का खेल जारी रहा।

शाम साढ़े पाँच बजे तक *वी.बी.-जी. राम जी योजना* के सरकारी जालस्थल पर जिले के पाँच विकास खण्डों में 19 कार्यों के लिए 26 कार्य-सूचियां जारी कर 109 श्रमिकों की जालस्थल पर उपस्थिति दर्ज करा दी

### कार्यस्थल का झूठा सच

बंकी – आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्माण में 14 श्रमिक उपस्थित।
हैदरगढ़ – आंगनबाड़ी केंद्र भवन और गौशाला में चहारदीवारी एवं प्रवेश द्वार निर्माण में 7 श्रमिक।
हरख – वृक्षारोपण में 2 श्रमिक। जब खेतों में पानी भरा है तो पौधा कहाँ लगा?
रामनगर – चकबन्धा और परस्पर ईंट निर्माण में 38 श्रमिक।
सूरतगंज – वृक्षारोपण और खड़ंजा निर्माण में 38 श्रमिक।
जिस समय यह उपस्थिति दर्ज हो रही थी, उस समय जिले में तेज हवा के साथ झमाझम बरसात हो रही थी। खुले में मिट्टी, गारा और ईंट का कार्य पूरी तरह असम्भव था।
सवाल – क्या श्रमिकों ने छाता लगाकर परस्पर ईंट लगाई?*
बरसात में आंगनबाड़ी की छत ढलाई, चकबन्धा की पटाई और खड़ंजा निर्माण कैसे सम्भव है? वास्तविकता यह है कि *अवसर पर एक भी श्रमिक नहीं था, उपस्थिति केवल भ्रमणभाष से दर्ज कर दी गई।
यह सीधे-सीधे सरकारी धन की लूट है। एक ओर लोग बरसात में जान गंवा रहे हैं, विद्युत और जल के लिए तरस रहे हैं, दूसरी ओर प्रधान-लिपिक-सहायक विकास अधिकारी कागजों पर तालाब खोद रहे हैं, सड़क बना रहे हैं और पौधरोपण कर रहे हैं। मांग है कि जिलाधिकारी तत्काल इन 26 कार्य-सूचियों का धरातल पर सत्यापन कराएं।

# निंदूरा में छुट्टा मवेशियों का आतंक

### कागजों पर पकड़े गए मवेशी, सड़क पर मौत बनकर घूम रहे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड निंदूरा के कुंडवा चौराहे पर शनिवार देर रात लखनऊ-महामूदाबाद मार्ग पर एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक गोवंश की दर्दनाक मौत हो गई। गोवंश सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन जिम्मेदारों की नींद नहीं टूटी।

रविवार दोपहर 12 बजे की हकीकत देखिए - *कुंडवा चौराहे पर बैंक ऑफ इंडिया के ठीक सामने 6 छुट्टा मवेशी, उससे 30 मीटर आगे 3 और, टिकैतगंज चौराहे पर 3, कंडुआ के आसपास झुंड।* महज आधा किलोमीटर के दायरे में दर्जनभर से अधिक मवेशी सड़क को घेरे हुए थे। दोपहिया वाहन चालक जान हथेली पर रखकर निकल रहे थे, कार वाले ब्रेक मार-मारकर बच रहे थे। यह चौराहा नहीं, गोशाला का मैदान बना हुआ है।

छुट्टा मवेशियों को लेकर शासन के सख्त निर्देश थे - 31 अगस्त से 5 सितंबर तक विशेष अभियान। खंड विकास अधिकारी निंदूरा ने पत्र जारी किया - सभी जगह से मवेशी पकड़ो, 7 सितंबर को सचिव प्रमाणपत्र देंगे कि एक भी मवेशी नहीं बचा है।

### हादसे पर हादसा, पर कार्रवाई शून्य

क्षेत्र में पहले भी छुट्टा मवेशियों के कारण कई लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, लाखों रुपये इलाज में फूंक चुके हैं। शनिवार रात एक बेजुबान की जान चली गई। कल किसी राहगीर की जान जाएगी तब प्रशासन जागेगा क्या?

यह लापरवाही नहीं, सीधे-सीधे हत्या की तैयारी

जिलाधिकारी बाराबंकी तत्काल संज्ञान लें, निंदूरा बीडीओ से पूछें कि 7 मवेशी के बाद अभियान क्यों रोका? और 7 सितंबर वाले प्रमाणपत्रों की जांच कराकर जिम्मेदार सचिवों और प्रधानों पर कार्रवाई करें, वरना अगला हादसा कुंडवा चौराहे पर फिर होगा और जिम्मेदार वही होंगे।

### हुआ क्या? अभियान सिर्फ 2 दिन चला, 7 मवेशी पकड़े गए, फोटो खिंची, वाहवाही लूटी और अभियान बंद।

### अब सवाल सीधा है –

1. 7 मवेशी पकड़ने से निंदूरा मवेशी-मुक्त हो गया क्या?
2. 7 सितंबर को जिन सचिवों को प्रमाणपत्र देना था, उन्होंने कौन सा प्रमाणपत्र दिया?
3. जब सड़क पर 12 से अधिक मवेशी घूम रहे हैं, तो वह प्रमाणपत्र झूठा नहीं है?





# एशियाई खेल: स्क्वैश में भारत को दो रजत, अभय और अनाहत ने जीते पदक

एजेंसी

आइची-नागोया (जापान)। जापान के आइची-नागोया में जारी एशियाई खेलों में भारत ने रविवार को स्क्वैश में दो रजत पदक जीते। पुरुष एकल में अभय सिंह के बाद महिला एकल में युवा खिलाड़ी अनाहत सिंह ने भी रजत पदक अपने नाम किया। हालांकि, दोनों खिलाड़ी स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। स्क्वैश में पुरुष एकल के फाइनल में भारत के अभय सिंह को मलेशिया के ऐन यो एनजी के खिलाफ 9-11, 5-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में अभय मलेशियाई खिलाड़ी ऐन यो के सामने तीनों गेम में संघर्ष करते नजर आए। ऐन यो ने पहला गेम 11-9 से जीतकर बढ़त बनाई। इसके बाद उन्होंने दूसरे गेम में भी अभय को वापसी का मौका नहीं दिया और 11-5 से गेम अपने नाम कर लिया। तीसरे गेम में




अभय ने अच्छी शुरुआत करने की कोशिश की लेकिन मलेशियाई खिलाड़ी ने मुकाबले पर नियंत्रण बना लिया और 11-5 से गेम जीतकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। ऐन यो ने इस जीत के साथ लगातार दूसरे एशियाई खेलों में पुरुष एकल का खिताब बरकरार रखा। वहीं, अभय को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अभय ने इससे पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान के मुहम्मद इरफान को 11-3, 12-10, 11-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। अनाहत सिंह भी स्वर्ण से चूकींमहिला एकल के फाइनल में भारत की 18 वर्षीय अनाहत सिंह को मलेशिया की सिवसांगरी सुब्रमण्यम ने 11-4, 11-4, 11-7 से हराया। इस तरह अनाहत को रजत पदक मिला, जबकि सिवसांगरी ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया। करीब 27 मिनट तक चले मुकाबले में अनाहत शुरुआत से अपनी लय हासिल नहीं कर सकीं। मलेशियाई खिलाड़ी ने पहले दोनों गेम 11-4 से जीतकर मजबूत बढ़त बना ली। तीसरे गेम में अनाहत ने थोड़ी चुनौती पेश की और स्कोर को करीब रखने की कोशिश की लेकिन सिवसांगरी ने 11-7 से गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। अनाहत ने फाइनल में पहुंचने से पहले सेमीफाइनल में जापान की सातोमी वातानाबे को रोमांचक मुकाबले में 9-11, 11-13, 12-10, 11-6, 11-3 से हराया था। भारत के पदकों की संख्या 32 हुईअभय सिंह और अनाहत सिंह के रजत पदकों के साथ एशियाई खेलों 2026 में भारत की पदक संख्या 32 हो गई है। भारत के खाते में अब तक 4 स्वर्ण, 14 रजत और 14 कांस्य पदक हैं।

# एशियाई खेल में मुक्केबाज अंकुश का पदक पक्का, सेमीफाइनल में पहुंचे

एजेंसी

आइची-नागोया (जापान)। भारतीय मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने मुक्केबाजी में देश के लिए एक पदक पक्का कर लिया है। पंघाल ने आइची-नागोया 2026 एशियाई खेलों में पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने रविवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ताजिकिस्तान के नेक्रुज सलिमोव को 5-0 के सर्वसम्मत फैसले से हरा दिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) मीडिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि 'एशियाई खेल बॉक्सिंग (पुरुषों का 80 किग्रा - क्वार्टर फाइनल) में अंकुश ने ताजिकिस्तान के नेक्रुज सलिमोव को 5-0 (सर्वसम्मत फैसले) से हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। इससे भारत के लिए एक पदक पक्का हो गया। अंकुश का सेमीफाइनल मुकाबला 29 सितंबर को सुबह 11 बजे (भारतीय समयानुसार) होगा। हरियाणा के अंकुश ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक रुख अपनाया




और सलिमोव पर लगातार दबाव बनाए रखा। ताजिकिस्तानी मुक्केबाज ने जवाबी हमले की कोशिश की, लेकिन अंकुश की गति और सटीक पंचों के सामने वह प्रभावी नहीं दिखे। पहले राउंड में पांचों जजों ने अंकुश के पक्ष में फैसला दिया। दूसरे राउंड में भी अंकुश ने अपनी तेज-तर्रार शैली जारी रखी। उन्होंने लगातार आक्रमण करते हुए सलिमोव को कई प्रभावी पंच लगाए और यह राउंड भी अपने नाम किया। तीसरे और अंतिम राउंड में ताजिकिस्तान के मुक्केबाज ने अपनी गति बढ़ाई और कुछ पंच लगाए। उन्होंने यह राउंड 4-1 से जीतने में सफलता हासिल की, लेकिन शुरुआती दो राउंड में अंकुश की बढ़त इतनी मजबूत थी कि फैसला सर्वसम्मति से भारतीय मुक्केबाज के पक्ष में गया। इस जीत के साथ अंकुश अब स्वर्ण पदक की दौड़ में एक कदम और आगे बढ़ गए हैं, जबकि भारत का एक पदक सुनिश्चित हो चुका है।

# नीरू ढांडा का एशियाई खेलों में महिला ट्रैप निशानेबाजी क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन

एजेंसी

नागोया। नीरू ढांडा ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 50 में से 48 निशाने लगाये और रविवार को एशियाई खेलों में महिलाओं की ट्रैप निशानेबाजी स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में संयुक्त रूप से शीर्ष पर रही। इटली के लोनाटो में हाल ही में आईएसएसएफ विश्व कप में ट्रैप स्पर्धा का व्यक्तिगत स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनी नीरू ने उस आत्मविश्वास को कायम रखा। पहले दो दौर में उनके सिर्फ दो निशाने चूके। वह पहले दिन 24 और 24 का स्कोर करके कतर की बासिल रे के साथ शीर्ष पर रही। नीरू, आशिमा अहलावत और मनीषा कीर ने मिलकर 130 अंक बनाये और चीन के बाद कतर और कुवैत के साथ दूसरे स्थान




पर है। अहलावत ने 20 और 22 स्कोर किया जबकि कीर ने 19 और 21 स्कोर किया। ट्रैप क्वालीफिकेशन तीन दिन तक चलता है और निशानेबाजों को पहले दो दिन 25.25 निशाने दिये जाते हैं। क्वालीफिकेशन के बाद शीर्ष तीन टीमों के पदक तय हो जाते हैं जबकि आठ शीर्ष निशानेबाज व्यक्तिगत फाइनल में पहुंचते हैं। भारतीय महिला टीम 25 मीटर पिस्टल में भी पदक की दौड़ में है हालांकि प्रिसिशन चरण के बाद उन्हें काफी सुधार करना होगा। दस मीटर एयर पिस्टल में पदक से चूकी ऐशा सिंह 290 अंक लेकर छठे स्थान पर हैं। जकार्ता एशियाई खेल 2018 की चैम्पियन राही सरनोबत और दो ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर 287 के स्कोर के साथ 15वें और 16वें स्थान पर है। रैपिड चरण सोमवार को खेला जायेगा जिसमें टीम पदक तय होंगे ।भारत इस समय चीन (868) और दक्षिण कोरिया (870) से पीछे है और उसके 864 अंक है। भारतीय पुरूष ट्रैप निशानेबाजों का दिन कठिन रहा। कीनान चेनाइ 50 में से 47 अंक लेकर संयुक्त 11वें स्थान पर रहे जबकि शपथ भारद्वाज 45 अंक के साथ 22वें स्थान पर है। अहवर रिजवी 41 अंक लेकर संयुक्त 35वें स्थान पर हैं।

# पीवी सिंधु क्वार्टर फाइनल में हारीं, बैडमिंटन में भारत का सफर खत्म

एजेंसी

आइची-नागोया। जापान के आइची-नागोया में खेले जा रहे एशियाई खेलों में रविवार को भारत को बैडमिंटन में निराशा हाथ लगी। महिला एकल में दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू कड़े मुकाबले में हार गईं, जबकि युवा खिलाड़ी उन्नति हुड्डा को भी महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल और मिश्रित युगल में भी भारत को हार मिली। बैडमिंटन के महिला एकल के क्वार्टर फाइनल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु चीन की चेन यू फ़ेई से कड़े मुकाबले में 21-11, 18-21, 10-21 से हार गईं। मुकाबले में सिंधु ने शानदार शुरुआत की और पहला गेम 21-11 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे गेम में चेन यू फ़ेई ने जोरदार वापसी की। दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला हुआ, लेकिन चीनी खिलाड़ी ने 21-18 से गेम जीतकर मुकाबला बराबरी पर ला दिया।



निर्णायक गेम में चेन ने शुरुआत से ही बढ़त बनाए रखी और 21-10 से गेम जीतकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। सिंधु ने एशियाई खेलों के इस संस्करण में राउंड ऑफ 32 में चीनी ताइपे की चिउ पिन-चियान को 21-19, 21-14 से हराया था। इसके बाद उन्होंने राउंड ऑफ 16 में जापान की टोमोका मियाजाकी को 21-9, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। सिंधु ने एशियाई खेलों में अब तक दो पदक जीते हैं, लेकिन इस बार उनका तीसरा पदक जीतने का सपना क्वार्टर फाइनल में टूट गया। उन्नति ने यामागुची को दी कड़ी चुनौतीमहिला एकल के एक अन्य क्वार्टर फाइनल में 19 वर्षीय उन्नति हुड्डा को जापान की अकाने यामागुची के खिलाफ 16-21, 21-14, 17-21 से हार झेलनी पड़ी। उन्नति ने दुनिया की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल यामागुची को कड़ी चुनौती दी, लेकिन निर्णायक गेम में जापानी खिलाड़ी ने बाजी मार ली। उन्नति ने इससे पहले राउंड ऑफ 32 में मलेशिया की लिंग चिंग वोंग को 21-14, 20-22, 21-19 से हराया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया की कुसुमा वर्दानी को 21-19, 21-13 से मात देकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। महिला और मिश्रित युगल में भी मिली हारइससे पहले भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को महिला युगल क्वार्टर फाइनल में मलेशिया की थिनाह मुरलीथरन और पर्ली टैन ने 21-18, 21-9 से हराया। वहीं मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में तनिशा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला को चीन की जोड़ी यान जे फेंग और डोंगपिंग हुआंग के खिलाफ 14-21, 21-18, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा।

# पेट्रोनेट के निदेशकों को पांच साल और मिलेगा मुनाफ़े में एक प्रतिशत कमीशन

एजेंसी

नयी दिल्ली। देश की सबसे बड़ी गैस आयातक कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड ने अपने निदेशकों को मुनाफ़े के आधार पर दिए जाने वाले कमीशन की व्यवस्था को 2026-27 से अगले पांच साल तक जारी रखने के लिए शेयरधारकों की मंजूरी मांगी है। कंपनी के आगामी आम बैठक के नोटिस के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक निदेशकों को हर वर्ष कंपनी के मुनाफ़े का अधिकतम एक प्रतिशत कमीशन के रूप में दिया जा सकेगा। इस राशि का निदेशकों के बीच वितरण निदेशक मंडल द्वारा तय किया जाएगा। शेयरधारकों ने इससे पहले सितंबर, 2021 में वित्त वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक के लिए इस व्यवस्था को मंजूरी दी थी। इससे पहले भी 2007, 2011 और 2016 में इसी तरह के प्रस्तावों को मंजूरी मिल चुकी है। कंपनी ने कहा है कि उसकी मजबूत वित्तीय स्थिति को देखते हुए कमीशन की व्यवस्था को आगे जारी रखने का प्रस्ताव रखा गया है। वित्त वर्ष 2025-26 में पेट्रोनेट एलएनजी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अक्षय कुमार सिंह और अन्य पूर्णकालिक निदेशकों को 26.5-26.5 लाख रुपये का कमीशन मिला था। इससे पिछले वित्त वर्ष में यह राशि 25.5 लाख रुपये थी। कमीशन समेत सिंह का कुल पारिश्रमिक वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 3.64 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 3.03 करोड़ रुपये था। कंपनी के स्वतंत्र निदेशकों को भी वित्त वर्ष 2025-26 में लाभ पर 10 लाख रुपये का कमीशन मिला। इसके अलावा उन्हें बैठक में भाग लेने के लिए निर्धारित शुल्क भी दिया गया। पेट्रोनेट के अनुसार, वास्तविक रूप से दिया गया कमीशन वैधानिक सीमा से काफी कम रहा है। वित्त वर्ष 2025-26 में पूर्णकालिक निदेशकों के लिए अधिकतम कमीशन 79.5 लाख रुपये और स्वतंत्र निदेशकों के लिए 55 लाख रुपये था।

# अगले साल अप्रैल तक आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल करने की पात्र होगी कार्स24 : सीएफओ

एजेंसी

नयी दिल्ली। पुरानी या सेकंड हैंड कार की ऑनलाइन बिक्री करने वाले मंच कार्स24 भारत में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) शिवांशु मक्कड़ के मुताबिक, सिंगापुर से भारत में कंपनी का पुनः पंजीकरण यानी 'रिवर्स फ्लिप' पूरा होने के बाद वह अगले साल अप्रैल तक आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा (डीआरएचपी) दाखिल करने के पात्र हो सकती है। कार्स24 की स्थापना वर्ष 2015 में सिंगापुर में हुई थी। अब कंपनी अपना मुख्य कॉरपोरेट ढांचा सिंगापुर से भारत ला रही है। इसी प्रक्रिया को 'रिवर्स फ्लिप' कहा जाता है। मक्कड़ ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि कार्स24 को सिंगापुर से रिवर्स फ्लिप के लिए मंजूरी मिल चुकी है और अब भारत में आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस




पूरी प्रक्रिया में करीब छह से नौ महीने लग सकते हैं। यानी यह प्रक्रिया अगले साल अप्रैल तक पूरी हो सकती है। इसके बाद कंपनी भारत में आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल करेगी। उन्होंने कहा कि दस्तावेज दाखिल होने के बाद भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मंजूरी, आईपीओ की कीमत तय करने और बुक-बिल्डिंग जैसी प्रक्रियाओं में करीब तीन से चार महीने और लग सकते हैं। हालांकि, यह एक अनुमानित समयसीमा है और वास्तविक प्रक्रिया में बदलाव संभव है। कार्स24 का आखिरी वित्तपोषण दौर 2022 में हुआ था, जिसमें कंपनी का मूल्यांकन 3.3 अरब डॉलर आंका गया था। इसके बाद कंपनी ने कोई नया बाहरी निवेश नहीं जुटाया है। मक्कड़ के मुताबिक, फिलहाल कंपनी के पास पर्याप्त पूंजी है और उसे रोजमर्रा के कारोबार के लिए नए कोष की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आईपीओ का मुख्य उद्देश्य तत्काल नकदी जुटाना नहीं, बल्कि भारत में कारोबार के विस्तार और नए देशों में प्रवेश के लिए पर्याप्त पूंजी तैयार करना होगा। कंपनी की योजना भारत के छोटे और नए शहरों तक पहुंच बढ़ाने की है। फिलहाल कार्स24 करीब 25 शहरों में खुदरा कारोबार कर रही है और भविष्य में इसे करीब 200 शहरों तक ले जाने तथा लगभग 50,000 कारों तक कारोबार बढ़ाने की योजना पर विचार कर रही है। मक्कड़ ने कहा कि कंपनी अभी किसी निश्चित आईपीओ मूल्यांकन को लक्ष्य बनाकर नहीं चल रही है। उनके अनुसार, आईपीओ का एक उद्देश्य मौजूदा शेयरधारकों और कर्मचारियों को तरलता उपलब्ध कराना है।

# अनुकूल नीतियों के चलते पसंदीदा निवेश गंतव्य बनकर उभरा उत्तर प्रदेश: पीयूष गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि अनुकूल औद्योगिक नीतियों और बड़ी कंपनियों को आकर्षित करने की अपनी क्षमता के चलते उत्तर प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य के राजस्व संग्रह में हुई उल्लेखनीय वृद्धि ने प्रदेश के विकास को गति देने में अहम भूमिका निभाई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस समय राज्य का सालाना निर्यात लगभग दो लाख करोड़ रुपये है और इसे 2030 तक बढ़ाकर पांच लाख करोड़ रुपये करने का लक्ष्य रखा गया है। गोयल ने कहा, ''अपनी अनुकूल औद्योगिक नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य बन चुका है। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में प्रमुख कॉरपोरेट घराने और वैश्विक निवेशक आ रहे हैं, जिससे रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य का आबकारी शुल्क संग्रह 2016-17 के 14,273 करोड़ रुपये के मुकाबले चार गुना से अधिक होकर 2025-26 में 60,728 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। चालू वित्त वर्ष के अंत तक इसके 70,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। दूसरी ओर स्टाम्प शुल्क संग्रह सहित भूमि हस्तांतरण पंजीकरण शुल्क 2016-17 के 11,564 करोड़ रुपये से बढ़कर 2026-27 के बजट में 43,802 करोड़ रुपये हो गया है। गोयल ने कहा कि खनन राजस्व संग्रह में भी इसी प्रकार की भारी वृद्धि दर्ज की गई है और इस पूरे राजस्व का इस्तेमाल राज्य की आर्थिक वृद्धि के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के विकास का अगला पड़ाव वैश्विक बाजारों में निर्यात बढ़ाना, अंतरराष्ट्रीय निवेश आकर्षित करना, पर्यटन को सुदृढ़ बनाना और राज्य के स्थानीय ब्रांड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है।

# भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल के दाम तय करेंगे स्थानीय शेयर बाजार की चाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार में आगामी कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान निवेशकों की नजर भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, कच्चे तेल की कीमतों, वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल और प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर रहेगी। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका-ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत और कच्चे तेल की कीमतें वैश्विक बाजारों की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएंगी। 'गांधी जयंती' के मौके पर शुक्रवार दो अक्टूबर को शेयर बाजार में अवकाश रहेगा। रेलिगेयर ब्रोकिंग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''अमेरिका-ईरान बातचीत में प्रगति और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने से जुड़ी किसी रूपरेखा से ऊर्जा कीमतों में नरमी आ सकती है। इससे भारत के




आयात बिल और रुपये पर भी दबाव कम हो सकता है। वहीं, भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने पर बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। घरेलू मोर्चे पर अगस्त के औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की गतिविधियों और वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा कि अमेरिकी फ़ेडरल रिजर्व के सितंबर के नीतिगत फैसले के बाद वैश्विक बॉण्ड प्रतिफल भी महत्वपूर्ण रहेगा। प्रतिफल और डॉलर में बढ़ोतरी से उभरते बाजारों में पूंजी प्रवाह प्रभावित हो सकता है। वहीं, प्रतिफल में नरमी से बाजार को कुछ राहत मिल सकती है। उन्होंने कहा कि रुपये की चाल भी महत्वपूर्ण होगी। कच्चे तेल की खरीद के लिए डॉलर की मांग और विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली से रुपये पर दबाव बना रह सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक के हस्तक्षेप से अत्यधिक उतार-चढ़ाव पर अंकुश लगने की संभावना रहती है। एचएसटी वेल्थ के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी हरिसेल्वन राधाकृष्णन के अनुसार, ब्रेंट कच्चे तेल का भाव 105-106 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अभी राहत देने वाला स्तर नहीं है। अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति से तेल की कीमतों में शामिल भू-राजनीतिक जोखिम कम हो सकता है, जबकि तनाव बढ़ने या आपूर्ति बाधित होने पर महंगाई का दबाव बढ़ सकता है।

# अपने एसयूवी मॉडल की कीमतों में एक और बढ़ोतरी पर विचार कर रही है महिंद्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) पोर्टफोलियो की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर सकती है। कंपनी जिंस कीमतों में हालिया वृद्धि को देखते हुए अगले दो सप्ताह में इस संबंध में फैसला ले सकती है। महिंद्रा ऑटोमोटिव के अध्यक्ष और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) नलिनीकांत गोल्लागुंटा ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि कंपनी इस साल जनवरी, अप्रैल और जुलाई में पहले ही तीन बार कीमतें बढ़ा चुकी है। जुलाई में एसयूवी की कीमतों में करीब 2.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई थी। उन्होंने कहा कि जिंस कीमतों में हालिया वृद्धि को देखते हुए कंपनी अगले कुछ सप्ताह में तय करेगी कि एक और बढ़ोतरी की जरूरत है या नहीं।



गोल्लागुंटा के मुताबिक, कीमतों में हालिया बढ़ोतरी का ग्राहकों की पूछताछ और बुकिंग पर फिलहाल कोई खास असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा कि महिंद्रा के वाहन अब भी माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती से पहले की कीमतों के मुकाबले कम कीमत पर उपलब्ध हैं, जिससे मांग मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारी सीजन में महिंद्रा के साथ-साथ पूरे वाहन उद्योग में मांग मजबूत रहने की उम्मीद है। उन्होंने इसकी वजह जीएसटी कटौती के बाद कीमतों में कमी और उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव को बताया। हाइब्रिड प्रौद्योगिकी के बारे में गोल्लागुंटा ने कहा कि महिंद्रा का मुख्य ध्यान इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पर है। उन्होंने कहा कि यदि नियामकीय व्यवस्था में बदलाव होता है तो कंपनी उसके अनुरूप अपनी रणनीति बदल सकती है, लेकिन फिलहाल बिजलीचालित परिवहन कंपनी की प्राथमिकता है। कंपनी की उत्पादन क्षमता के बारे में उन्होंने बताया कि महिंद्रा के पास फिलहाल हर महीने करीब 60,000 पारंपरिक इंजन (आईसीई) वाहन और 8,000 इलेक्ट्रिक वाहन की उत्पादन क्षमता है। मार्च के अंत या अप्रैल की शुरुआत तक आईसीई क्षमता बढ़ाकर 70,000 और ईवी क्षमता बढ़ाकर 12,000 वाहन प्रति माह करने की योजना है। इस तरह कुल मासिक क्षमता करीब 84,000 वाहन तक पहुंच जाएगी।

# देश को मिली पहली एलएनजी ट्रेन की सौगात

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को गुजरात के साबरमती से देश की पहली एलएनजी-डीजल डुअल-फ्यूल ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने गुजरात में ?1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ भी किया।

रेलवे ने कहा कि साबरमती से भारतीय रेल में आज से हरित ऊर्जा के नए अध्याय का शुभारंभ हुआ है। वैकल्पिक ईंधन और आधुनिक रेल सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इस ट्रेन में एलएनजी(द्रवीकृत प्राकृतिक गैस) और डीजल दोनों ईंधनों का उपयोग किया जा सकता है। साबरमती इंटीग्रेटेड कोचिंग डिपो में 1,400 हॉर्सपावर क्षमता वाली दो ड्राइविंग पावर कारों को डुअल-फ्यूल प्रणाली में परिवर्तित किया गया है। रेलवे के अनुसार यह प्रणाली लगभग 40 प्रतिशत तक डीजल की जगह एलएनजी का उपयोग कर सकती है। इस सेवा को शुरू करने से




पहले इसका 2,000 किलोमीटर से अधिक का फील्ड ट्रायल भी किया गया।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री शाह ने 1,542 करोड़ से अधिक की विभिन्न रेल परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास और शुभारंभ किया। उन्होंने साबरमती में नवनिर्मित डब्ल्यूएजी-12 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव मेंटेनेंस शेड राष्ट्र को समर्पित किया। लगभग ?700 करोड़ की लागत से निर्मित यह शेड उच्च क्षमता वाले डब्ल्यूएजी-12 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के रख रखाव के लिए विकसित किया गया है। डब्ल्यूएजी-12 लोकोमोटिव लगभग 12,000 हॉर्सपावर क्षमता वाला है और भारी मालगाड़ियों के संचालन में उपयोग किया जाता है।

इसके अलावा साबरमती-कलोल-भांडू मोटीडाऊ तथा साबरमती-साणंद-जखवाड़ा रेलखंडों पर ऑटोमैटिक ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली का लोकार्पण किया गया। इससे इन रेलखंडों पर ट्रेनों के सुरक्षित और सुचारु संचालन तथा लाइन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलने की उम्मीद है। अहमदाबाद-पलनपुर और अहमदाबाद-सामाख्याली रेलखंडों के कुल 404 किलोमीटर नेटवर्क पर स्वदेशी 'कवच' सुरक्षा प्रणाली के कार्य का शिलान्यास भी किया गया। यह प्रणाली ट्रेन संचालन की सुरक्षा बढ़ाने, ओवरस्पीडिंग और टक्कर जैसे जोखिमों को कम करने के लिए विकसित की गई है। साबरमती-सरखेज के बीच 21 किलोमीटर रेल लाइन के दोहरीकरण का भी शिलान्यास किया गया। लगभग ?313.27 करोड़ की लागत वाली यह परियोजना मार्च 2028 तक पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। इससे साबरमती-सरखेज क्षेत्र में रेल संचालन क्षमता बढ़ाने के साथ सरखेज-धोलेरा क्षेत्र की कनेक्टिविटी को भी गति मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम में अमित शाह ने रेलवे में डीजल की खपत में कमी और विद्युतीकरण की गति का उल्लेख किया। उनके अनुसार, रेलवे में डीजल की वार्षिक खपत 2015-16 में 293 करोड़ लीटर से घटकर 2024-25 में 108 करोड़ लीटर रह गई है। उन्होंने 2030 तक डीजल के उपयोग को समाप्त करने के लक्ष्य का भी उल्लेख किया। रेलवे के विद्युतीकरण की गति में भी पिछले वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी : जयशंकर

एजेंसी

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र में संबोधन के दौरान आतंकवाद के मुद्दे पर कड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद से शांति को खतरा है। भारत की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेस की नीति जारी रहेगी। पाकिस्तान पर परोक्ष रूप से हमला करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवाद और वार्ता दोनों एकसाथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ अपना बचाव करने के अधिकार का इस्तेमाल किया जाएगा। विदेश मंत्री ने कड़े शब्दों में कहा, आतंकवाद का लगातार सहारा लेने वाले देश की ओर से आतंकवाद को सामान्य बताने और उसके परिणामों से बचने का दावा करने वाले तर्क स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक दिन पहले आतंक समर्थन देश ने महासभा के सामने तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया। हालांकि उन्होंने पाकिस्तान का नाम नहीं लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दोस्ती और सद्भावना आतंकवाद के साथ नहीं रह सकती है। आतंकवाद को अंजाम देने वाले के लिए जरूरी है कि वह अपना रास्ता बदले।

पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष पर विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि युद्ध से आपूर्ति शृंखला बाधित हो रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए बयान को दोहराते हुए कहा कि अब अंतहीन युद्ध का अंत होना चाहिए। जयशंकर ने कहा कि जो देश वैश्विक संघर्षों से कोसों दूर हैं, उन्हें भी बिना किसी गलती के खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जिन देशों पर युद्धों का सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है, वैश्विक निर्णयों में उनकी बात सबसे कम सुनी जाती है।

इस दौरान अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों की सुरक्षा और निर्दोष नाविकों पर हो रहे हमलों की जयशंकर ने आलोचना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे हमले पूरी तरह से अस्वीकार्य और अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापार और निर्दोष जिंदगियों को नुकसान पहुंचाने वाली ऐसी घटनाओं का कोई औचित्य नहीं हो सकता। ये हमले तुरंत बंद होने चाहिए। रूस-यूक्रेन युद्ध पर अपनी बात रखते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले चार साल से अधिक समय से जारी युद्ध दुनिया के सामने बड़ा संकट है। यूक्रेन युद्ध के कारण निर्दोषों को खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। भारत हमेशा से दोनों पक्षों से संयम बरतने और तनाव कम करने के मुद्दे पर सहमति जताता रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब दुनिया को मैत्रीपूर्ण संबंधों और वैश्विक शांति पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, तब संघर्ष और टकराव हमारी मुख्य चिंता बने हुए हैं। शांति बनाए रखने में नाकामी न केवल सुरक्षा को कमजोर कर रही है, बल्कि दुनिया के विकास की गति को भी रोक रही है।

## यूएन का समर्थक है ब्रिक्स, मूल्यों से ज्यादा भरोसे पर जोर



न्यूयॉर्क। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि ब्रिक्स और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) जैसे समूहों के बीच चुनाव करना सही नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि छोटे समूह वैश्विक संगठन का समर्थन करते हैं और उसमें सुधार देखना चाहते हैं। जयशंकर ने कहा, यूएन में कई कमियां हो सकती हैं, लेकिन इसकी कई उपलब्धियों को नजरअंदाज नहीं कर सकते हैं। अगर आप इसमें सुधार करना चाहते हैं तो कमियों पर ध्यान देना स्वाभाविक है। न्यूयॉर्क में शुक्रवार रात संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें सत्र के दौरान ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन और रिलायंस फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक सत्र को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह बात कही। विदेश मंत्री ने कहा, अगर आज संयुक्त राष्ट्र नहीं होता, तो हम सभी यहां बैठकर एक नया संगठन बनाने की कोशिश कर रहे होते। ब्रिक्स का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संयुक्त राष्ट्र ही केंद्रीय भूमिका में है। जयशंकर ने कहा कि हाल ही में भारत द्वारा आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ने यूएन में सुधार की मांग को और मजबूत किया है।

ब्रिक्स की उपयोगिता पर बात करते हुए जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स एक गैर-पश्चिमी मंच है, जो दुनिया के सामने वैकल्पिक सोच और दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है। वैश्विक बहसों में गैर-पश्चिमी देशों का प्रभाव बढ़ रहा है, इसलिए ब्रिक्स का महत्व भी बढ़ रहा है। कूटनीति में मूल्य, हित और विश्वास के सवाल पर जयशंकर ने कहा कि मूल्यों का अक्सर उपदेश दिया जाता है, लेकिन उनका पालन नहीं होता। जबकि भरोसा आपके आचरण और रिकॉर्ड पर आधारित होता है। भरोसा कमाने के लिए किसी देश का बड़ा होना जरूरी नहीं, बल्कि उसका सही और निष्पक्ष होना जरूरी है।

# थप्पड़कांड पर प्रवेश साहिब सिंह की सफाई, आआपा कार्यकर्ता ने परिवार को दी गालियां

एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने तिलक नगर में सड़क निरीक्षण के दौरान युवक को थप्पड़ मारे जाने के मामले सफाई देते हुए आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायक जरनैल सिंह कमीशन न मिलने पर रात में बनी सड़क सुबह-सुबह उखाड़ देते हैं। उन्होंने कहा कि आज निरीक्षण के दौरान आआपा कार्यकर्ता ने सरकारी काम में बाधा डालने के साथ-साथ उनके परिवार रको गालियां दीं। मंत्री प्रवेश साहिब ने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो जारी कर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि विकासपुरी रिंग रोड पर पिछले कई दिनों से सड़क बनाने का काम चल रहा है। स्थानीय विधायक जरनैल सिंह, पीडब्ल्यूडी इंजीनियरों पर दबाव डाल रहे थे कि वे उन्हें ठेकेदार से मिलवाएं और उनके लिए कमीशन का इंतजाम करें, वे काफी समय से यह मांग कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि हमारे इंजीनियर ने पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और एफआईआर करवा रहे हैं क्योंकि जरनैल सिंह को कोई कमीशन नहीं मिला इसलिए वे सुबह साइट पर जाते थे-रात में सड़क बनने के बाद उसे उखाड़ देते थे। फिर वे वीडियो रिकॉर्ड करके पोस्ट करते थे और दावा करते थे कि भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज उस रास्ते से गुजरते हुए उन्होंने इंजीनियरों से कहा कि वह खुद काम का निरीक्षण करना चाहते हैं। मंत्री ने कहा कि निरीक्षण के दौरान काम बहुत अच्छी तरह से चल रहा था। स्थानीय लोगों ने उन्हें बताया कि यह सड़क 15 साल से नहीं बनी थी और डेढ़ दशक बाद आखिरकार इसका निर्माण हो रहा है। उन्होंने खुद जरनैल सिंह को तीन बार फोन किया और 45 मिनट तक उनका इंतज़ार किया। मंत्री ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को साइट पर नहीं बुलाया था। उन्होंने कहा कि जब जरनैल सिंह आए तो वे अपने साथ उन कार्यकर्ताओं को लाए जिन्हें पहले ही बता दिया गया था और उन्होंने तुरंत बदतमीजी से व्यवहार करना शुरू कर दिया। जब उनके एक कार्यकर्ता ने मेरे परिवार को गालियां देना शुरू किया, तो मैंने वैसे ही प्रतिक्रिया दी जैसे कोई भी गुस्से में देता। उल्लेखनीय है कि तिलक नगर में रविवार को सड़क निरीक्षण के दौरान लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह पर एक युवक को थप्पड़ मारने का आरोप है। कथित तौर पर इससे संबंधित वीडियो वायरल होने पर आम आदमी पार्टी (आआपा) ने दिल्ली सरकार को घेरा।

## सीबीआई ने 11.42 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट मामले में दो और आरोपितों को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुजरात के 11.42 करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट मामले में दो और आरोपितों हिमांशु प्रसाद और यूनिस बिस्वास को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने ऑपरेशन चक्र-6 के तहत देश के 10 राज्यों में 22 ठिकानों पर एक साथ तलाशी भी ली। जांच एजेंसी के अनुसार, दोनों आरोपितों ने ठगी की रकम को प्राप्त करने, अलग-अलग खातों में भेजने और मनी ट्रेल छिपाने में भूमिका निभाई। सीबीआई के अनुसार, इस मामले में पीड़ित को साइबर अपराधियों ने पुलिस और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) के अधिकारियों के रूप में पहचान बताकर करीब तीन महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा था। इस दौरान उसे डराकर 11.42 करोड़ रुपये सिंडिकेट के नियंत्रण वाले बैंक खातों में ट्रांसफर कराए गए। जांच के दौरान वित्तीय लेनदेन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

## रम्मीकल्चर ऐप मामले में ईडी ने 442.35 करोड़ की संपत्ति अटैच की, अब तक 2,843 करोड़ की संपत्ति जब्त-फ्रीज

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रम्मीकल्चर ऐप और उससे जुड़े मामले में धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत करीब 442.35 करोड़ रुपये की चल और अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से कुर्क की हैं। इनमें सावधि जमा में जमा राशि, व्यावसायिक दुकानें, एक विला और कई आवासीय संपत्तियां शामिल हैं।

# प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की ई-नीलामी में इसबार राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली 37 विशिष्ट कलाकृतियां

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मिले उपहारों की वार्षिक ई-नीलामी (8वें संस्करण) में इस बार राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, राजसी वैभव, लोक आस्था और पारंपरिक शिल्पकला की सशक्त छाप देखने को मिल रही है।

केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय के अनुसार, इस ई-नीलामी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने वाली कुल 37 विशिष्ट कलाकृतियों को शामिल किया गया है, जो राज्य के सदियों पुराने इतिहास और जीवंत परंपराओं को दर्शाती हैं। संग्रह के प्रमुख आकर्षणों में राजस्थान की पारंपरिक काष्ठ कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन शामिल है। इनमें पारंपरिक नक्काशी और बारीक पैटर्न से सजा, हौदा युक्त हाथ से तराशा गया लकड़ी का भव्य अंबाबारी हाथी, समारोहिक परिचारकों तथा शाही हौदे के साथ सजी लकड़ी की हाथियों की शोभायात्रा का जीवंत दृश्य और पिछवाई से लेकर फड़ चित्रकला तक शामिल है। राजस्थान की विश्वप्रसिद्ध चित्रकला शैलियों को भी नीलामी सूची में प्रमुख स्थान मिला है। इसमें भी नाथद्वारा की प्रसिद्ध कृष्ण भक्ति परंपरा को दर्शाती श्रीनाथजी की पावन पिछवाई पेंटिग, भगवान लक्ष्मी-नारायण के प्रसंगों को उकेरती पारंपरिक फड़ पेंटिंग और श्रीकृष्ण की रासलीला को चित्रित करती पट्टाचित्र शैली की कलाकृतियां शामिल हैं। संग्रह में जन-आस्था के प्रमुख केंद्रों और लोक देवताओं से जुड़े प्रतीक चिह्नों में लोक देवता तेजाजी महाराज की अश्वारूढ़ चांदी की स्मृति चिन्ह (उनके पारंपरिक प्रतीक भाले और सर्प को दर्शाया गया है), करौली की कैला माता, जालोर की सुंधा माता, बाड़मेर (बायतू) के खेमा बाबा, पुष्कर का जगतपिता ब्रह्मा मंदिर, श्री कल्याण रायजी महाराज और बांसवाड़ा के ऐतिहासिक मानगढ़ धाम के चित्र, सांस्कृतिक समरसता में अजमेर शरीफ दरगाह की स्थापत्य शैली और सर्वधर्म समभाव की परंपरा को दर्शाती हाथ से बनाई गई फ्रेमयुक्त कलाकृति शामिल है। इसके अलावा राजस्थानी वस्त्र और आभूषण परंपरा के अंतर्गत रत्न तथा पंख वाले ब्रोच से सजी पारंपरिक पगड़ी, बहुरंगी रूपांकनों वाली पीली पगड़ी और गोटा-किनारी युक्त अंगवस्त्र शामिल किए गए हैं। अयोध्या राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा से संबंधित समाचार पत्रों के फ्रेमयुक्त संस्करण और समकालीन स्मृति चिह्न भी इस नीलामी का हिस्सा हैं।

# भारतीय स्वदेशी अनुसंधान में वैश्विक स्तर पर प्रभाव छोड़ने की क्षमता: डॉ. जितेंद्र सिंह

एजेंसी

नई दिल्ली। केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने रविवार को कहा कि भारत के स्वदेशी अनुसंधान में वैश्विक स्तर पर प्रभाव छोड़ने की अपार क्षमता है। नैनो मेडिसिन अगली पीढ़ी की सटीक चिकित्सा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा को नई दिशा और गति प्रदान करेगी।

केन्द्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 'विश्व नैनो मेडिसिन कांग्रेस 2026' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि नैनो मेडिसिन चिकित्सा क्षेत्र के सबसे क्रांतिकारी नवाचारों में से एक है, जो स्वास्थ्य सेवा को अभूतपूर्व सटीकता प्रदान करने में सक्षम है।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा पद्धति अब व्यक्तिगत स्वास्थ्य सेवा की ओर बढ़ रही है। एक ही बीमारी से पीड़ित अलग-अलग रोगियों को उनकी आनुवंशिक प्रोफाइल, खानपान, जीवनशैली और पर्यावरणीय कारकों के आधार पर भिन्न उपचार की आवश्यकता होती है। नैनो तकनीक कोशिकीय स्तर पर सूक्ष्म हस्तक्षेप करके ऐसे उपचारों को अधिक सटीक और प्रभावी बनाने में सक्षम है। इसके उपयोग से स्वास्थ्य प्रक्रियाओं की लागत-प्रभावशीलता बढ़ेगी और देश की समग्र अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। चिकित्सा पद्धति में नई तकनीकों के बढ़ते उपयोग के बीच डॉ. सिंह ने अत्यधिक निर्भरता के प्रति आगाह करते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और नैनो तकनीक जैसी उन्नत प्रणालियां नई संभावनाएं खोल रही हैं लेकिन इन्हें चिकित्सकों के नैदानिक ज्ञान और समझ का पूरक होना चाहिए, विकल्प नहीं। परिष्कृत आधुनिक उपकरणों के बावजूद, शारीरिक परीक्षण और सावधानीपूर्वक अवलोकन जैसे बुनियादी नैदानिक कौशल को चिकित्सा शिक्षण में प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सरकार द्वारा नैनो मेडिसिन के क्षेत्र में दिए जा रहे प्रोत्साहन का विवरण देते हुए उन्होंने बताया कि जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) देश भर में 210 अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को 174 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दे रहा है। इन परियोजनाओं में लक्षित दवा वितरण (टारगेटेड ड्रग डिलीवरी), कैंसर नैनो मेडिसिन, संक्रामक रोग, न्यूक्लिक एसिड तथा वैक्सीन डिलीवरी, नैनो-डायग्नोस्टिक्स, रीजनरेटिव मेडिसिन और घाव भरने की तकनीकें शामिल हैं।

# पेज एक का शेष

### बारिश के संकट...

अनुमन्य सहायता राशि का वितरण प्राथमिकता के आधार पर करने और प्रभावित परिवारों की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समाधान करने को कहा गया है। जलभराव वाले क्षेत्रों में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए राहत एवं बचाव दल लगातार रेस्क्यू अभियान चला रहे हैं। सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए लोगों को आवश्यक सहायता और राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशासन ने आमजन से जलभराव, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा नदियों-नालों के तेज बहाव वाले स्थानों पर अनावश्यक आवागमन से बचने की अपील की है?

### प्रदेश के चार लिंक...

भूमि की व्यवस्था करनी है। 24 अगस्त तक इसके लिए करीब 410 हे. भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी है। टेंडर प्रक्रिया 15 सितंबर तक प्रस्तावित थी और इसी महीने शिलान्यास का भी कार्यक्रम तय था। झांसी लिंक एक्सप्रेसवे के लिए जालौन तथा झांसी की 1539.19 हेक्टेयर भूमि में से 24 अगस्त तक 1313.08 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत की जा चुकी थी। इसके टेंडर की प्रक्रिया 15 सितंबर तक पूरी कर एक से 15 अक्तूबर के बीच शिलान्यास कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है। इसी तरह यूपीडा ने जेवर लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया लगभग पूरी कर ली है। बुलंदशहर और यीडा क्षेत्र की 895.34 हेक्टेयर भूमि का इसके निर्माण में इस्तेमाल होना है। यीडा क्षेत्र की 93 प्रतिशत तथा बुलंदशहर जिले में 80 प्रतिशत भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। यूपीडा ने इसके निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया 15 सितंबर तक पूरा कर 15 अक्तूबर तक शिलान्यास कराने का शेड्यूल तय किया है। माना जा रहा है कि नवरात्र में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। यूपीडा को चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के टेंडर भी इसी महीने फाइनल करने हैं। यूपीडा के एसीईओ हरि प्रताप शाही का कहना है कि सभी प्रस्ताविक लिंक एक्सप्रेसवे के लिए भूमि की व्यवस्था हो चुकी है। शिलान्यास के लिए मुख्यमंत्री का समय मांगा गया है। हमारी तरफ से पूरी तैयारी है। शासन से समय मिलते ही भूमि पूजन करा दिए जाएंगे।

### पीडब्ल्यूडी मंत्री पर युवक...

इसके बारे में जानकारी देने पर मंत्री बर्दाश्त नहीं कर पाए और उन्होंने उसपर हाथ उठाते हुए उसके साथियों को जान से मारने की धमकी दी। तिलक नगर के आआपा जरनैल सिंह ने कहा कि मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने घटना को रिकॉर्ड कर रहे युवक को थप्पड़ मारा। उन्होंने कहा कि मुझे लगा था कि वह सड़क का निरीक्षण करेंगे, उसकी क्वालिटी जांचेंगे और शायद अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने मुझसे पूछा कि सड़क कहां से टूट रही है। जब मैंने उन्हें दिखाया कि पूरी सड़क की सतह कालीन की तरह उखड़ रही है तो कार्रवाई करने के बजाय उन्होंने घटना को रिकॉर्ड कर रहे युवक को थप्पड़ मारा। उन्होंने मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### 15 अक्तूबर से...

आदेश के अनुसार, मिठाई की उपयोग अवधि उसकी प्रकृति और प्रकार के आधार पर अलग-अलग होती है। अलग-अलग मिठाइयों की उपयोग अवधि एक दिन से लेकर 30 दिन तक हो सकती है। समय बीतने के साथ मिठाई की गुणवत्ता, स्वाद और ताजगी प्रभावित होती है। ऐसे में उपभोक्ता को मिठाई खरीदते समय उसकी उपयोग की अंतिम तिथि की जानकारी होना स्वास्थ्य हित में आवश्यक है। विभाग का मानना है कि मिठाई की यूज बाई डेट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होने से उपभोक्ता को यह जानकारी मिल सकेगी कि संबंधित खाद्य पदार्थ का सेवन किस अवधि तक किया जाना उचित है। इससे खाद्य पदार्थ की ताजगी और गुणवत्ता को लेकर उपभोक्ता अधिक जागरूक निर्णय ले सकेगा। वर्तमान व्यवस्था के तहत पैक्ड मिठाइयों पर अवसान तिथि अथवा 'यूज बाई डेट' अंकित किया जाना अनिवार्य है। हालांकि, खुली मिठाइयों के संबंध में इस प्रकार की जानकारी प्रदर्शित करने का कोई स्पष्ट अनिवार्य प्रावधान नहीं था। विभाग द्वारा जारी निर्देश इसी अंतर को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब मिठाई के निर्माण एवं विक्रय प्रतिष्ठानों को बिक्री के लिए प्रदर्शित और भंडारित मिठाइयों के संबंध में यूज बाई डेट स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होगी। इससे ग्राहक को मिठाई खरीदने से पहले उसकी उपयोग अवधि की जानकारी मिल सकेगी। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा और मानव जीवन एवं स्वास्थ्य के उचित स्तर के संरक्षण का प्रावधान किया गया है। अधिनियम की धारा 18(1)(ए) में खाद्य सुरक्षा मानकों एवं खाद्य व्यापार में निष्पक्ष व्यवहार के संदर्भ में मानव जीवन एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा तथा उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में प्रयास किए जाने की व्यवस्था है।

### अमेरिका के किसी...

किए हैं। ईरान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान अमेरिका के समक्ष एक प्रस्ताव रखा था, जिसके तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने और क्षेत्र में संघर्ष रोकने की बात कही गई थी। ईरान के अनुसार, प्रस्ताव में अमेरिकी सैन्य दबाव कम करने, ईरानी बंदरगाहों पर नाकेबंदी हटाने, जमी हुई ईरानी संपत्तियां जारी करने और तेल प्रतिबंधों में राहत जैसे कदम शामिल हैं। प्रस्ताव के तहत शर्तें पूरी होने के बाद सात दिन के भीतर जलमार्ग खोलने की बात कही गई थी। ट्रंप ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। हालांकि अराघची के मुताबिक मध्यस्थों की ओर से अमेरिका का औपचारिक जवाब अभी तेहरान को नहीं मिला है और ईरान अंतिम स्थिति मिलने के बाद आगे का निर्णय करेगा। इसी बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने दावा किया कि उसकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक अमेरिकी रेमस-600 मानवरहित पानी के नीचे चलने वाले वाहन को कब्जे में लिया है। ईरानी पक्ष का कहना है कि यह उपकरण कथित तौर पर निगरानी और खुफिया गतिविधियों में इस्तेमाल किया जा रहा था तथा इसे खुफिया जानकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमताओं के इस्तेमाल से पकड़ा गया। यह दावा ऐसे समय सामने आया है जब होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही काफी प्रभावित हुई है। रॉयटर्स के अनुसार, हाल के दिनों में इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही संघर्ष से पहले के औसत की तुलना में काफी कम हुई है। ईरान ने एक तरफ किसी भी नए हमले का जवाब देने की तैयारी का संदेश दिया है, वहीं दूसरी ओर कूटनीति को समाधान का रास्ता बताया है। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भी कहा है कि ईरान बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन दबाव या धमकी स्वीकार नहीं करेगा।

### सर्जिकल स्ट्राइक...

जा सका। उसी वर्ष गुजरात के मोढेरा स्थित सूर्य मंदिर पर भी हमला हुआ था। उस समय राजा भीमदेव प्रथम ने न केवल आक्रमणकारियों का सामना किया बल्कि कम समय में मंदिर का पुनर्निर्माण भी कराया। बाद के काल में अलाउद्दीन खिलजी ने भी इस मंदिर को नष्ट किया लेकिन भारतीय समाज की पुनर्निर्माण की शक्ति ने इसे जीवित रखा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मोढेरा केवल सूर्य मंदिर के लिए ही नहीं बल्कि देश के पहले 'सौर ग्राम' के रूप में भी प्रसिद्ध है। पूरा गांव सौर ऊर्जा से संचालित होता है और वहां पर्यटकों के लिए कई सुविधाएं विकसित की गई हैं। उन्होंने लोगों से मोढेरा का भ्रमण कर भारत की इस विरासत को देखने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली जिले में इतिहास और संस्कृति से जुड़े प्रयासों का जिक्र करते हुए कि तमिल अध्ययन विभाग से जुड़े ए सेल्वराजु ने छात्रों के साथ क्षेत्रीय भ्रमण कर कई प्राचीन मूर्तियों और मंदिरों का पता लगाया है। इस तरह के प्रयास देश की सांस्कृतिक विरासत को समझने में मदद करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वच्छता बापू को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने मध्य प्रदेश में नदी सफाई अभियान, आंध्र प्रदेश में प्राचीन बावड़ियों और कुओं के संरक्षण, मुंबई में समुद्र तटों की सफाई, दिल्ली में कचरा पृथक्करण और पश्चिम बंगाल में बाजार क्षेत्रों की सफाई जैसे अभियानों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन सभी अभियानों में जनभागीदारी की भावना दिखाई देती है। उन्होंने असम के सोनाई रूपाई वन्यजीव अभयारण्य में किए जा रहे पर्यावरण संरक्षण का उदाहरण दिया, जहां अतिक्रमण हटाए जाने के बाद हाथियों की वापसी हुई है। उन्होंने पिग्मी हॉग संरक्षण कार्यक्रम का भी उल्लेख किया, जिसकी शुरुआत छह जीवों से हुई थी और अब उनकी संख्या 190 से अधिक हो गई है। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र की उन महिलाओं की भी प्रशंसा की, जो मैंग्रोव वन विकसित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से कई महिलाओं ने बाघों के हमलों में अपने पति खो दिए थे लेकिन आज वे मैंग्रोव विकसित कर अपने गांवों को प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ अपनी आजीविका भी चला रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'नशा मुक्त युवा अभियान' का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर के लाखों युवाओं ने नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया है। यह अभियान 100 सप्ताह तक चलेगा और इसमें 'माई भारत', राष्ट्रीय सेवा योजना, स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय तथा अनेक सामाजिक और आध्यात्मिक संगठन जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने पंजाब के पूर्व ओलंपियन राजिंदर सिंह का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 1980 ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम का हिस्सा रहे राजिंदर सिंह आज ग्रामीण क्षेत्रों में हॉकी प्रतिभाओं की खोज और प्रशिक्षण का काम कर रहे हैं। उनके प्रयासों से नए एस्ट्रोटर्फ मैदान तैयार हुए हैं और कई खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'एक जिला एक उत्पाद' योजना के तहत उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में लगभग आंवला आधारिक उद्योग की 100 प्रसंस्करण इकाइयां कार्यरत हैं। सावित्री फुले स्वयं सहायता समूह और विंध्यवासिनी स्वयं सहायता समूह जैसी संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं आंवला कैंडी, मुरब्बा, जूस, अचार और पाचन चूर्ण बना रही हैं। नए बाजार, मशीनों और ऋण सुविधाओं के कारण उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने देश में मनाए जाने वाले गणेश उत्सव का जिक्र करते हुए थाईलैंड के पंथौन थिरखानोन की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि भगवान गणेश के प्रति उनकी श्रद्धा ने उन्हें चियांग माई में गणेश हिमालय संग्रहालय स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। इस संग्रहालय में गणेश की 10 हजार से अधिक प्रतिमाएं हैं और वहां अष्टविनायक परंपरा का भी प्रचार-प्रसार किया जाता है। यह भारत की आस्था, कला और संस्कृति के वैश्विक प्रभाव का उदाहरण है।

# मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सुना 'मन की बात' प्रधानमंत्री के संदेश को बताया प्रेरणादायी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रविवार को लोक सेवक आवास स्थित 'नेक संवाद' सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 138वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के देशवासियों के साथ संवाद और विभिन्न सामाजिक विषयों पर दिए गए संदेशों को सुना। 'मन की बात' के प्रसारण के बाद मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम लगातार देशवासियों को राष्ट्र निर्माण, जनभागीदारी और सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मन की बात' के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के विभिन्न हिस्सों में हो रहे सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्यों को सामने लाते हैं। उनके विचारों से बिहार सहित पूरे देश के



सामाजिक सरोकारों से लोगों को अपने स्तर पर देश और समाज के विकास में योगदान देने की प्रेरणा मिलती है। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की 10वीं वर्षगांठ, श्रद्धेय अशोक सिंहल की जन्म शताब्दी, जनगणना में जनभागीदारी, विरासत एवं संस्कृति के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की। इसके अलावा उन्होंने नशामुक्त युवा अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों की खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन, आंवला आधारित रोजगार, महिला सशक्तीकरण और स्वच्छता जैसे मुद्दों पर भी देशवासियों से संवाद किया।

# केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सोमवार को नई दिल्ली में लॉन्च करेंगे पशुधन बीमा पोर्टल

**पशुधन बीमा पोर्टल हिंदी और अंग्रेजी के साथ-साथ 11 क्षेत्रीय भाषाओं में भी डिजिटल बीमा सेवाएं देगा**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी तथा पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सोमवार, 28 सितंबर को पशुपालन और डेयरी विभाग के 'लाइवस्टॉक इंश्योरेंस पोर्टल' (पशुधन बीमा पोर्टल) का नई दिल्ली में शुभारंभ करेंगे। यह पशु बीमा पोर्टल देश में पशु बीमा सेवाओं के डिजिटल बदलाव की दिशा में एक अहम कदम होगा। विभाग ने अपने बयान में



बताया कि यह पोर्टल पशुपालन और डेयरी विभाग की पशु बीमा योजना के तहत बीमित पशुओं के लिए बीमा से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं-जैसे पॉलिसी जारी करना, क्लेम प्रोसेस करना, मॉनिटरिंग और रिपोर्टिंग को आसान बनाने के लिए एक ही इंटीग्रेटेड डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराएगा। इसे ज्यादा लोगों तक पहुंचाने और इस्तेमाल में आसान बनाने के लिए यह पोर्टल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 11 क्षेत्रीय भाषाओं में भी उपलब्ध होगा, जिससे पशुपालक अपनी जानी-पहचानी भाषाओं में जानकारी और सेवाएं पा सकेंगे। इस पहल का मकसद पशुधन बीमा सेवाओं को ज्यादा पारदर्शी, कुशल, सुलभ और टेक्नोलॉजी पर आधारित बनाना है। साथ ही पशुपालकों के लिए जोखिम से सुरक्षा को मजबूत करना और उनकी आजीविका की स्थिरता को सहारा देना है। यह पोर्टल पशुधन बीमा कार्यक्रमों के बेहतर समन्वय, रियल-टाइम निगरानी और डेटा-आधारित प्रबंधन में भी मदद करेगा, जिससे पूरे देश में सेवा वितरण में सुधार होगा। यह शुभारंभ पशुधन बीमा प्रक्रियाओं को आसान बनाने, संस्थागत दक्षता को मजबूत करने और समावेशी, तकनीक-आधारित सेवाओं को पशुपालकों के करीब लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# दिल्ली विस लोकतांत्रिक आवाज और स्वतंत्रता संग्राम की जीवंत गाथा : मोहन सिंह बिष्ट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट ने रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा उन महान व्यक्तित्वों के साहस की जीवंत गवाही है, जिन्होंने भारत की लोकतांत्रिक आवाज को सशक्त किया और स्वतंत्रता संग्राम को नया आयाम दिया। मोहन सिंह बिष्ट ने आज वीर विठ्ठलभाई झावरभाई पटेल की 153वीं जयंती और शहीद भगत सिंह की 119वीं जयंती के अवसर पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए यह बात कही। दिल्ली विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी दोनों महान विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर विधानसभा उपाध्यक्ष ने कहा कि वीर विठ्ठलभाई पटेल और शहीद भगत सिंह भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के दो सशक्त आयामों का प्रतिनिधित्व करते हैं, एक ने विधायी संस्थाओं के माध्यम से भारतीयों की आवाज और गरिमा को सशक्त किया, जबकि दूसरे ने अपने साहस और बलिदान से पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया। ऐतिहासिक दिल्ली विधानसभा परिसर हमें याद दिलाता है कि भारत की स्वतंत्रता का संघर्ष विधायी संस्थाओं के भीतर भी लड़ा गया और उनके बाहर भी। उन्होंने वीर विठ्ठलभाई पटेल के ऐतिहासिक योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि 24 अगस्त 1925 को वे केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष (स्पीकर) बने थे। उस समय केंद्रीय विधानसभा का संचालन वर्तमान दिल्ली विधानसभा परिसर से ही होता था। उनका कार्यकाल भारत के संसदीय इतिहास में महत्वपूर्ण पड़ाव था। विठ्ठलभाई पटेल ने आसंदी की स्वतंत्रता और गरिमा को बनाए रखा, सदस्यों के अधिकारों एवं विशेषाधिकारों की रक्षा की तथा एक स्वतंत्र विधान सभा सचिवालय की स्थापना की दिशा में कार्य किया। निष्पक्षता, संसदीय अनुशासन और संस्थागत स्वायत्तता की उनकी विरासत आज भी देश की विधायी संस्थाओं के लिए महत्वपूर्ण है। शहीद भगत सिंह को स्मरण करते हुए मोहन सिंह बिष्ट ने कहा कि उनका नाम ऐतिहासिक केंद्रीय विधानसभा से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है, जहां 8 अप्रैल 1929 को भगत सिंह और बटुकेश्वर दत्त ने औपनिवेशिक कानूनों के विरोध में बम फेंके और उसके बाद हुई कार्यवाही के माध्यम से अपने प्रतिरोध का संदेश देश तक पहुंचाया। भगत सिंह का साहस, देशभक्ति और देश की स्वतंत्रता के लिए बलिदान देने का उनका संकल्प आज भी पीढ़ियों को प्रेरित करता है। ऐतिहासिक दिल्ली विधानसभा परिसर में विठ्ठलभाई पटेल और भगत सिंह को एक साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया जाना भारत की विधायी विरासत और स्वतंत्रता संग्राम के बीच गहरे संबंध की याद दिलाता है। यह वर्तमान पीढ़ी के उस दायित्व को भी रेखांकित करता है कि वह उन लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ बनाए रखे, जिनके लिए अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना जीवन समर्पित किया।

# विकसित भारत-2047 के निर्माण में आर्किटेक्ट्स की अहम भूमिका : संधू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत-2047' के विजन को साकार करने में आर्किटेक्ट्स की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इनोवेटिव, सस्टेनेबल और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने में आर्किटेक्ट्स महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

उक्त विचार राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू ने पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की ओर से आयोजित 'आर्किटेक्चर एक्सीलेंस रिकग्निशन' के 5वें संस्करण को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि देश के निर्माण में आर्किटेक्ट्स और अन्य प्रोफ़ेशनल्स के सक्रिय योगदान से ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार किया जा सकता है। संधू ने आर्किटेक्चर के क्षेत्र से जुड़े प्रोफ़ेशनल्स को पहचान और प्रोत्साहन देने के लिए पीएचडीसीसीआई का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के सम्मान न केवल प्रोफ़ेशनल्स को बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं, बल्कि



उनमें अपने कार्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि जब हम विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो हमारे सामने आधुनिक इमारतों, पुलों, इंफ्रास्ट्रक्चर और समग्र विकास की तस्वीर उभरती है। इन ढांचों को डिजाइन करने और आकार देने में आर्किटेक्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इमारतों के डिजाइन में मदद कर सकता है, लेकिन एक घर केवल ईंट-पत्थरों से नहीं बनता, बल्कि उसमें भावनाएं, संवेदनाएं और व्यक्तिगत आकांक्षाएं भी जुड़ी होती हैं। उन्होंने कहा कि आर्किटेक्ट्स को भविष्य की शहरी चुनौतियों से निपटने के लिए नए सुझावों और इनोवेटिव आइडियाज के साथ आगे आना चाहिए। इस अवसर पर पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के चेयर रजनीश बंसल ने कहा कि 'आर्किटेक्चर एक्सीलेंस रिकग्निशन' का 5वां संस्करण आर्किटेक्ट्स के उत्कृष्ट कार्य को पहचानने और उन्हें प्रोत्साहित करने के प्रति चैंबर की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पीएचडीसीसीआई के डिप्टी सेक्रेटरी जनरल नवीन सेठ ने कहा कि चैंबर ऐसे मंच उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है, जो नए विचारों को प्रोत्साहित करें। काउंसिल ऑफ आर्किटेक्चर, इंडिया के पूर्व अध्यक्ष आर्किटेक्ट हबीब खान (जूरी चेयर), आर्किटेक्ट सुरिंदर बग्गा, आर्किटेक्ट मनमोहन खन्ना, आर्किटेक्ट रितु सिंह, आर्किटेक्ट नीलाक्षी शर्मा, आर्किटेक्ट लोगनाथन और विवेक गुप्ता जूरी में शामिल थे। इस अवसर पर 'लाइफटाइम अचीवमेंट एजुकेटर' पुरस्कार डॉ. प्रभजोत कौर को प्रदान किया गया, जबकि 'लाइफटाइम अचीवमेंट प्रैक्टिसिंग आर्किटेक्ट' सम्मान आर्किटेक्ट जयेश हरियानी को मिला। आर्किटेक्ट एनके नेगी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट हिल आर्किटेक्चर' सम्मान से नवाजा गया, जबकि आर्किटेक्ट सपना कुमार को 'लाइफटाइम अचीवमेंट वुमन आर्किटेक्ट, गवर्नमेंट सर्विस' पुरस्कार प्रदान किया गया। 'लाइफटाइम अचीवमेंट पब्लिक सर्विस' सम्मान आर्किटेक्ट विजय उप्पल को दिया गया।

## पश्चिम चंपारण में बढ़ते जलस्तर पर प्रशासन अलर्ट

बेतिया। पश्चिमी चंपारण में बढ़ते जलस्तर को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। डीएम तरनजोत सिंह के निर्देश पर जिलास्तर से पंचायत स्तर तक अधिकारी लगातार क्षेत्र का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। भितहा प्रखंड के सेमरबारी पंचायत में जिला परिवहन पदाधिकारी अमित राज ने निरीक्षण किया। योगापट्टी के सिसवा मंगलपुर व चौमुखा में वरीय उप समाहर्ता अहमद अली तथा नौतन के मंगलपुर में पीजीआरओ बेतिया मासूम अंसारी ने स्थिति की निगरानी की। बगहा-1 प्रखंड की चखनी पंचायत के राजवटिया में डीपीआरओ ने क्षेत्र का जायजा लिया। वहीं पटजीरवा-बैरिया क्षेत्र में भी स्थिति का निरीक्षण किया गया। डीसीएलआर सदर समेत अन्य पदाधिकारी भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। प्रशासन के अनुसार फिलहाल संबंधित क्षेत्रों में स्थिति सामान्य है। प्रभावित क्षेत्रों में मेडिकल टीमों को अलर्ट रखा गया है। जलस्तर, आवागमन, राहत-बचाव व्यवस्था और प्रभावित आबादी की जरूरतों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# विश्वस्तरीय पर्यटन गंतव्य बन रहा उत्तराखंड : सतपाल महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने विश्व पर्यटन दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उत्तराखंड पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विश्वस्तरीय गंतव्य के रूप में विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से पर्यटन को नया स्वरूप देने की दिशा में प्रदेश में काम किया जा रहा है। सतपाल महाराज ने जारी संदेश में कहा कि राज्य में होम स्टे योजना स्थानीय स्तर पर रोजगार का माध्यम बन रही है। वर्तमान में प्रदेश में छह हजार से अधिक पंजीकृत होम स्टे संचालित हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 100 ट्रेकिंग मार्गों की जीपीएस और जीआईएस मैपिंग के लिए हाल ही में दल रवाना किए गए हैं। इनमें 50 मार्ग गढ़वाल और 50 कुमाऊं के हैं। मैपिंग के आधार पर मोबाइल ट्रेकिंग नेविगेशन ऐप और 'द ट्रेक्स ऑफ उत्तराखंड' कॉफी टेबल बुक तैयार की जाएगी। इससे ट्रेकिंग मार्गों की सटीक जानकारी उपलब्ध होने के साथ सुरक्षा और पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि साहसिक पर्यटन उत्तराखंड की पहचान बन रहा है। 24 से 26 अक्टूबर तक प्रस्तावित आदि कैलाश परिक्रमा-2.0 के अलावा आदि कैलाश- पर्वत क्षेत्र में होने वाले विभिन्न आयोजन उच्च हिमालयी क्षेत्रों को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दे रहे हैं। आदि कैलाश परिक्रमा रन और नीति वैली अल्ट्रा जैसे आयोजनों से सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। नवंबर में प्रस्तावित हिमालयन कार रैली भी इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी। पर्यटन मंत्री ने कहा कि सरकार उत्तराखंड को बारहमासी पर्यटन गंतव्य बनाने के लिए शीतकालीन चारधाम यात्रा, स्नो ट्रेकिंग, एस्ट्रो टूरिज्म और वन्यजीव पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। नवंबर में उत्तराखंड एकता नगर में भारत पर्व तथा लंदन में वर्ल्ड ट्रैवल मार्केट के माध्यम से प्रदेश के पर्यटन की संभावनाओं को देश-दुनिया के सामने रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को 'भारत की आध्यात्मिक राजधानी' के रूप में विकसित करने के लिए रोडमैप तैयार किया गया है। इसके तहत शाक्त, शैव, वैष्णव, विवेकानंद, नरसिंह, गोल्ज्यू, गुरुद्वारा, नवग्रह, नागराजा, हनुमान और महासू देवता सर्किट विकसित किए जा रहे हैं।

**सर्जिकल स्ट्राइक के 10 साल**

# आतंकवाद पर 'जीरो टॉलरेंस' देश की साहसिक नीति का प्रतीक : तार किशोर



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कटिहार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में आतंकवाद के खिलाफ भारत की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को दोहराते हुए वर्ष 2016 की ऐतिहासिक सर्जिकल स्ट्राइक के 10 वर्ष पूरे होने पर विस्तार से चर्चा की गई।

कटिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ कार्यक्रम सुनने के उपरांत बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने कहा कि 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक देश की साहसिक, स्पष्ट और निर्णायक नीति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' ने देशवासियों के व्यवहार, सोच और राष्ट्र निर्माण के प्रति दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव लाकर सरकार के प्रति जन-विश्वास को मजबूत किया है। पूर्व उप मुख्यमंत्री ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के पूर्व अध्यक्ष अशोक सिंघल की जन्म जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि श्री राम जन्मभूमि आंदोलन से लेकर समाज जागरण तक अशोक सिंघल का दृढ़ नेतृत्व और अटूट संकल्प राष्ट्र के पुनर्जागरण में मील का पत्थर रहा है। वार्ताक्रम में प्रधानमंत्री ने गुजरात के ऐतिहासिक मोढेरा सूर्य मंदिर के विध्वंस के 1000 वर्ष पूरे होने का उल्लेख करते हुए मोढेरा के देश का पहला 'सोलर विलेज' (सौर ग्राम) बनने की उपलब्धि साझा की। इसके साथ ही उन्होंने जनगणना को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय जिम्मेदारी बताते हुए नागरिकों से ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की और उत्तराखंड के सीमांत माना गांव से इसके जुड़ाव को साझा किया। महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री ने सुंदरबन (झारखाली) की महिलाओं के साहस की सराहना की, जो मैंग्रोव के जंगल तैयार कर अपनी आजीविका चलाने के साथ-साथ गांव को प्राकृतिक सुरक्षा कवच भी प्रदान कर रही हैं। इसके अलावा उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ के मशहूर आंवला प्रसंस्करण से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की सफलता की भी चर्चा की गई। अपने संबोधन में पीएम ने नशा मुक्ति अभियान, कुपोषण उन्मूलन और स्वच्छता को जन-आंदोलन बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो, अमित गुप्ता, अमित कुमार साह, हृदय शंकर बर्नवाल, कैलाश कुमार मंडल, सिकंदर साह, परिमल झा, रोहित गुप्ता, विकास शर्मा, आलोक ठाकुर, भागवत शर्मा, अरुणाभ चौधरी, राहुल झा और संतोष पोद्दार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## पौड़ी में बारिश का कहर, कोटद्वार में 92 तो चाकीसैंण में 80 मिमी बारिश

**पौड़ी गढ़वाल।** जिले में बीते दो दिनों से जारी बारिश रविवार सुबह तक जारी रही। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार जिले में पिछले 24 घंटे में औसतन 43.10 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सबसे अधिक 92 मिमी बारिश कोटद्वार, 80 मिमी चाकीसैंण, 76 मिमी पौड़ी और 52 मिमी श्रीनगर में दर्ज हुई। लगातार बारिश से नदी-नालों का जलस्तर बढ़ने और भूस्खलन की आशंका बनी हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक थलीसैंण में 40, धुमाकोट में 35, यमकेश्वर में 24, लैंसडौन और चौबट्टाखाल में 11-11 तथा सतपुली में 10 मिमी बारिश हुई। वहीं श्रीनगर में अलकनंदा का जलस्तर 533.70 मीटर दर्ज किया गया, जो चेतावनी स्तर 535 मीटर से नीचे है। ऋषिकेश के त्रिवेणी घाट पर गंगा का जलस्तर 339.20 मीटर रहा। बारिश के चलते जिले के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित हुई है। वहीं, बारिश से जिले के 8 मोटरमार्गों पर बोल्डर व मलबा आने से यातायात ठप पड़ा है। जिन्हें खोलने के लिए जेसीबी मशीने लगाई गई है लेकिन लगातार हो रही बारिश से सड़कों को खोलने में दिक्कतें हो रही है।

# एसआईआर के फैसले सर्वसम्मति से लिए गए, भ्रम फैला रही कांग्रेस : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कांग्रेस पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर संवैधानिक संस्थाओं के संबंध में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने रविवार को कहा कि किसी आंतरिक टिप्पणी को निर्वाचन आयोग के अंतिम निर्णय या संस्थागत मतभेद के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के अनुसार एसआईआर से जुड़े अंतिम निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की पूर्ण आयोग की बैठक हुई थी। बैठक के बाद जारी सूचना को पूरे आयोग की स्वीकृति प्राप्त है। उन्होंने



कहा कि 24 जून 2025 को जारी एसआईआर का मूल आदेश सर्वसम्मति से जारी हुआ था। इसके बाद 12 व फिर 19 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एसआईआर की समय-सारिणी को भी आयोग की सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि एक समाचार पत्र की रिपोर्ट में निर्वाचन आयुक्तों की ओर से विभिन्न विषयों पर आपत्तियां दर्ज किए जाने का उल्लेख किया गया है, लेकिन आयोग का आधिकारिक पक्ष है कि एसआईआर से जुड़े अंतिम आदेश सर्वसम्मति से लिए गए। उन्होंने कहा कि किसी आंतरिक टिप्पणी या आपत्ति को अंतिम संस्थागत निर्णय अथवा संस्थागत मतभेद के रूप में पेश करना उचित नहीं है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आयोग ने कैबिनेट सचिव को लिखे पत्र, फॉर्म-6 और अन्य मुद्दों पर भी स्थिति स्पष्ट की है। उनके अनुसार, एसआईआर के दौरान फॉर्म-6 से जुड़े घोषणा-पत्र को उच्चतम न्यायालय के निर्णय का आधार प्राप्त है, जबकि गैर-एसआईआर अवधि में निर्वाचन नियम, 1960 के तहत निर्धारित सामान्य प्रपत्र ही लागू रहेंगे। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं के नाम का मिलान नहीं हो पाया है या जिनके विवरण में तार्किक विसंगति है, उनके दस्तावेज बूथ स्तर के अधिकारी घर जाकर प्राप्त करेंगे। सामान्य तौर पर उन्हें कार्यालय में व्यक्तिगत सुनवाई के लिए नहीं बुलाया जाएगा। रैन बसेरों में रहने वाले लोगों, श्रमिकों, गरीब और बेघर नागरिकों के लिए सहायता केंद्र एवं विशेष शिविर लगाए जाएंगे। छूटे हुए तथा पहली बार मतदाता बनने वाले नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। धामी ने कहा कि ईसीआईनेट को लेकर उठे सवालों पर भी आयोग ने स्वतंत्र तकनीकी समीक्षा की व्यवस्था की है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063